देवीपाटन मण्डल का प्रथम हिन्दी दैनिक

त्रिगुट

गोण्डा शुक्रवार 26 मई 2023 वर्ष 38 अंक 273 रजि0 नं0 46071/85 (हिन्दी दैनिक समाचार पत्र) फोन/फैक्स–05262-230683 डाक पंजीयन संख्या–NP/GONDA-30/2003 पृष्ठ– 8 मूल्य 2.00 रुपये

उड़ीसा के शिव मंदिरों पर गांजे के प्रसाद पर प्रतिबंध

भुवनेश्वर (ईएमएस)। उड़ीसा के संस्कृति मंत्रालय ने शिव मंदिरों में गांजा चढ़ाने और प्रसाद के रूप में गांजा बांटने पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने सभी 30 जिलों के कलेक्टरों को उक्तशय के आदेश भेज दिए हैं। राज्य सरकार के इस फैसले के बाद उड़ीसा में नया विवाद शुरू हो गया है। संस्कृति विभाग ने यह कदम आध्यात्मिक गुरु और समाज सुधारक पद्मश्री बाबा बलिया के कहने पर उठाया है। इसे शिव मंदिर के पुजारियों और प्रबंधकों द्वारा धर्म के विरुद्ध बताया जा रहा है। शिव मंदिरों में गांजा चढ़ाए जाने की परंपरा पुरातन काल से चली आ रही है। प्रसाद के रूप में भक्त गांजे का भोग लगाते रहे हैं। शिव को मानने वाले सभी साधु संत शिव की आराधना के लिए गांजे का उपयोग करना, धार्मिक और सन्यास परंपरा का अंग मानते हैं। जिसके कारण उड़ीसा में बड़ा विरोध शुरू हो गया है।

नासिरा प्रेस

मालवीयनगर–गोण्डा

मो0–9236750993

हमारे यहां शादी कार्ड, मुण्डन कार्ड, हैण्डबिल, पोस्टर, स्टीकर आदि की छपाई उचित दर पर होती है।

एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।

संक्षिप्त समाचार

ग्रेटर नोएडा में मादक पदार्थ फैक्टरी पर छापा, नौ आरोपी गिरफ्तार

नोएडा (ईएमएस)। ग्रेटर नोएडा में अवैध रूप से नाइजीरियाई नागरिकों द्वारा संचालित मादक पदार्थ फैक्टरी के खुलासे के बाद गिरफ्तार आरोपियों के आतंकी संपर्क की जांच शुरू हो गई है। पुलिस ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नौ आरोपियों में से चार को रिमांड पर लेकर पुलिस गहनता से पूछताछ कर रही है। आतंकी संपर्क की जांच के मद्देनजर खुफिया ब्यूरो (आईबी), राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) की टीम ग्रेटर नोएडा पहुंची और रिमांड पर लिए गए चारों आरोपियों से पूछताछ की। आशंका है कि करोड़ो रुपये का मादक पदार्थ आतंकियों को भेजा जाता था। हालांकि, अभी इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस आयुक्त के प्रवक्ता ने बताया कि रिमांड पर लाए गए चारों आरोपी इमैनुएल, जॉन कोफी, डेनियल अजूह और अजोकू उबाका से पूछताछ की गई। चारों ने दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के अलावा मुंबई, गोवा सहित, विदेश में नशीले पदार्थ की आपूर्ति की बात मानी है। ग्रेटर नोएडा के तीन मंजिला मकान में संचालित मादक पदार्थ फैक्टरी का पुलिस ने 16 मई को भंडाफोड़ किया था। मौके से अफ्रीकी मूल के नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। सभी अफ्रीकी मूल के हैं और नाइजीरिया के रहने वाले हैं। आरोपियों के कब्जे से 300 करोड़ रुपये मूल्य का 46 किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ था। उत्तर प्रदेश पुलिस ने पहली बार मादक पदार्थ की इतनी बड़ी खेप पकड़ी थी।

सभी को सुनने व समझने का बराबर अवसर देना ही सच्ची संसदीय परंपरा -अखिलेश

लखनऊ (ईएमएस)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि ''जहां सत्ता का अभिमान हो, विपक्ष का मान नहीं हो, ऐसी संसद के उद्घाटन में क्या जाना।'' अखिलेश ने ट्वीट किया, भाजपाइयों द्वारा संसद का दिखावटी उद्घाटन नहीं, बल्कि वहाँ पर लिखे 'श्लोकों की मूल भावना को समझना, सभी को सुनने व समझने का बराबर अवसर देना ही सच्ची संसदीय परंपरा है। उन्होंने कहा, ''जहां सत्ता का अभिमान हो परंतु विपक्ष का मान नहीं, वहां सच्ची संसद हो ही नहीं सकती, उसके उद्घाटन में क्या जाना। गौरतलब है कि 19 विपक्षी दलों ने ऐलान किया कि वे संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह का सामूहिक रूप से बहिष्कार करने वाले हैं। उन्होंने मांग की है कि नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से कराना चाहिए।

कांग्रेस का पीएम मोदी पर हमला, अकबर द ग्रेट और मोदी द इनॉग्रेट

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस ने नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला तेज किया है। कांग्रेस ने कहा कि एक व्यक्ति के अहंकार और आत्मप्रचार की इच्छा ने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति को परिसर के उद्घाटन करने के अपने संवैधानिक विशेषाधिकार से वंचित किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट में कहा, कल, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रांची में झारखंड उच्च न्यायालय परिसर में देश के सबसे बड़े न्यायिक परिसर का उद्घाटन किया, लेकिन यह एक व्यक्ति का अहंकार और आत्म-प्रचार की इच्छा है जिसने पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति को 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करने से वंचित किया है। अशोका द ग्रेट, अकबर द ग्रेट और मोदी द इनॉग्रेट। उधर कांग्रेस के हमले के बाद 20 विपक्षी दलों ने पीएम मोदी द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने के अपने फैसले की घोषणा की। कांग्रेस, वामपंथी, टीएमसी, सपा और आप सहित उन्नीस विपक्षी दलों ने उद्घाटन समारोह के बहिष्कार की घोषणा की। विपक्ष के बहिष्कार के आह्वान के बाद, भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने भी तीखा पलटवार किया था, जिसमें विपक्ष के रुख को लोकतांत्रिक लोकाचार और देश के संवैधानिक मूल्यों का घोर अपमान बताया था। दूसरी ओर 19 विपक्षी दलों ने अपने संयुक्त बयान में कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन करने का निर्णय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अपमान है।

सत्येंद्र जैन की तबीयत बिगड़ी, केजरीवाल ने पीएम मोदी को बताया तानाशाह

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन जो बीते 9 माह से ज्यादा वक्त से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं, उन्हें गुरुवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस लेकर आम आदमी पार्टी केंद्र सरकार पर हमलावर है। आप संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस तानाशाही बताया है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ट्वीट किया, जो इंसान जनता को अच्छा इलाज और अच्छी सेहत देने के लिए दिन-रात काम कर रहा था, आज उस उस इंसान को एक तानाशाह मारने पर तुला है। उस तानाशाह की एक ही सोच है, सभी को खत्म कर देने की, वहां सिर्फ मैं में ही जीता है। वहां सिर्फ खुद को ही देखना चाहता है। भगवान सब देख रहे हैं, ईश्वर से सत्येंद्र जी के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। भगवान उन्हें इन विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की शक्ति दें।

टैंकर चालक को लगी झपकी, पेट्रोल टैंकर अनियत्रिंत होकर खाई में गिरा

देहरादून (ईएमएस)। उत्तराखंड में नरेन्द्रनगर से ऋषिकेश की ओर आ रहा एक पेट्रोल टैंकर गुरुवार सुबह सड़क के नीचे खाई में जा गिरा। सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। 108 एंबुलेंस और एसडीआरएफ की टीम को कंट्रोल रूम के माध्यम से घटना से अवगत किया गया। घटनास्थल पर घायलवस्था में एक व्यक्ति सूरज कुमार मिला। सूरज के अनुसार अचानक हमारे साथी टैंकर चालक भूपेंद्र शर्मा को झपकी आ गई। इस कारण टैंकर अनियंत्रित हो गया। टैंकर किनारे लगी लोहे की रेलिंग को तोड़कर खाई में गिर गया। सूरज ने बताया कि उसके पहले ही मैं खिड़की खोल कर बाहर कूद गया। घायल सूरज कुमार को तुरंत 108 एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल नरेंद्र नगर भिजवाया गया। इसके बाद मौके पर उपस्थित एसडीआरएफ टीम के साथ मिलकर रेस्क्यू कर टैंकर चालक भूपेंद्र शर्मा को खाई से बाहर निकाला गया। भूपेंद्र मृत अवस्था में मिला। मृतक और घायल के परिवारजनों को सूचित कर किया गया है।

बैंक के सीनियर क्लर्क की गला रेतकर घर में की हत्या

गोरखपुर (ईएमएस)। गोरखपुर में सीनियर क्लर्क की गला रेत कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। घर के कमरे से ही क्लर्क का खून से लथपथ शव को पुलिस ने बरामद किया। पु?लिस के अनुसार धारदार हथियार से गला रेतकर सीनियर क्लर्क की हत्या की गई है। बुधवार देर रात हुई हत्या की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार मृतक अफरोज अंसारी रेलवे कोऑपरेटिव बैंक में सीनियर क्लर्क के पद पर तैनात था। जब ?कि मृतक के परिजनों ने उसकी पत्नी पर ही हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि मृतक की पत्नी ने अपने अवैध संबंध में बाधक बनने पर पति की हत्या कराई है। मौके से पुलिस ने आरोपी पत्नी समेत आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामला गोरखनाथ थाना क्षेत्र के हुमायूंपुर उत्तरी इलाके का है, जहां देर रात अफरोज अंसारी की गला रेत कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना ?मिलते ही मौके पर पहुंचे एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई और प्रभारी सीओ गोरखनाथ ने घटनास्थल कि मुआयना किया। एसपी बिश्नोई ने बताया कि अवैध संबंधों को लेकर हत्या की बात सामने आ रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

उत्तराखंड को मिली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात, पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी

नई दिल्ली (ईएमएस)। उत्तराखंड के लोगों को आज वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिल गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये दिल्ली-देहरादून वंदे भारत एक्स्प्रेस को हरी झंडी दिखाकर उत्तारखंड के लोगों को समर्पित किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने विद्युतीकृत रेल लाइन खंडों का लोकार्पण भी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड के सभी लोगों को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की बहुत-बहुत बधाई। दिल्ली और देहरादून के बीच चलने वाली यह ट्रेन, देश की राजधानी को देवभूमि से और तेज गति से जोड़ेगी। वंदे भारत से दिल्ली-देहरादून के बीच रेल सफर में अब समय भी काफी कम हो जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि अभी मैं कुछ देर पहले ही तीन देशों की यात्रा करके लौटा हूं। आज पूरा विश्व भारत को बहुत उम्मीदों से देख रहा है। हम भारत के लोगों ने जिस तरह अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, उसने पूरी दुनिया का विश्वास जगा दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है, मुझे याद है। जब मैं बाबा केदारनाथ का दर्शन करने गया था तो दर्शन के बाद अनायास ही मेरे मुख से कुछ पंक्तियां निकली थीं। ये पंक्तियां थीं- ये दशक उत्तराखंड का दशक होगा। उत्तराखंड आज जिस तरह से कानून व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए, विकास को आगे बढ़ा रहा है। वो बहुत सराहनीय है।

कार्यक्रम की शुरुआत में केंद्रीय रेल मंत्री ने लोगों को संबोधित किया और फिर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने संबोधित करते हुए वंदे भारत एक्स्प्रेस ट्रेन सौंपने के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद दिया। सीएम धामी ने कहा कि आज का दिन देवभूमि उत्तराखण्ड के लिए ऐतिहासिक दिन है, यह हम सब का सौभाग्य है कि हम इस दिन के साक्षी बन रहे हैं। पीएम ने कहा कि मुझे विश्वास है कि ये देवभूमि आने वाले समय में पूरे विश्व की आध्यात्मिक चेतना के आकर्षण का केंद्र बनेगी। हमें इस सामर्थ्य के अनुरूप ही उत्तराखंड का विकास करना होगा। गौरतलब है ?कि दिल्ली-देहरादून वंदे भारत ट्रेन बुधवार को छोड़कर सभी 6 दिन चलाई जाएगी। जो देहरादून से सुबह 7 बजे चलेगी और 11.45 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। इसके बाद शाम को 5.50 बजे आनंद विहार से चलकर रात 10.35 बजे देहरादून पहुंचेगी। 314 किलोमीटर का ये सफर वंदे भारत ट्रेन 4 घंटे 45 मिनट में तय करेगी। बता दें कि दोनों शहर की दूरी तय करने में अभी 6 घंटे से ज्यादा का वक्त लगता है। पीएम मोदी ने उत्तराखंड में नव विद्युतीकृत रेल लाइन खंडों का लोकार्पण किया। इससे राज्य का पूरा रेल मार्ग 100 प्रतिशत विद्युतीकृत हो जाएगा।

राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में गोंडा के 8 खिलाड़ी चयनित

गोंडा। आज से 28 मई तक कानपुर में होने वाली राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में एन.जे ताइक्कांडो एकाडेमी रानी बाजार के 8 खिलाड़ी प्रतिभाग करने के लिए कल सुबह रवाना होंगे। जिनमें सीनियर ऐज ग्रुप में राजेश कुमार वर्मा जूनियर एज ग्रुप में इशांन शर्मा ,अंजलि जयसवाल कैडेट एज ग्रुप में सनी उपाध्याय ,अनिका गर्ग ,सार्थक मोदी, अनमोल जोशी एवं सब जूनियर ऐज ग्रुप में शिवा जयसवाल भाग लेंगे। टीम कोच नमन जोशी ने बताया की यह सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में यदि प्रथम आते हैं तो इंडिया ताइक्कांडो के अंतर्गत जुलाई में होने वाली राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे एवं टीम को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए शुभकामनाएं भी दी। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए एवं शुभकामनाएं देने के लिए एन जे ताइक्कांडो एकेडमी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य - श्री श्याम केडिया, श्री जगदीश जोशी, श्री विशाल अग्रवाल ,श्री काली प्रसाद मिश्रा, श्री अटल बिहारी जोशी, इनकम टैक्स वकील श्री पंकज केडिया, श्री हौसला प्रसाद जोशी, श्री परमानंद जोशी, श्री रिकी शर्मा आदि मौजूद रहे ।

प्रधान की हत्या का मामला, नाबालिक ने दिया घटना को अंजाम

गोण्डा - जिले के तरबगंज क्षेत्र में दिन दहाड़े हुई ग्राम प्रधान की हत्या से क्षेत्र में दहशत का माहौल है,एहतियातन मौके पर भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम परियावा के प्रधान भूपमणि शुक्ला को गोली मारने वाला नाबालिक बताया जा रहा है। गुरुवार को भानपुर चौराहे पर चाय पीने गए थे जहां उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि ग्राम प्रधान परियावा भूपमणि शुक्ला एक साथी के साथ भानपुर चौराहे पर एक होटल पर चाय पीने गए थे और चाय पीने के पश्चात वह वहीं एक बाइक पर बैठ गए । इसी दरम्यान वहां पहुंचे एक युवक ने उन्हें गोली मारकर घायल कर दिया,गोली लगने के बाद वह मौके पर ही वह गिर गए और आरोपी मौके से फरार हो गोली लगने से घायल प्रधान को लोगो द्वारा जिला अस्पाताल ले जाया गया जहां पर डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मिल रही जानकारी के मुताबिक घटना का कारण जमीनी विवाद बताया जा रहा है। घटना के बाद वहां अफरा तफरी मच गई। कानून व्यवस्था के मद्देनजर मौके भारी संख्या में पुलिस तैनात है।

नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में शपथ ग्रहण कराने वाले नोडल अधिकारियों का विवरण

01.	नगर पालिका परिषद गोंडा में अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी अपराहन	12.00 बजे।
02.	नगर पालिका परिषद नवाबगंज मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश अपराहन	12.00 बजे।
03.	नगर पालिका परिषद कर्नलगंज नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता अपराहन	12.00 बजे।
04.	नगर पंचायत मनकापुर उप जिलाधिकारी मनकापुर आकाश सिंह पूर्वाहन	10.00 बजे।
05.	नगर पंचायत खरगूपुर उप जिलाधिकारी गोंडा सदर कुलदीप सिंह अपराहन	12.00 बजे।
06.	नगर पंचायत कटरा बाजार उप जिलाधिकारी करनैलगंज हीरा लाल अपराहन	3.00 बजे।
07.	नगर पंचायत तरबगंज उप जिलाधिकारी तरबगंज शत्रोहन पाठक अपराहन	3.00 बजे।
08.	नगर पंचायत धानेपुर अपर उपजिलाधिकारी प्रथम विनोद कुमार सिंह अपराहन	1.00 बजे।
09.	नगर पंचायत परसपुर अपर उपजिलाधिकारी द्वितीय अशोक गुप्ता अपराहन	3.00 बजे।
10.	नगर पंचायत बेलसर उप जिलाधिकारी तरबगंज शत्रोहन पाठक अपराहन	3.00 बजे।

कानपुर हवाई अड्डे को मिलेगा अधिक यात्री क्षमता वाला एक नया सिविल एन्क्लेव, मुख्यमंत्री और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री करेंगे उद्घाटन

कानपुर- डेवलपमेंट कनेक्टिविटी यानी जुडाव से विकास की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी कानपुर एक नया सिविल एन्क्लेव पाने के लिए तैयार है। कानपुर हवाई अड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव का उद्घाटन 26 मई को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मैनपुरी में स्वर्गीय माधवराव जीवाजीराव सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद एक साथ नए टर्मिनल के उद्घाटन के लिए कानपुर हवाई अड्डे जाएंगे। नई टर्मिनल बिल्डिंग की मुख्य विशेषताओं में शामिल हैं- नया टर्मिनल भवन 6243 वर्गमीटर के क्षेत्र में 150 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर बनाया गया है और ये मौजूदा टर्मिनल से 16 गुना बड़ा है। पहले के 50 यात्रियों की तुलना में पीक ऑवर्स के दौरान 400 यात्रियों को संभालने के लिए तैयार किया गया है। यात्रियों के लिए कुशल और त्वरित चेक-इन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए 08 चेक-इन काउंटर। सामान के आसान रखरखाव और संग्रह की सुविधा के लिए 3 कन्वेयर बेल्ट जिसमें से एक प्रस्थान हॉल में स्थित है और दो आगमन हॉल में स्थित है। 850 वर्ग मीटर में फैला एक विशाल कंसेशिनेयर एरिया, जो यात्रियों के लिए खरीदारी और भोजन की विविध रेंज पेश करता है। दृष्टिबाधित यात्रियों की सुविधा के लिए स्पर्श पथ प्रावधान किए गए हैं। टर्मिनल के शहर की ओर, 150 कार पार्किंग स्थान और 2 बस पार्किंग स्थान हैं, जो यात्रियों के लिए पर्याप्त पार्किंग सुविधाएं सुनिश्चित करते हैं। नव विकसित एप्रन 713मी ङ्ग 23मी के एक नए लिंक टैक्सी ट्रैक के साथ-साथ तीन ए-321/बी-737 प्रकार के विमानों की पार्किंग के लिए उपयुक्त है।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन और सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री सेवानिवृत्त जनरल डॉ. वी. के. सिंह, उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष श्री सतीश महाना, उत्तर प्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री और सांसद श्री नंद गोपाल गुप्ता %नंदी%, लोकसभा सांसद श्री देवेंद्र सिंह, लोकसभा सांसद श्री सत्यदेव पचौरी और कानपुर नगर निगम की मेयर श्रीमती प्रमिला पांडे तथा अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कानपुर चमड़ा, कपड़ा और रक्षा संबंधी उत्पादन उद्योगों का एक प्रमुख केंद्र है। यहां कई ऐतिहासिक और पवित्र स्थान हैं और आईआईटी कानपुर, नेशनल शूगर इंस्टीट्यूट, यूपी लैदर एंड टैक्सटाइल टैक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट जैसे विभिन्न प्रमुख शैक्षणिक संस्थान हैं जो बड़ी संख्या में हवाई यात्रियों को आकर्षित करते हैं। वर्तमान में कानपुर मुंबई और बेंगलुरु एयरपोर्ट से सीधे जुड़ा हुआ है। कानपुर, जिसे अक्सर %उत्तर प्रदेश का मैनचेस्टर कहा जाता है, के उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों और देश के दूसरे हिस्सों से जुड़ने की संभावना है। कानपुर हवाईअड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव का टर्मिनल भवन डबल इंसुलेटेड रूफिंग सिस्टम, ऊर्जा की बचत के लिए कैनोपी का प्रावधान, एलईडी लाइटिंग, लो हीट गेन डबल ग्लेज़िंग यूनिट, भूजल तालिका को रिचार्ज करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल उपचार संयंत्र, सीवेज उपचार संयंत्र और भूनिर्माण के लिए पुनर्नवीनीकरण पानी का उपयोग, 100 केडब्लूपी की क्षमता वाला एक सौर ऊर्जा संयंत्र जैसी विभिन्न स्थिरता सुविधाओं से सुसज्जित है। इसे जीआरआईएच-IV रेटिंग प्रदान की गई है, जो देश में सतत विकास और जिम्मेदार संसाधन प्रबंधन को दर्शाने वाली एक राष्ट्रीय ग्रीन बिल्डिंग रेटिंग प्रणाली है। टर्मिनल बिल्डिंग का अग्रभाग शहर और वायुमार्ग दोनों से कानपुर के प्रसिद्ध जेके मंदिर की मंदिर वास्तुकला को दर्शाता है।

एनसीसी की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका -कीर्तिवर्धन सिंह

डा0 कल्पराम त्रिपाठी

गोण्डा। स्थानीय आर पी आदर्श इंटर कॉलेज मनकापुर गोंडा में चल रहे 10 दिवसीय एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आज चौथे दिन गोंडा के सांसद माननीय कीर्ति वर्धन सिंह जी ने प्रशिक्षण शिविर का विधिवत निरीक्षण किया। कैंप कमांडेंट 48 यूपी बटालियन ने माननीय सांसद जी का स्वागत किया और प्रशिक्षण संचालित करने में योगदान करने वाले एनसीसी अधिकारियों एवं सेना के जवानों से परिचय कराते हुए इंटर कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दिया।पूरे शिविर का अवलोकन कराते हुए एनसीसी के विभिन्न क्रियाकलापों सहित भावी योजनाओं के बारे में सांसद महोदय को अवगत कराया। सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि इन एनसीसी युवा कैडेटों का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है और मुझे यहां आकर बहुत ही अच्छा लगा साथ ही 48 यूपी बटालियन एनसीसी गोंडा के कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील को कैंप के सफल संचालन हेतु बधाई दी। कैंप कमांडेंट ने एनसीसी के महत्वपूर्ण बिंदुओं के साथ भविष्य में अधिक से अधिक गोंडा जनपद के एनसीसी कैडेट अपने जीवन में उत्कृष्ट कार्य करें अपने जनपद और देश का नाम रोशन करें। प्रशिक्षण को सफल बनाने में विद्यालय प्रशासन एवं प्रबंधन की सराहना की।

इस प्रशिक्षण शिविर मनकापुर में मेजर राजेश द्विवेदी, मेजर राजाराम, लेफ्टिनेंट हरीनाथ सिंह, लेफ्टिनेंट अमिताभ पांडे, लेफ्टिनेंट डॉ दीपक श्रीवास्तव, सूबेदार मेजर अरविंद कुमार,डॉ विपिन शुक्ला महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं

एडीएम व जिला आपदा विशेषज्ञ ने किया ऐलीपरसोली बंधा का औचक निरीक्षण

निज संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी डॉ0 उज्वल कुमार के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी एवं जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव ने ऐलीपरसोली बंधा का औचक निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान बंधा के समीप सभी गांव की बाढ़ के संबंध में जानकारी ली गई, तथा लोगों से समस्याओं के बारे में जानकारी करते हुए वहां पर उपस्थित संबंधित क्षेत्र के लेखपाल, राजस्व निरीक्षक सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बंधा के किनारे बसे हुए गांव के लोगों को बाढ़ के समय कोई समस्या ना होने पाये। साथ ही गांव के लोगों को बिजली व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था आदि सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के समय गांव वासियों का कोई नुकसान न होने पाए इस पर विशेष ध्यान रखे जाये। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि बाढ़ से पहले सभी

तैयारियां पूर्ण कर ली जाए ताकि बाढ़ के समय किसी प्रकार की कोई समस्या ना होने पाए। इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

जिलाधिकारी के निर्देश पर आज ऐली परसोली बांध पर अपर जिलाधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार चंदन कुमार, राजस्व निरीक्षक ,सिंचाई विभाग के अधिकारी, तथा लेखपाल उपस्थित थे अपर जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि बांध की सुरक्षात्मक उपाय सही समय पर पूर्ण कर लिया जाए तथा बाढ़ से प्रभावित होने वाले लोगों को चिन्हित कर उनका पूरा विवरण तैयार कर लिया जाए बाढ़ चौकी चिन्हित कर लिया जाए पशु हेतु चारे की व्यवस्था कर ली जाए बांसवाड़ा में चयनित कर लिया जाए कंट्रोल रूम की स्थापना कर दी जाए तथा प्रत्येक गांव में बाढ़ से बचाव हेतु क्या करें क्या ना करें के बारे में बताया जाए स्वास्थ विभाग के द्वारा सरवन की दवाएं विशेष रूप से सभी सीएससी पीएससी पर उपलब्ध है।

इस अवसर पर , संबंधित लेखपाल, राजस्व निरीक्षक एवं ग्राम प्रधान सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन की हुई कार्यशाला

निज संवाददाता

गोण्डा। उत्तर प्रदेश शासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा लखनऊ में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन्स सेंटर की स्थापना की गई है इसके संबंध में जिलाधिकारी डॉ उज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। चार साला में वैज्ञानिकों द्वारा रिमोट सेंसिंग (दूर संवेदन), जीआइएस (ग्लोबल इंफार्मेशन सिस्टम) एवं जीपीएस (ग्लोबल पोजिशन सिस्टम) तकनीक के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया गया कि इस तकनीक का उपयोग कृषि, राजस्व, भू-संचय, जल-संचय, प्राकृतिक आपदा, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, सिंचाई विभाग, जल निगम, नलकूप, सड़क, वन में किया जाता है। भुवन पोर्टल पर भी जाकर इस संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त लिडार तकनीक के बारे में भी जानकारी दी गई। नेशनल सेन्टर ऑफ जियोइन्फारमेटिक्स (एनसीओजी) वेब पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों के डाटाबेस के संबंध में बताया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी जनपद में किए जा रहे विकास व निर्माण कार्यों की मैपिंग करते हुए उनको संबंधित पोर्टल पर दर्ज करें।

कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मोली, समस्त उपजिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रश्मि वर्मा, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, डीएसटीओ अरूण कुमार सिंह, सहित अन्य संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

इंटरनेट कंपनी अलीबाबा नौकरियों में कर रही 7 फीसदी की कटौती

हांगकांग (ईएमएस)। चीनी इंटरनेट दिग्गज कंपनी अलीबाबा अपने कर्मचारियों की संख्या में करीब 7 फीसद की कटौती कर रही है। कंपनी विभिन्न व्यावसायिक समूहों के लिए अलग आईपीओ लाने की योजना बना रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में अलीबाबा समूह ने छह व्यावसायिक समूहों में विभाजित होने और अलग-अलग सार्वजनिक लिस्टिंग शुरू करने की योजना बनाई, इससे बड़े पैमाने पर छंटनी हुई। अब, अलीबाबा ने कथित तौर पर छंटनी के बारे में अपने क्लाउड डिवीजन में प्रभावित कर्मचारियों को सूचित करना शुरू कर दिया है। कंपनी प्रभावित कर्मचारियों के लिए विच्छेद पैकेज की पेशकश कर रही है और कुछ कर्मचारियों को अपने व्यावसायिक वर्टिकल के अन्य हिस्सों में स्थानांतरित करने की भी योजना बना रही है। गौरतलब है ?कि पिछले हफ्ते अलीबाबा के सीईओ डेनियल झांग ने अपने क्लाउड डिवीजन के पुनर्गठन की विस्तृत जानकारी दी थी। इससे पहले उन्होंने कहा था कि वह कंपनी को छह व्यावसायिक इकाइयों में विभाजित करने की योजना बना रहा है, और प्रत्येक इकाई धन उगाहने या आईपीओ (प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश) का पता लगाएगी। छह इकाइयों में क्लाउड इंटेलिजेंस ग्रुप, ताओबाओ टमॉल कॉमर्स ग्रुप, लोकल सर्विसेज ग्रुप, कैनियाओ स्मार्ट लॉजिस्टिक्स ग्रुप, ग्लोबल डिजिटल कॉमर्स ग्रुप और डिजिटल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ग्रुप शामिल होंगे। प्रत्येक व्यवसाय इकाई का नेतृत्व उसके अपने सीईओ और निदेशक मंडल द्वारा किया जाएगा। गौरतलब है ?कि पिछले साल अगस्त में, अलीबाबा ने देश में सुस्त बिक्री और धीमी अर्थव्यवस्था के बीच खर्चे में कटौती के प्रयास में लगभग 10,000 कर्मचारियों को बाहर कर दिया।

पीएम मोदी के स्वागत में तिरंगे के रंग में रंगा दिखा ओपेरा हाऊस

सिडनी (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑस्ट्रेलिया के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी के ऑस्ट्रेलिया दौरे का आखिरी दिन है। सिडनी में प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में डिनर का आयोजन किया गया है। डिनर के बाद पीएम मोदी स्वदेश लौट जाएंगे। पीएम मोदी के साथ ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस भी मौजूद हैं। सिडनी हार्बर वहां तिरंगे के रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है। वहीं ओपेरा हाउस भी तिरंगे के रंग में रंगा है। पीएम मोदी के स्वागत में किसी भी तरह की कोई कमी नजर नहीं आ रही है। प्रधानमंत्री मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ओपेरा हाउस पहुंचे। यहां पर दोनों नेताओं ने गर्मजोशी के साथ एक-दूसरे से हाथ मिलाया। दोनों नेताओं को किसी बात पर हंसते हुए देखा गया। पीएम मोदी और अल्बनीज ने मौके पर पहुंचे मीडियाकर्मी को अपनी तस्वीरें क्लिक करने का मौका भी दिया। इस दौरान दोनों नेताओं के फ्रेम में भारत का तिरंगा ओपेरा हाउस पर बने हुए देखा जा सकता है। अपनी यात्रा के दौरान भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों पर कई दौर की चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने तेजी से बढ़ते भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों का वर्णन करने के लिए एक क्रिकेट के लिए इस्तेमाल की जाने वाले उपनाम का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंध टी-20 मोड में आ गए हैं।

भारतीय मूल के युवक ने व्हाइट हाउस के सामने ट्रक से टक्कर मारी

वॉशिंगटन (ईएमएस)। पुलिस ने मिसौरी के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस का मानना है कि व्यक्ति ने जानबूझकर एक ट्रक व्हाइट हाउस के सामने एक पार्क में एक सुरक्षा बैरियर से टकरा दिया। सीक्रेट सर्विस ने कहा कि ट्रक ड्राइवर ने करीब 10 बजे लाफयेट स्क्वायर के उत्तर की ओर बैरियर में टक्कर मार दी। आरोपी की पहचान भारतीय मूल के साईं वार्षित कंडूला के रूप में हुई है, जिसके पास से पुलिस ने हिटलर की पार्टी का नाजी झंडा बरामद किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मामले से जुड़े दो लोगों ने बताया कि दुर्घटना के बाद, कंडूला नाजी झंडे के साथ ट्रक से बाहर निकलकर पुलिस और गुप्त सेवा अधिकारियों के पास आने पर चिल्लाना शुरू कर दिया। जब जांचकर्ताओं ने उससे पूछताछ की तब कंडूला ने बताया कि उसने सरकार पर नियंत्रण कर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को मारने के मकसद से ट्रक से टक्कर मारी थी। पुलिस ने कहा कि 19 वर्षीय कंडूला ने ट्रक को वर्जिनिया में यू-हॉल से किराए पर लिया था और उसके पास ट्रक किराए पर लेने का वैध कॉन्ट्रैक्ट था। यू-हॉल से ट्रक किराए पर लेने के लिए लोगों की उम्र 18 वर्ष होनी चाहिए, कंपनी के मुताबिक उसने ट्रक किराए पर लेने के नियम का पालन किया है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि ड्राइवर ने कम से कम दो बार बैरियर को तोड़ा। दुर्घटना के बाद सीक्रेट सर्विस और मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग के अधिकारियों ने ट्रक की तलाशी ली। जिसके बाद उन्होंने ट्रक से नाजी झंडा बरामद किया।

खालिस्तानी समर्थकों को मोदी ने दी चेतावनी, साजिश बर्दाश्त नहीं

सिडनी (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आष्ट्रेलिया में खालिस्तानी समर्थकों को सख्त चेतावनी दी है। गौरतलब है कि पीएम मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष ने सिडनी में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान मंदिरों पर हालिया हमलों और ऑस्ट्रेलिया में अलगाववादी तत्वों की गतिविधियों पर चर्चा की। पीएम मोदी ऑस्ट्रेलिया के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। द्विपक्षीय बैठक के बाद एक संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा कि ऐसे तत्वों के कार्यों या विचारों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंधों को खतरे में डाल सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम अल्बनीस ने उन्हें भविष्य में उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीस और मैंने अतीत में ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमलों और अलगाववादी तत्वों की गतिविधियों के मुद्दे पर आज भी चर्चा की। हम ऐसे किसी भी तत्व को स्वीकार नहीं करेंगे जो उनके कार्यों या विचारों से भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों के बीच मैत्रीपूर्ण और मधुर संबंधों को नुकसान पहुंचाता है। मोदी ने कहा कि पीएम अल्बनीज ने आज मुझे एक बार फिर आश्वासन दिया कि वह भविष्य में भी ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। अपनी ओर से पीएम अल्बनीस ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया एक बहुसांस्कृतिक देश है और यह लोगों के विश्वास का सम्मान करता है, और इस तरह के हमलों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोनों नेताओं की यह टिप्पणी पिछले कुछ महीनों में ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हुए हमलों की पृष्ठभूमि में आई है।

पीटीआई के महासचिव असद उमर की तत्काल रिहाई का दिया आदेश

इस्लामाबाद (ईएमएस)। उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने बुधवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के महासचिव असद उमर की तत्काल रिहाई का आदेश दिया, जबकि सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव (एमपीओ) की धारा 3 के तहत उनकी गिरफ्तारी को शून्य घोषित कर दिया। अदालत ने राजनेता को हिंसक विरोध प्रदर्शन का हिस्सा नहीं बनने के लिए एक हलफनामा प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया। इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने पीटीआई के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को रिहा करने का भी आदेश दिया, जब उन्होंने अपना हलफनामा जमा किया कि वे आंदोलन करने और कार्यकर्ताओं को उकसाने से दूर रहेंगे। हालांकि, रावलपिंडी की अदियाला जेल से रिहा होने के कुछ मिनट बाद उन्हें फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के खिलाफ देशव्यापी विरोध के बीच हिंसा भड़कने के एक दिन बाद 10 मई को उमर को एमपीओ के तहत आईएचसी परिसर से हिरासत में लिया गया था। गौरतलब है ?कि हिंसक विरोध के फैलने के 24 घंटे के भीतर पीटीआई के कई अन्य शीर्ष नेताओं को भी इस्लामाबाद से हिरासत में लिया गया था।

अमेरिकी आईटी कंपनी ने नौकरी के लिए केवल भारतीयों से आवेदन मांग, लगा 25,500 डॉलर का जुर्माना

वॉशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका में एक आईटी कंपनी पर कथित तौर पर नौकरी का भेदभावपूर्ण विज्ञापन देने और केवल भारतीयों से ही आवेदन मांगने के मामले में 25,500 डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के सहायक अटॉर्नी जनरल ने कहा कि? जब नियोक्ता केवल किसी खास देश के आवेदकों या जिन्हें अस्थायी वीजा की आवश्यकता होती है, उनसे ही आवेदन मांगते हैं, तब वे अन्य योग्य कामगारों को हतोत्साहित करते हैं और उन्हें नौकरी का उचित मौका देने से इनकार करते हैं। न्याय विभाग ने आरोप लगाया था कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनी इंफोसॉफ्ट सोल्यूशन इंक ने नौकरी के लिए 6 भेदभावपूर्ण विज्ञापन देकर आव्रजन एवं नागरिकता कानून (आईएनए) का उल्लंघन किया है।

कार्बन उत्सर्जन में कमीं लाने फ्रांस सरकार ने ट्रेन-प्लेन को लेकर बनाया खास कानून

फ्रांस (ईएमएस)। सरकार ने कार्बन के उत्सर्जन को कम करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। यहां मंगलवार को औपचारिक तौर पर छोटी दूरी के लिए घरेलू विमानों के उड़ान पर रोक लगा दी गई है। उड़ान उन मार्गों के लिए बंद की गई हैं, जहां ट्रेन से सफर किया जा सकता है। नए कानून के तहत ढाई घंटे से कम समय में की जाने वाली यात्राओं के लिए केवल ट्रेन सेवा जारी रहेगी। जबकि विमान की सेवा बंद कर दी गई है। फ्रांस के परिवहन मंत्री क्लेमेंट ब्यून ने मी?डिया को बताया ?कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने की नीति में यह एक आवश्यक कदम है। जब हम अपनी जीवनशैली को डीकार्बोनाइज करने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं, तो हम बड़े शहरों के बीच विमान के उपयोग को कैसे सही ठहरा सकते हैं। कानून के मुताबिक रूट पर ट्रेन की कनेक्टिविटी एकदम ठीक होनी चाहिए। ताकि यात्रियों की जरूरतों को पूरा किया जा सके, नहीं तो फिर लोग हवाई यात्रा करेंगे। इसके अलावा फ्रांस सरकार देश की छोटी यात्राओं के लिए प्राइवेट जेट के इस्तेमाल पर नकेल करने की कोशिश कर रही है। ट्रांसपोर्ट एंड एनवायरनमेंट (टी एंड ई), यूरोपियन फेडरेशन फॉर क्लीन ट्रांसपोर्ट की एक रिपोर्ट में पाया गया कि निजी जेट प्रति यात्री मील कॉमर्शियल फ्लाइट की तुलना में 14 गुना अधिक प्रदूषणकारी हैं और ट्रेनों की तुलना में 50 गुना अधिक खराब हैं। हालांकि, इस कदम ने विमानन उद्योग को परेशान कर दिया है। उद्योग समूह एयरलाइंस फॉर यूरोप (ए4ई) के अंतरिम प्रमुख लॉरेंट डोनसेल ने बताया कि सीओ2 आउटपुट परइन यात्राओं पर प्रतिबंध लगाने से केवल न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकारों को इसके बजाय इस मुद्दे के वास्तविक और महत्वपूर्ण समाधान ढूंढना चाहिए। दुनिया भर की एयरलाइंस कोरोनोवायरस महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, पिछले साल उड़ानों की संख्या 2019 से लगभग 42 फीसदी कम थी।

रुसी के बेलगोरोइड क्षेत्र में नजर आ रही क्षतिग्रस्त इमारतें। यहा ंयूक्रेन से आने वाले लोगों पर से पाबंदी भी हटा ली गयी है।

50 सालों में खराब मौसम के कारण चली गई 520,758 लोगों की जान

ढाका(ईएमएस)। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की एक रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश में खराब मौसम, जलवायु और पानी से संबंधित घटनाओं से 1970 और 2021 के बीच 520,758 मौतें दर्ज की गई हैं। जानकारी के अनुसार, डब्ल्यूएमओ ने चतुर्भुज विश्व मौसम विज्ञान कांग्रेस के लिए रिपोर्ट जारी की, जो मंगलवार को 2027 के अंत तक पृथ्वी पर हर किसी तक प्रारंभिक चेतावनी सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई तेज करने और बढ़ाने पर एक उच्च-स्तरीय संवाद के साथ शुरू हुई। रिपोर्ट में कहा गया है, दुनिया भर में होने वाली सभी मौतों में से 47 प्रतिशत मौतें एशिया में हुईं, इनमें उष्णकटिबंधीय चक्रवात मौतों का प्रमुख कारण हैं। 2008 में उष्णकटिबंधीय चक्रवात नरगिस के कारण 138,366 मौतें हुईं। चरम मौसम, जलवायु और पानी से संबंधित घटनाओं के कारण 1970 और 2021 के बीच 11,778 आपदाओं की सूचना मिली। इसमें 2 मिलियन से अधिक मौतें हुईं और 4 ।3 ट्रिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ।

जारी रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में होने वाली मौतों में से 90 प्रतिशत से अधिक विकासशील देशों में हुई हैं। डब्ल्यूएमओ के महासचिव पेटेरी तालस ने कहा, दुर्भाग्य से सबसे कमजोर समुदाय मौसम, जलवायु और पानी से संबंधित खतरों का खामियाजा भुगतते हैं। महासचिव ने कहा, अतीत में, म्यांमार और बांग्लादेश दोनों ने सैकड़ों हजारों लोगों की मौत का सामना किया। लेकिन प्रारंभिक चेतावनियों और आपदा प्रबंधन के कारण इस प्रकार की मौतों की संख्या में अब कमी आई है।

डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि अकेले संयुक्त राज्य अमेरिका में 1.7 ट्रिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ है, जो 51 वर्षों में दुनिया भर में हुए कुल नुकसान का 39 प्रतिशत है। सबसे कम विकसित देशों और छोटे द्वीपीय विकासशील राज्यों को अपनी अर्थव्यवस्थाओं के आकार के संबंध में अनुपातहीन रूप से अधिक नुकसान का सामना करना पड़ा। बेहतर प्रारंभिक चेतावनियों और समन्वित आपदा प्रबंधन ने पिछली आधी सदी में मानव हताहतों की संख्या में कमी की है, हालांकि आर्थिक नुकसान बढ़ गया है।

जॉर्जी गोस्पोडिनोव के उपन्यास 'टाइम शेल्टर' के लिए मिला अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार

लंदन (ईएमएस)। बुल्गारिया के लेखक जॉर्जी गोस्पोडिनोव और अनुवादक एंजेला रोडेल ने उपन्यास 'टाइम शेल्टर' के लिए अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीता है। 'टाइम शेल्टर' ने पुरस्कार की दौड़ में शामिल पांच किताबों को पीछे छोड़कर यह पुरस्कार जीता है, जो दुनिया भर के उन उपन्यासों को पहचान दिलाता है जिनका अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है। 62,000 डॉलर की पुरस्कार राशि को लेखक और अनुवादक के बीच बांटा जाएगा। 'टाइम शेल्टर' एक ऐसे क्लिनिक की कहानी है, जहां अतीत को एक प्रकार से पुनर्जीवित किया जाता है और इसकी हर मंजिल को एक अलग दशक के तौर पर दिखाया जाता है और इसका मकसद उन लोगों की मदद करना है जो डिमेंशिया (मनोभ्रंश) से पीड़ित हैं

यूएई के बिजनेसमैन ने दिखाई दरियादिली, कर्मचारियों को दिए 30 करोड़ के तोहफे

दुबई (ईएमएस)। यूएई के एक बिजनेसमैन ने दरियादिली दिखाते हुए अपने कर्मचारियों को 30 करोड़ के तोहफे बांटे हैं। भारतीय मूल के बिजनसमैन और एरीज ग्रुप के फाउंडर सोहन रॉय ने अपने कर्मचारियों और उनके परिजनों को 30 करोड़ रुपये का भारीभरकर रिवॉर्ड देने की घोषणा की है। उनका कहना है कि यह कर्मचारियों का शुक्रिया अदा करने का उनका तरीका है। लंबे समय से कंपनी से जुड़े कर्मचारियों को सिल्वर जुबली गिफ्ट के तौर पर यह इनाम दिया गया है। इस ग्रुप की शुरुआत 1998 में हुई थी और इस साल यह 25 साल पूरे कर रही है। जानकारी के मुताबिक पेशे से मरीन इंजीनियर सोहन रॉय ने कहा कि जो कर्मचारी लंबे समय से कंपनी से जुड़े हैं, उन्हें यह इनाम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इनाम देने के लिए कंपनी ने एक मैकेनिज्म बनाया है। इसके तहत उन कर्मचारियों के परिजनों को इनाम दिया जा रहा है जिन्होंने कंपनी में कम से कम पांच साल पूरे कर लिए हैं। कर्मचारियों के माता-पिता, पत्नी और बच्चों को भी इनाम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कंपनी के 25 साल पूरे होने के मौके पर हम अपने कर्मचारियों और उनके परिजनों के सपोर्ट के लिए उनके आभारी हैं। गौरतलब है कि एरीज ग्रुप एक शिप डिजाइन कंसल्टेंसी है जिसमें 2,200 से अधिक प्रोफेशनल काम करते हैं। रॉय का बिजनस कई क्षेत्रों में फैला है। उन्होंने 1998 में कंपनी की स्थापना की थी। साथ ही उन्होंने एक फिल्म का भी डायरेक्शन किया है। उनके ग्रुप ने मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल के स्टूडियो कॉम्प्लेक्स का भी अधिग्रहण किया है।

एआई तकनीक का इस्तेमाल कर धोखेबाज ने खाते में डलवाए 5 करोड़

बिजिंग (ईएमएस)। अब धोखेबाज एआई तकनीक का इस्तेमाल कर फ्रॉड करने का नया तरीका अपना लिया है। चीन में एक व्यक्ति ने ऐसा ही किया। दोस्त ने वीडियो कॉल कर पैसा मांगा, तो शख्स ने उसे 5 करोड़ रुपये दे दिए। बाद में पता चला कि वह उसका दोस्त नहीं था, बल्कि किसी ने एआई तकनीक का इस्तेमाल कर उससे फ्रॉड किया था।

तकनीक ह्यूमन लाइफ को काफी आसान बनाती है। इसके ढेरों फायदे हैं, लेकिन हर नई तकनीक के साथ ही उससे खिलवाड़ करने वाले भी आ जाते हैं। एआई के साथ भी ऐसा ही हुआ है। फ्रॉड करने वाले एआई का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं। वे एआई से फर्जी वेबसाइट बना रहे हैं और फिशिंग मैसेज भेजकर लोगों को लूट रहे हैं। अब फर्जी वीडियो कॉल का मामला भी सामने आ चुका है। एआई का इस्तेमाल कर डीपफेक इमेजेज और वीडियोज बनाई जा रही है। उत्तरी चीन में धोखेबाजों ने डीपफेक तकनीक का यूज कर एक व्यक्ति को 5 करोड़ रुपये का चूना लगा दिया। डीपफेक्स ऐसी ऑनलाइन तस्वीरें और वीडियो होती हैं, तो रियल दिखती हैं और इन्हें गलत सूचनाएं फैलाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उत्तरी चीन में एक स्कैमर ने काफी एडवांस डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल किया और एक व्यक्ति को अपने खाते में पैसे ट्रांसफर करने के लिए मना लिया। स्कैमर ने यहां एआई पावर्ड फेस-स्वैपिंग तकनीक का इस्तेमाल किया और पीड़ित का करीबी दोस्त बनकर उससे फ्रॉड किया। मीडिया की एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। रिपोर्ट के अनुसार बाओटौ शहर की पुलिस ने कहा कि स्कैमर ने वीडियो कॉल करके पीड़ित के दोस्त का रूप धारण किया और उसे 4.3 मिलियन युआन यानी करीब 5 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने को कहा।

इस घटना ने वित्तीय अपराधों को अंजाम देने के लिए एआई के इस्तेमाल को लेकर दुनियाभर में चिंता बढ़ा दी है।

मार्च तिमाही में अशोक लेलैंड का शुद्ध लाभ हुआ 803 करोड़ रुपए

नई दिल्ली(ईएमएस)। वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड का जनवरी-मार्च, 2023 की तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ पांच गुना होकर 802.71 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजारों की यह जानकारी दी। कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि अनुकूल वृहद-आर्थिक कारकों और स्वस्थ मांग आने से वाणिज्यिक वाहन उद्योग उत्साहित है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने की संभावना है। इससे पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 157.85 करोड़ रुपए रहा था। अशोक लेलैंड की परिचालन आय आलोच्य तिमाही में बढ़कर 13,202.55 करोड़ रुपए हो गई जबकि जनवरी-मार्च 2022 की तिमाही में यह 9,926.97 करोड़ रुपए रही थी। मार्च तिमाही में कंपनी का कुल व्यय 12,085.5 करोड़ रुपए हो गया जबकि साल भर पहले की समान तिमाही में यह 9,429.55 करोड़ रुपए रहा था।

चीन में आई कोरोना की नई लहर, सामने आए करोड़ों मरीज

बीजिंग (ईएमएस)। दुनिया कोरोना के भयावह दौर से अब धीरे-धीरे बाहर आ रही है। हालांकि कई जगहों पर बढ़ते मामले इस बात का सबूत हैं कि खतरा अभी टला नहीं है। सबसे बुरा हाल चीन का है जो एक के बाद एक संक्रमण की लहर का सामना कर रहा है। एक बार फिर चीन में कोरोना की नई लहर देखी जा रही है, जिसमें जून के आखिर तक हर हफ्ते 6.5 करोड़ मामले देखे जा सकते हैं। श्वसन रोग विशेषज्ञ झोंग नानशान ने ग्वांगझू की एक बायोटेक कॉन्फ्रेंस में यह खतरनाक भविष्यवाणी की है। झोंग की यह चेतावनी ओमीक्रोन के सबवैरिएंट एक्सबीबी को लेकर आई है जिसके चलते अप्रैल के आखिर से पूरे चीन में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं।

मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार एक्सबीबी के मई आखिर तक हर हफ्ते 4 करोड़ और एक महीने बाद 6.5 करोड़ मामले सामने आने की उम्मीद है। करीब छह महीने पहले ही बीजिंग ने अपने जीरो कोविड प्रतिबंधों को खत्म किया है। नागरिकों के कड़े विरोध के बाद प्रतिबंध हटा तो लिए गए, लेकिन इससे 1.4 अरब लोगों पर वायरस की चपेट में आने का खतरा पैदा हो गया। चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने इस महीने की शुरुआत में अपने साप्ताहिक आंकड़ों को अपडेट करना बंद कर दिया। लिहाजा अब चीन में कोविड-19 स्थिति की वास्तविकता का अंदाजा लगा पाना मुश्किल है।

अगर चीन में कोरोना के मामले बढ़ते हैं तो यह भारत के लिए भी चिंता की बात हो सकती है, क्योंकि जब-जब चीन में कोरोना की लहर आती है, भारत में भी कोरोना मामलों की संख्या में वृद्धि देखी गई है। झोंग के अनुमान से पता चलता है कि चीन में पिछले साल के आखिर और जनवरी में आई पिछली लहर की तुलना में संक्रमण की यह नई लहर ज्यादा म्यूटेड होगी। उस समय एक अलग ओमीक्रोन सबवैरिएंट ने 3.7 करोड़ लोगों को प्रतिदिन संक्रमित किया था। सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों और वीडियो में लाशों और मरीजों से भरे अस्पताल और श्मशान दिखाई दे रहे थे। बड़ी संख्या में लोगों को दवाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा था।

नए उभरते खतरे से निपटने के लिए चीन नए टीकों के साथ अपने वैक्सीन भंडारण को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, जो प्रमुख रूप से एक्सबीबी सब-वैरिएंट से बचाव करते हैं। देश के ड्रग रेगुलेटर ने पहले ही इस तरह के दो टीकों को शुरुआती मंजूरी दे दी है। अन्य तीन या चार को भी जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सलाहकार समूह ने हाल ही में सिफारिश की थी कि इस साल के कोविड-19 बूस्टर शॉट्स को एक्सबीबी सब-वैरिएंट से बचाव के लिए अपडेट किया जाए।

थल सेना प्रमुख मुनीर ने इमरान को उनकी पत्नी बुशरा बीबी और करीबी दोस्त फराह खान गतिविधियों से अवगत कराया

इमरान ने बुजदार और अहसान गुजर के भष्ट्राचार मामले में चुप्पी साधी

इस्लामाबाद (ईएमएस)। महीनों पहले पाकिस्तान के थल सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष और पूर्व पीएम इमरान खान को उनकी पत्नी बुशरा बीबी और उनकी करीबी दोस्त फराह खान की गतिविधियों से अवगत कराया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्व सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री उस्मान बुजदार और अहसान गुजर के कथित भ्रष्ट आचरण के बारे में इमरान को एक डोजियर सौंपा। रिपोर्ट में कहा है कि पूर्व पीएम ने आरोपी मुख्यमंत्री और फराह खान के पति गुजर के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय चुप रहने का विकल्प चुना। सूत्रों ने कहा कि जब जनरल बाजवा ने खान के साथ साक्ष्य साझा किए, तब उन्होंने कहा था कि बुजदार न केवल अक्षम थे, बल्कि वह और उनका परिवार गूजर के साथ भ्रष्टाचार में शामिल थे। जनरल बाजवा ने इमरान से कहा कि वह यह न पूछें कि भ्रष्टाचार का पैसा आखिर कहां गया।

पीटीआई प्रमुख से कहा, कृपया मुझसे आगे न पूछें। आईएसआई के डीजी के रूप में जनरल मुनीर ने इमरान के साथ अपनी जानकारी साझा करने का फैसला किया, तब उन्होंने सबसे पहले जनरल बाजवा से सलाह ली। प्रारंभ में, यह तय किया गया था कि वे दोनों इमरान खान के साथ एक बैठक करने और उनके साथ सबूत साझा करे और उनसे अपने परिवार को एक निश्चित संपत्ति टाइकून से दूर रखने का अनुरोध करे। हालांकि, जनरल बाजवा के दौरे पर जाने के बाद, जनरल असीम ने उनकी अनुपस्थिति में खान को विवरण बताया। खबरों के मुताबिक, इमरान खान गुस्से में थे और जनरल बाजवा के लौटने पर उनसे शिकायत की। पूर्व प्रधानमंत्री जनरल आसिम को हर कीमत पर पद से हटाने के लिए कृतसंकल्प थे। रिपोर्ट के मुताबिक इसके बाद जनरल मुनीर को आईएसआई के महानिदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति के आठ महीने बाद ही पद से हटा दिया गया था। घोषणा करने के लिए एक कार्य दिवस की प्रतीक्षा भी नहीं की गई थी। अपने स्वयं के घर को व्यवस्थित करने के बजाय, इमरान खान अपने राजनीतिक विरोधियों को गिरफ्तार करने में सेना की भूमिका पर भी जोर दे रहे थे और कथित तौर पर अक्सर दिवंगत राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का उदाहरण देते थे। जनरल असीम सरकार के सुचारू कामकाज के लिए राजनीतिक विरोधियों के साथ कामकाजी संबंध की सिफारिश की। हालांकि, विपक्ष पर लगाम लगाना इमरान खान की सर्वोच्च चिंता थी। जब उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद को आईएसआई का महानिदेशक नियुक्त किया, तब उसी समय पीएमएल-एन और पीपीपी नेताओं की गिरफ्तारी शुरू हुई थी।

मलेशिया में इंटरनेशनल मैरीटाइम व एयरोस्पेस प्रदर्शनी में करतब दिखाते हुए विमान।

कामिरिता ने 28वीं बार जीता माउंट एवरेस्ट, बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

काठमांडू (ईएमएस)। नेपाली पर्वतारोही कामिरिता शेरपा ने नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 28वीं बार माउंट एवरेस्ट फतह कर विश्व की सर्वाधिक ऊंची चोटी पर सबसे अधिक बार चढ़ाई करने के अपने ही रिकार्ड को तोड़ दिया। कामिरिता शेरपा ने करीब एक सप्ताह पहले ही यह रिकार्ड बनाया था। जानकारी के अनुसार 'माउंटेन' गाइड कामिरिता शेरपा (53) मंगलवार सुबह करीब 9ः20 बजे 8848.86 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। इस पर्वतारोहण अभियान का आयोजन करने वाले 'सेवन समिट ट्रेक' के प्रबंधक छांग दावा शेरपा ने यह जानकारी दी। कामिरिता ने इस मौसम में दूसरी बार माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई की। इससे पहले उन्होंने 17 मई को 27वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। उसके एक दिन बाद ही कामिरिता ने एक बार फिर सर्वाधिक बार दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंचने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज उतरी रिटेल कारोबार में, चीन की कंपनी से किया एग्रीमेंट

नई दिल्ली(ईएमएस)। भारत के दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी रिटेल कारोबार में आने की तैयारी कर रहे हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अंबानी ने चीन की कंपनी शीन के साथ लाइसेंस एग्रीमेंट साइन किया है। इस समझौते के तहत चीन की ऑनलाइन फास्ट फैशन रिटेलर कंपनी शीन अपनी टेक्निक शेयर करेगी। शीन कंपनी का समझौता मुकेश अंबानी की रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड के साथ हुआ है। इस समझौते के तहत चीन की यह कंपनी भारत में अपने कदम रखने जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मुकेश अंबानी की रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड भारत के ग्राहकों के लिए अलग से शीनइं ?डियाडॉटइन नाम से ऐप शुरू करेगी। गौरतलब है ?कि चीन की शीन कंपनी को भारत में बैन कर दिया गया था। पिछले करीब तीन वर्षों से कंपनी पर बैन लगा था। दरअसल भारत सरकार ने चीन से सीमा पर तनाव के बाद जून 2020 में शीन कंपनी को बैन कर दिया था। अब रिलायंस रिटेल के साथ साझेदारी के साथ शीन फिर से भारत में कामकाज शुरू करने जा रही है। जानकारी के अनुसार दोनों कंपनियों के बीच हुए समझौते के मुताबिक शीन रिलायंस रिटेल की सोर्सिंग कैपेसिटी, वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल कर सकती है। रिलायंस रिटेल के ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टोर के शानदार पोर्टफोलियो का भी शीन को फायदा मिलने वाला है। चीन की कंपनी शीन सस्ती कीमतों पर ट्रेंडिंग और स्टाइलिशन कपड़े उपलब्ध कराती है। इस वजह से यह महिलाओं के बीच काफी फेमस है।

शीन लोकप्रिय शॉपिंग प्लेटफार्म में से एक है। चीन की कंपनी शीन अभी यूएसए में ओवर सोर्सिंग के रूप में कुछ बाजारों में जांच का सामना कर रही है। शीन वुमन गारमेंट और अन्य ड्रेस के लिए मिलेनियल्स के बीच काफी फेमस है। यहां किफायती दाम पर फैशनेबल कपड़े मिलते हैं।

व्यापार और निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन पर पीएम मोदी और अल्बनीज ने की बात

सिडनी/नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज ने बुधवार को द्विपक्षीय वार्ता की और रक्षा व सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग, व्यापार और निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा, हर

संक्षिप्त समाचार

बद्रीनाथ में जमीन 1 फुट धंसी जोशीमठ की दरारें बढ़ी

देहरादून (ईएमएस)। उत्तराखंड में प्राकृतिक प्रकोप दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है।बद्रीनाथ और आसपास के क्षेत्र की जमीन 1 फुट तक नीचे धंस गई है। बद्रीनाथ के मुख्य बाजार में जमीन धंसने के कारण कुछ दुकानों को वहां से हटा दिया गया है। कई स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाकर आवागमन को रोका गया है।

उत्तराखंड क्षेत्र में हो रही भारी तोड़फोड़ का असर बद्रीनाथ इलाके में सबसे ज्यादा पड़ा है। मास्टर प्लान के तहत अलकनंदा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का काम जोर-शोर से चल रहा है। इसका असर यहां पर बड़े पैमाने पर बढ़ रहा है। प्रोफेसर एसपी सती का कहना है कि मास्टर प्लान के तहत जगह - जगह खुदाई की गई है। इससे जो गड्ढे बने हैं। उसमें पानी का रिसाव तेजी के साथ हो रहा है।जिसके कारण यहां पर जमीन धंसने के मामले बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। उन्होंने सरकार को सुझाव दिया है, कि प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा दीवारों का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए। वरना इस क्षेत्र को बचा पाना मुश्किल होगा।

- नैनीताल में भी दिखा असर

नैनीताल के माल रोड टिफिन टॉप में भी जमीन धंसने के कई मामले सामने आए हैं।माल रोड,टिफिन टॉप और नैना पीक में भी जमीन धंसने के मामलों की जांच की जा रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार ने सर्वे का काम शुरू कर दिया है। नैनीताल की आबादी पर भी बड़ा खतरा देखने को मिल रहा है।

-बद्रीनाथ का प्रभावित क्षेत्र

बद्रीनाथ में पांच भैया मोहल्ले का मुख्य बाजार सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है।यहां पर आवाजाही को रोक दिया गया है। नारायण पुरी की दुकानों को भी यहां से हटाया गया है। बामणी गांव के पैदल मार्ग में भारी दरारें देखने को मिल रही है। बद्रीनाथ इलाके में अभी भी तोड़फोड़ चल रही है।जिसके कारण यहां के लोगों में भारी दहशत है। स्थानीय प्रशासन और सरकार का कहना है, कि इसका असर 4 धाम की यात्रा पर नहीं पड़ेगा। लेकिन जिस तरह से यहां पर मकानों की दरारें बढ़ रही हैं। जमीनों पर जगह-जगह दरारें देखने को मिल रही है। उससे लोगों में भय फैल रहा है।

भारत ने मुश्किल समय में जिसका दिया साथ, उसी देश ने दिया धोखा

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत जिस देश को अपना सबसे अजीज दोस्त मानता हो, अगर वहीं धोखा दे जाए, तब फिर क्या ही कहा जाए। कुछ ऐसी ही मिस्त्र ने किया है। 22 मई को मिस्त्र की तरफ से कोई भी डेलीगेट्स जी20 मीटिंग में नहीं पहुंचा, तब पाकिस्तान की खुशी का ठिकान ही नहीं रहा। मिस्त्र के अलावा तुर्की और सऊदी अरब भी बैठक में शामिल नहीं हुए। हालांकि तुर्की और सऊदी की पाकिस्तान से दोस्ती किसी से छुपी नहीं है। लेकिन भारत के करीबी मिस्त्र का बैठक से दूरी बना लेना समझ से परे है। बता दें कि मिस्त्र जी20 का सदस्य नहीं है। लेकिन मिस्त्र को बतौर गेस्ट मीटिंग में शामिल होने का न्यौता मिला था। इसके बावजूद मिस्त्र इस बैठक में शामिल नहीं हुआ। अब मिस्त्र के फैसले के पीछे कश्मीर में बैठक का आयोजन किया जाना है या कुछ और ये तब अभी तक साफ नहीं हुआ है। लेकिन पाकिस्तान मिस्त्र के इस फैसले से फूला नहीं समा रहा होगा। शायद पाकिस्तान मिस्त्र के नहीं आने को अपनी कूटनीतिक जीत भी मान बैठा हो। पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो मुस्लिम देशों से लगातार गुहार लगा रहे थे कि इस बैठक से दूरी बनाए। लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, ब्राजील सहित कई देशों ने बिलावल की अपील ठुकरा दी। भारत और मिस्त्र के बीच सिर्फ राजनायिक ही नहीं, बल्कि बड़ा व्यापारिक सहयोग भी है। मिस्त्र की आर्थिक स्थिति भी पाकिस्तान की तरह ही बदहाल है और भारत एक दोस्त की भूमिका अच्छे से निभा रहा है। भले ही मिस्त्र एक मुस्लिम देश है, लेकिन वहां हमेशा से ही पाकिस्तानी नीतियों और आतंकवाद की खिलाफत करता रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ने से वैश्विक बाजार में गेहूं की किल्लत हो गई। जिससे इसके दाम आसमान छूने लगे। इसके बाद उसके लिए अपने देश के लोगों के लिए गेहूं उपलब्ध कराना एक चुनौती बन गई। इस मुश्किल समय में भारत मिस्त्र की मदद के लिए आगे आया। उसने मिस्त्र को रियायती दरों पर सैकड़ों टन गेहूं उपलब्ध कराया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अप्रैल 2022 में भारत-मिस्त्र के बीच 10 लाख टन गेहूं की सप्लाई को लेकर बात हुई थी।

जेल से रिहाई के बाद पहली बार सीएम नीतिश से मिले आंनद मोहन

पटना (ईएमएस)। डीएम जी कृष्णैया हत्याकांड मामले में उम्रकैद की सजा काटकर जेल से रिहा हुए बाहुबली नेता और पूर्व सांसद आनंद मोहन की पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात हुई। आनंद मोहन मुख?यमंत्री के पटना स्थित आवास पहुंचे, जहां दोनों के बीच आधे घंटे तक बातचीत हुई। इसके पहले बीती शाम उन?होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से भी मुलाकात की थी। हालांकि, आनंद मोहन को लेकर महागठबंधन की सरकार में क्या खिचड़ी पक रही है, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं है। मुलाकात के बाद आनंद मोहन ने एक औपचारिक मुलाकात बताया है। बता दें कि आनंद मोहन को साल 1994 में गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी कृष्णैया हत्याकांड में दोषी ठहराते हुए मौत की सजा हुई थी, इस बाद में हाईकोर्ट ने उम्रकैद में तब्दील किया था। नीतिश सरकार ने गत 10 अप्रैल को बिहार प्रिजन मैनुअल में संशोधन करके उस उपबंध को हटाया, जिसमें ड्यूटी के दौरान लोकसेवक की हत्या के जुर्म में दोषी की समय पूर्व रिहाई और माफी की रोक की थी। जेल नियमों में बदलाव के बाद आनंद मोहन की रिहाई का रास्ता साफ हुआ और 27 कैदियों को बिहार के जेलों से रिहा किया गया। जी कृष्णैया की पत्नी उमा देवी ने बिहार सरकार के फैसले का विरोध कर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। उमा देवी ने अपनी याचिका में कहा उम्रकैद का मतलब जीवन पर्यन्त कैद होता है। सुप्रीम कोर्ट भी अपने कई पूर्व फैसलों में यह बात कह चुका है। याचिका में आनंद मोहन की रिहाई का आदेश रद्द करने की मांग की गई है। साथ ही कहा गया है कि इसतरह के मामले में माफी देकर समय से पूर्व रिहाई नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को कृष्णैया हत्याकांड में उम्रकैद की सजा पाए बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन की समय से पूर्व रिहाई देने से संबंधित मूल रिकॉर्ड पेश करने का निर्देश दिया है। अब इस मामले में आठ अगस्त को अगली सुनवाई होगी।

कांग्रेस नेता चौधरी ने दिया विवादित बयान, वह मोदी नहीं, पगला मोदी

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी ने 2,000 रुपये के नोटों को वापस लेने पर केंद्र की आलोचना कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित टिप्पणी कर दी है। लोकसभा सांसद ने कहा कि फिर से, अचानक, उन्होंने (पीएम मोदी) ने 2,000 रुपये के नोटों को बंद करने की घोषणा की। वह मोदी नहीं, पगला मोदी है। लोग उन्हें पगला मोदी कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था पहले से ही लड़खड़ा रही है और उसने स्थिति को और खराब करने के लिए यह कदम उठाया है। चौधरी ने कहा कि जनता इस सरकार से पूरी तरह से निराश है। अब, लोग आवाज उठा रहे हैं, वे कह रहे हैं कि उनके (भाजपा) खिलाफ लड़ने के लिए सभी (राजनीतिक दलों) को कांग्रेस के नेतृत्व में एक साथ आना होगा।

क्लेट की परीक्षा हिंदी में क्यों नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत की 23 यूनिवर्सिटी में प्रवेश के क्लेट परीक्षा अंग्रेजी भाषा में आयोजित की जाती है। दिल्ली हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका हिंदी भाषा में परीक्षा लेने के लिए दायर की गई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने कंसोट्रियम आफ एनएलयूज से जवाब मांगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कंसोट्रियम से पूछा है, मेडिकल और जेईई जैसी परीक्षाएं हिंदी भाषा में हो सकती हैं। तब ला स्कूलों में प्रवेश के लिए अंग्रेजी भाषा में प्रवेश परीक्षा क्यों आयोजित की जा रही हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी से ला के छात्र सुधांशु पाठक ने वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत मेहता के माध्यम से यह याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में दायर की है।

निर्दलीय और गैर मान्यता प्राप्त दलों के लिए 193 चुनाव चिन्ह

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय चुनाव आयोग ने निर्दलीय और गैर मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवारों के लिए 193 मुख्य चुनाव चिन्ह जारी किए हैं। जो निर्दलीय उम्मीदवारों तथा गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों को आवंटित किए जा सकेंगे। जो उम्मीदवार गैर मान्यता प्राप्त दल और निर्दलीय के रूप में लड़ते हैं। उनके लिए छड़ी बेबी बाकर एयर कंडीशनर गुब्बारा चूड़ियां बिस्कुट बेल्ट टोर्च मोतियों का हार दूरबीन साइकिल का पंप सीटी खिड़की सुई तरबूज अखरोट बटुआ सारंगी जैसे चुनाव चिन्ह रिजर्व रखे गए हैं।

नीति आयोग के इन्डीकेटर्स के समीक्षा हेतु डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

त्रिगुट संवाददाता

बहराइच । आकांक्षात्मक जनपदों के लिए नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांको, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास, आधारभूत संरचना इत्यादि की समीक्षा हेतु मंगलवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान सूचकांको की प्रगति की जानकारी प्रदान करते हुए मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने समस्त सेक्टरों व उसके अन्तर्गत आने वाले संकेताकों, पोर्टल पर फीडिंग की प्रकिया इत्यादि की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि माह मार्च में 31वीं समग्र डेल्टा रैंकिंग, स्वास्थ्य एवं पोषण सेक्टर में 40वीं, शिक्षा सेक्टर में 108, कृषि सेक्टर में 14 आधारभूत आंकड़ा सेक्टर में 53, तथा वित्तीय सहायता व कौशल विकास सेक्टर में 8वीं डेल्टा रैंकिंग प्राप्त हुई है। स्वास्थ्य विभाग के सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा में पाया गया कि कुछ संकेतांकों के प्रगति में माह अप्रैल में कमी आयी है। इस सम्बंध में जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आकड़ों की पुष्टि कर विभागीय पोर्टल से मिलान करते हुए प्रगति में अपेक्षित सुधार लाये जाने तथा विवरण उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस सम्बंध में अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि अपने विभागीय पोर्टल के अनुसार ही प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराये।नीति आयोग से अतिरिक्त आवंटन के रूप में प्राप्त धनराशि अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा में कार्यदायी संस्था पैक्सफेड द्वारा अवशेष 4 हेल्थ सब सेन्टरों के अपग्रेडेशन का कार्य पूर्ण न होने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि कार्य को अविलम्ब निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर उपयोगिता प्रमाणपत्र उपलब्ध कराये। बैठक में अनुपस्थित अधि0अभि0 पैक्सफेड का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के भी निर्देश दिये गये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अल्ट्रासाउंड मशीन का क्रय की कार्यवाही पूर्ण कर उपभोक्ता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। टिशु कल्चर लैब के सत्यापन कार्य पूर्ण कराकर यू.सी. प्रेषित किये जाने का निर्देश दिया गया। स्किल डेवलपमेन्ट सेन्टर (ऑडिटोरियम) हेतु कपूरथला में चिन्हित भूमि में बने जर्जर भवन के डिमॉलिश हेतु शासन से हुए पत्राचार

की अद्यतन स्थिति की जानकारी लिया गया तथा इसके लिये अन्य भूमि को चिन्हित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। सी.एस.आर. फण्ड के अर्न्तगत कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ एस.के. सिंह, डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए पी. एन. यादव, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, सीवीओ डॉ राजेन्द्र प्रसाद, डीएसटीओ डॉ अर्चना सिंह, डीपीओ राजकपूर, डीसीएनआरएलएम रमेन्द्र कुशवाहा, सचिव मण्डी धनन्जय सिंह, प्राधानार्य आईटीआई प्रदीप अग्निहोत्री, डीपीएम, एनएचएम सरजू खान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

आवैसी ने कहा, नए संसद भवन के उद्घाटन स्पीकर ओम बिरला करें

सीएम सरमा ने कहा...विपक्ष का यहां एक नाटक

नई दिल्ली (ईएमएस)। नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर सियासी संग्राम छिड़ हुआ है। अब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संसद भवन के उद्घाटन को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राष्ट्रपति को समारोह में नहीं बुलाने को लेकर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान बताया है। राहुल गांधी ने ट्वीट कर लिखा है कि राष्ट्रपति से संसद का उद्घाटन न करवाना और न ही उन्हें समारोह में बुलाना, यह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है। राहुल गांधी ने कहा कि संसद अहंकार की ईंटों से नहीं बल्कि संवैधानिक मूल्यों से बनी है।

वहीं, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी केंद्र पर हमला किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को इसका उद्घाटन नहीं करना चाहिए। अगर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला नए संसद भवन का उद्घाटन नहीं करते हैं, एआईएमआईएम समारोह में शामिल नहीं होगी। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने विपक्ष द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बहिष्कार तब होना ही था। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि भवन का निर्माण इतनी जल्दी पूरा हो जाएगा।

सिर्फ अपना चेहरा बचाने के लिए बहिष्कार का नाटक कर रहे हैं। सरमा ने कहा कि इस दिन वीर सावरकर की जयंती है। यह उनके लिए समारोह का विरोध या बहिष्कार करने का एक और कारण हो सकता है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह के बयान पर छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि संसद भवन ब्रिटिश कार्यकाल के पहले बना था और राष्ट्रपति भवन ब्रिटिश काल में बना हुआ है, तब उसका उद्घाटन इंदिरा गांधी कैसे करती ? अगर कोई उसके एक हिस्से का उद्घाटन करता है, तब अलग बात है, लेकिन पूरे संसद का उद्घाटन करना अलग बात है। पहले जो बना था उस नया बनाया गया है, तब हमारी मांग थी कि उसका उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा किया जाना चाहिए। राहुल का ये बयान कांग्रेस, आप और टीएमसी सहित 19 विपक्षी दलों द्वारा नए संसद परिसर के उद्घाटन समारोह के बहिष्कार को लेकर आया है।

फरीदाबाद में गिरने लगी तेज बारिश, नोएडा, दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम

नई दिल्ली (ईएमएस)। एक ओर जहां फरीदाबाद में तेज बारिश शुरु हो चुकी है, वहीं नोएडा स ?हित दिल्ली-एनसीआर में मौसम खुशगवार हो गया है। यहां भी बादल बरसने को तैयार हैं। गौरतलब है ?कि यहां बीते तीन दिनों से झुलसाने वाली गर्मी के बाद आज बुधवार को मौसम का मिजाज बदल गया है। दिल्ली से सटे फरीदाबाद में अचानक तेज बारिश होने से गर्मी से राहत महसूस की जा रही है। फरीदाबाद के कल अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस था। अब बारिश होने से तापमान 35 डिग्री पहुंच गया है और मौसम सुहावना हो गया है। वहीं, दिल्ली और नोएडा में भी आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। इससे पहले कल यानी मंगलवार को दिनभर खिली तेज धूप के कारण सात जगह पर लू भी चली, पर देर शाम धूल भरी हवा चलने से भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग का अनुमान है कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण बुधवार से चार-पांच दिन तक मौसम का रुख बदला रहेगा। गौरतलब हि कि मंगलवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा 43.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अच्छी पैदावार के लिए बीज शोधन आवश्यक

जिले में 16 मई से 15 जून तक संचालित होगा बीजशोधन अभियान

बहराइच । जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रियानन्दा ने बताया कि बीज के अच्छे जमाव व भूमि जनित रोगों से बचाव के लिए बीजशोधन/भूमिशोधन का अधिक महत्व है। बीज सोधन से फसलों को रोगों से सुरक्षा प्रदान कर अधिक पैदावार प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने किसानों को सलह दी है कि आगामी खरीफ फसल में बेहतर उत्पादन के लिए बीजशोधन अवश्य करें। बीज शोधन के अभाव में फसलो में कई फफूंदजनित/जीवाणुजनित रोगो का प्रकोप देखा जाता है। रोगकारक फफूँदी व जीवाणु बीज से लिपटे रहते है या भूमि में पड़े रहते हैं। जिससे बीज बोने के बाद फफूँदी अपने स्वभाव के अनुसार नमी प्राप्त होते ही उगते बीज, अंकुर या पौधों के विभिन्न भागों को संक्रमित करके रोग उत्पन्न कर देते हैं। रोगो से फसलो को बचाने के लिए बीज उपचार/बीजशोधन ही एकमात्र सरल सस्ता व सुरक्षात्मक उपाय है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि बीजशोधन/भूमिशोधन के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए जिले में 16 मई से 15 जून 2023 तक बीजशोधन अभियान चलाया जा रहा है। प्रियानन्दा ने जिले के कृषकों को सुझाव दिया है कि बीजशोधन के लिए फफूँदीनाशक रसायनो जैसे थीरम 75 प्रति अथवा कार्बण्डाजिम 50 प्रति अथवा कार्बाक्सिन 37.5 प्रति को 2-3 ग्राम रसायन प्रति कि.ग्रा बीज की दर से एवं बायोपेस्टीसाइड जैसे ट्राइकोडर्मा हारजेनियम 4 ग्रा./कि.ग्रा. अथवा सूडोमोनास 10ग्रा./कि.ग्रा बीज की दर से उपचारित कर बुवाई करें। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि धान की फसल में जीवाणुजनित झुलसा रोग लगने पर पत्तियाँ नोक से अथवा किनारे से सूख जाती है, सूखे हुए किनारे अनियमित एवं टेढे-मेढे हो जाते हैं, जिससे बचाव हेतु स्टेप्टोमाइसिन सल्फेट 90 प्रति. एवं टेट्रा साइक्लीन 10 प्रति. की 4 ग्रा. मात्रा 25 कि.ग्रा. बीज की दर से बीजशोधन कर बुवाई करना चाहिए। इसी प्रकार झोका रोग में पत्तियो पर आँख की आकृति के धब्बे बन जाते है जो बीच में राख के रंग के तथा किनारे पर गहरे कत्थई रंग के होते है, इनके अतिरिक्त बालियो डण्ठलो पर काले भूरे धब्बे बन जाते है। झौका रोग से बचाव हेतु किसानों को सुझाव दिया गया है बोआई से पूर्व बीज को तीन ग्राम थीरम अथवा 2 ग्राम कार्बण्डाजिम प्रति. कि.ग्रा. बीज की दर से बीजशोधन करना चाहिए। बीजशोधन हेतु ट्राइकोडर्मा हारजेनियम जनपद की समस्त कृषि रक्षा इकाईयो पर एवं कृषि रक्षा रसायन थीरम, कार्बण्डाजिम, ट्राइकोडर्मा हारजेनियम स्टेप्टोमाइसिन सल्फेट आदि सम्बद्व विकासखण्ड के कृषि रक्षा से सम्बन्धित निजी प्रतिष्ठानो पर पर उपलब्ध है।

कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि बीजशोधन हेतु ट्राईकोडर्मा हारजेनियम जिले की समस्त कृषि रक्षा इकाईयों पर एवं कृषि रक्षा रसायन थीरम, कार्बण्डाजिम, ट्राईकोडर्मा हारजेनियम, स्टेप्टोमाइसिन सल्फेट आदि समस्त विकास खण्ड के कृषि रक्षा से सम्बन्धित निजी प्रतिष्ठानों पर उपलब्ध हैं। प्रियानन्दा ने किसानों को यह भी सलाह दी है कि फसलों में कीट/रोग के लगने की दशा में रोगग्रस्त फसल/पौधे के फोटो के साथ विभागीय पी.सी.एस.आर.एस. मो.नं 9452247111 एवं 9452257111 पर व्हाटसएप अथवा मैसेज के माध्यम से शिकायत कर सकते हैं। सभी किसानों से यह भी अपेक्षा की गयी है कि समस्या लिखते समय अपना पूरा नाम व ग्राम, विकास खण्ड एवं तहसील आदि के नाम सहित पूरा पता भी अवश्य अंकित करें। उन्होंने बताया कि समस्या का समाधान 48 घंटे के भीतर कर दिया जायेगा।

भाजपा, देश की सामाजिक एकता को मिटाने का काम कर रही है- नाना पटोले

मुंबई, (ईएमएस)। भारत की संस्कृति गंगा-जमुना तहजीब की रही है, जहां हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई समेत सभी धर्म और जाति के लोग आपसी सद्भाव से रहते हैं। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने इस बात की कड़ी आलोचना की है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद पिछले 9 सालों से देश की असली पहचान को मिटाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने यह बात बुधवार को पार्टी मुख्यालय तिलक भवन में आयोजित महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारिणी की बैठक में कही। इस बैठक में पटोले के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व मंत्री नसीम खान, राज्य अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष और विधायक वजाहत मिर्जा, विधायक अमीन पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय राठौड़, पूर्व विधायक हुस्न बानो खलीफा, एआईसीसी समन्वयक खान, राज्य महासचिव मुनाफ हकीम, इब्राहिम भाईजान समेत प्रदेश भर के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे। इस बैठक का मार्गदर्शन करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि भाजपा सरकार देश में लोकतंत्र और संविधान को ख़त्म करने का काम कर रही है। भाजपा जाति और धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है लेकिन देश की जनता भाजपा के इस पाखंडी चेहरे को पहचान चुकी है। बीजेपी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हिजाब जैसे कई धार्मिक मुद्दे उठाए थे. लेकिन जिन नेताओं ने धार्मिक मुद्दों पर जोर दिया, उनकी जमानत जब्त हो गई। कर्नाटक की जनता ने भाजपा की कट्टर राजनीति की कोशिश को पूरी तरह से नकार दिया है। बीजेपी डबल इंजन की सरकार पर जोर दे रही है लेकिन मणिपुर में डबल इंजन की सरकार है, जहां आज हम देख रहे हैं कि वहां क्या स्थिति है। मणिपुर जल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास वहां जाने का भी समय नहीं है। इस मौके पर बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने कहा कि कर्नाटक में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव ने दिखा दिया है कि देश में डबल इंजन की कोई जरूरत नहीं है। डबल इंजन की जरूरत तभी पड़ती है जब एक इंजन रुकता है लेकिन कांग्रेस के पास एक ही दमदार इंजन है और वह राहुल गांधी हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री कर्नाटक की सड़कों पर घूमे लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

चव्हाण ने कहा कि कर्नाटक की जीत में अल्पसंख्यक समुदाय का भी खासा योगदान रहा। महाराष्ट्र में भी इस समाज के लोग आने वाले चुनाव में कांग्रेस को वोट करती है तो हमारी जीत पक्की है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि एमआईएम और बीआरएस दोनों पार्टियां महाराष्ट्र में वोटों को बांटने का काम करती हैं और इसका सीधा फायदा बीजेपी को होता है। चव्हाण ने आग्रह किया कि कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए अल्पसंख्यक समुदाय को एकजुट होकर कांग्रेस के साथ खड़ा होना चाहिए। इस मौके पर बोलते हुए पूर्व मंत्री व महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान ने कहा कि संभाजीनगर, अकोला समेत महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में दो धर्मों के बीच नफरत फैलाकर माहौल खराब करने का काम किया गया, लेकिन हम सभी ने सूझबूझ से स्थिति को संभाला। आरएसएस और बीजेपी जहां समाज में जहर बोने का काम कर रहे हैं, वहीं राहुल गांधी बड़ी हिम्मत से उनका मुकाबला कर रहे हैं। खान ने कहा कि बीजेपी ने कर्नाटक चुनाव में हिजाब, हलाल आदि धार्मिक मुद्दे उठाए थे , लेकिन जब काम नहीं बना तो केरल स्टोरी की कहानी को लेकर आए। देश के प्रधानमंत्री, जिन्हें विश्व गुरु कहा जाता है, ने फिल्म का प्रचार किया, लेकिन जनता ने उनके इस मंसूबे को भी नाकाम कर दिया।

डब्ल्यूएचओ की चेतावनी, आने वाली है एक और खतरनाक महामारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक और महामारी के आने की चेतावनी दी है। जहां कोरोना महामारी अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई इससे पहले एक और महामारी की चेतावनी ने चिंता में डाल दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख डॉ. टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि दुनिया को अगली महामारी के लिए तैयार रहना चाहिए, जो कोविड-19 महामारी से भी अधिक घातक हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस अदनोम ने कहा कि दुनिया को एक ऐसे वायरस के लिए तैयार रहना चाहिए, जो कोविड से भी घातक है। हाल ही में डब्ल्यूएचओ के प्रमुख ने 76वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कोरोना के चलते कम से कम 20 मिलियन लोग मारे गए हैं। बता दें कि हाल ही में डब्ल्यूएचओ ने ऐलान किया था कि कोविड-19 महामारी अब हेल्थ इमरजेंसी नहीं है। टेड्रोस ने स्विटजरलैंड के जिनेवा में हेल्थ मीटिंग में बताया कि यह अगली महामारी को रोकने के लिए बातचीत करने का समय है। उन्होंने कहा कि इसका एक और प्रकार से उभरने का खतरा बना हुआ है, जो बीमारी और मौत का कारण बनेगा।

उद्धव ठाकरे से मिले सीएम केजरीवाल, मातोश्री से पीएम मोदी पर साधा निशाना

लोकतंत्र संकट में है, सभी को साथ आना चाहिए- सीएम भगवंत मान

मुंबई, (ईएमएस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को मुंबई में राज्य के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे से उनके निवास स्थान मातोश्री में मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की. उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने हम सब से सत्ता छीन ली है। जिस दिन परिणाम आया उस तारीख से 8 दिनों के भीतर अध्यादेश जारी किया और शक्तियां वापस ले ली गईं। केजरीवाल ने कहा कि इसका मतलब है कि हम सुप्रीम कोर्ट का सम्मान नहीं करते हैं. यह उनकी फितरत है कि सुप्रीम कोर्ट जो भी फैसला देगा हम उसे नहीं मानेंगे। केजरीवाल ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है और उनके खिलाफ अभियान चलाया जाता है। महाराष्ट्र में शिवसेना में बगावत के बाद हुए घटनाक्रम पर बात करते हुए सीएम केजरीवाल ने कहा कि सबसे ज्यादा सहन शिवसेना कर रही है. उन्होंने सीबीआई, ईडी का इस्तेमाल करके बहुमत वाली जनता की सरकार को उखाड़ फेंका।

अगर सरकार नहीं बनी तो विधायकों को तोड़ कर अध्यादेश पारित करने की कोशिश की जा रही है. शिवसेना ने हमसे वादा किया है कि जब यह मुद्दा संसद में आएगा तो वे हमारा समर्थन करेंगे। अध्यादेश हटाकर उन्होंने हमारी सत्ता छीन ली। यह अहंकार का परिणाम है। राज्यपाल ने कहा कि पंजाब में बजट सत्र नहीं होगा. अगर ऐसा है तो सिर्फ प्रधानमंत्री और राज्यपाल को ही बैठना चाहिए. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि लोकतंत्र संकट में है और चुने हुए लोगों के बजाय सलेक्टेड लोग हैं। अपने पसंदीदा राज्यपाल का चुनाव कर उन्हें बैठाया जाता है। राजभवन भाजपा का प्रधान कार्यालय बन गया है और भाजपा नेता अधिकारी बन गए हैं। उनका यही रवैया है कि हम राज करेंगे। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आगे कहा कि देश को बचाने के लिए सभी को साथ आना चाहिए। 2024 में अगर ये आए तो देश का संविधान बदल जाएगा।

कहाँ जाना है , कहाँ जा रहे हो- आचार्य श्री विद्यासागर महाराज

डोंगरगढ़ (ईएमएस)। संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ससंघ चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में विराजमान है। आज के प्रवचन में आचार्य श्री ने कहा कि प्रात: मंद-मंद हवा चल रही थी और एक भवरा उसी के बहाव में जा रहा था कि कहीं उसको फूल मिल जाये तो उसकी खुराक पूरी हो जाये। वह बहुत दूर तक चला जाता है परन्तु उसे कहीं भी फूल दिखाई नहीं देता तब वह सोचता है कि यहाँ से यदि मै लौटता हूँ तो मेरा यहाँ तक आना व्यर्थ हो जायेगा और यदि आगे जाता हूँ और फूल नहीं मिला तो आगे जाना व्यर्थ हो जायेगा। वह इसी उलझन में फस गया कि आगे जाऊ या वापस लौट जाऊ। इसी प्रकार कुछ लोग बिना लक्ष्य के ही इधर उधर घुम घुमकर अपना समय बर्बाद कर रहें हैं और जिन्दगी भर इसी उलझन में फसे रहते हैं कि किस मार्ग में जाना है और किस मार्ग में नहीं जाना है। हमारे आचार्यों ने हम पर उपकार करके शास्त्रों के माध्यम से बताया है कि सदमार्ग में चल कर हम अपना उद्धार किस प्रकार से कर सकते हैं और बिना किसी उलझन में फसे हम अपने लक्ष्य कि प्राप्ति कर सकते हैं। कुछ माता पिता अपने बच्चे को पढ़ा लिखाकर उसके गले में शादि कि माला बांध देते हैं और वह दोनों दंपत्ति जीवन पर्यन्त उसी में उलझे रहते हैं। चाहे कितनी भी प्रतिकुलता हो कैसी भी विपत्ति आ जाये सब मिलकर सहन कर लेते हैं। कुछ लोगो के कहने में आता है कि महाराज हम तो 40 वर्षों से

त्रिगुट
शुक्रवार 26 मई 2023

हथेली में दही जमाने वाले नेता हैं मोदी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हथेली में दही जमाने की कला को जानते हैं। मीडिया में पिछले 3 दिनों से प्रधानमंत्री का विदेश दौरा को कवर किया जा रहा है। फिजी ने उन्हें अपने सर्वोच्च सम्मान कंपेनियन ऑफ आर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया है। वही पापुआ न्यू गिनी ने भी प्रशांत द्वीप देशों की एकता का समर्थन करने पर सर्वोच्च सम्मान कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहु से सम्मानित किया है। पापुआ न्यू गिनी के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत पैर पडकर किया है। जिसकी भारतीय मीडिया में पिछले तीन दिनों से बड़ी चर्चा हो रही है।। मंगलवार को भारतीय मीडिया में आस्ट्रेलिया के भारतीय प्रवासियों के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम की, बड़ी चर्चा भारतीय मीडिया में हो रही है। 2020 में जैसे अमेरिका में हाउडी मोदी का कार्यक्रम हुआ था। उसकी याद ऑस्ट्रेलिया के इस कार्यक्रम ने ताजा कर दी है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत विदेशों में बड़ी धूमधाम से होता है। मोदी के पंहुचने पर विदेशों में प्रवासी भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रम इवेंट की तरह करते हैं। उन देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारतीय प्रवासियों के कार्यक्रम में शामिल होते हैं। इस तरह के कार्यक्रम से प्रधानमंत्री की लोकप्रियता देश और विदेश में बड़ा असर छोड़ती है।

दुनिया भर के विभिन्न देशों में भारत के 1.8 करोड़ प्रवासी भारतीय हैं। प्रवासी भारतीयों की सबसे बड़ी संख्या यूएई में है। जहां 35 लाख प्रवासी भारतीय रहते हैं। उसके बाद अमेरिका में 27 लाख और सऊदी अरब में 25 लाख प्रवासी भारतीय हैं। ऑस्ट्रेलिया में भी 7 लाख के करीब प्रवासी भारतीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ताकत को समझा, और इसका फायदा राजनैतिक एवं व्यापारिक संबंधों में लिया। अमेरिका में 2020 के दौर में मोदी ने भारतीय प्रवासियों के बीच हाउडी मोदी का कार्यक्रम रखा। जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप की प्रशंसा की। इसकी आलोचना भारत और अमेरिका में भी उस समय हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप हार गए, और बाईडन चुनाव जीत गए। भारत और अमेरिका के रिश्ते में इस कार्यक्रम के कारण फर्क पड़ा। अमेरिका की नई सरकार ने कई महीने भारत में अपना राजदूत नियुक्त नहीं किया। वीजा को लेकर भी अमेरिका के प्रवासी भारतियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लेकिन इसका फायदा भारतीय मतदाताओं के बीच लोकप्रियता बढ़ाने में मोदी सफल रहे। ऑस्ट्रेलिया के चुनाव में प्रवासी भारतीयों ने खुलकर एंथोनी अल्बनीज का समर्थन किया। 10 साल बाद लेबर पार्टी वहां चुनाव जीती। 22 मई 2022 को एंथोनी अल्बनीज ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बने। ऑस्ट्रेलिया में 7 लाख अप्रवासी भारतीय रहते हैं। चुनाव में अलबनीज ने भगवा गमछा पहन कर प्रवासी भारतीयों के बीच चुनाव प्रचार किया, जो उनकी जीत का बड़ा कारण बना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आस्ट्रेलिया दौरे में इसको भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। 20000 प्रवासी भारतियों के समारोह में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अलबनीज भी पहुंचे। इसका फायदा दोनों राष्ट्राध्यक्षों के मिला।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिन देशों में भारतीय समुदाय बड़ी संख्या में रह रहा है। वहां पर उस समुदाय को एकत्रित कर वहां की राजनीति में उन्हें महत्वपूर्ण भूमिका में लाने का प्रयास किया है। उन देशों के प्रमुख राजनेताओं के बीच भारत की ताकत को प्रदर्शित करने का उन्होंने कोई मौका नहीं छोड़ा। निजी तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसका सबसे बड़ा फायदा भारत में हुआ। विदेशों में उनकी लोकप्रियता शिखर पर है। इसका फायदा वह भारत में लेते हैं। मोदी की इस नीति के कारण, अमेरिका में प्रवासी भारतीयों को मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योग्यता और दूरदर्शिता के मामले में बड़े बड़े कारोबारी भी ब्रांडिंग, और हर मौके पर किस तरह से आर्थिक एवं राजनैतिक फायदा उठाया जा सकता है। इसको लेकर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बड़े प्रभावित हैं। जिस तेजी के साथ अपने आप को बदलकर, अपने लिए नई अनुकूलता मोदी बना लेते हैं। बड़े बड़े कारोबारियों और राष्ट्राध्यक्षों के लिए भी आसान नहीं है। इस सफलता में मोदी के लिए भारतीय मीडिया भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। विदेशों में बसे प्रवासी भारतीयों का लाभ लेने का जो तरीका मोदी ने अपनाया है। इससे पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने इस ओर सोचा भी नहीं था।

संतोष का मार्ग

एक ऋषि अपने शिष्य कपिल के साथ श्रावस्ती नरेश के पास गए। ऋषि से मिलकर नरेश प्रसन्न हुए और उनके आदर-सत्कार में लग गए। इधर कपिल एक सेविका के रूप पर मुग्ध हो गया। उस सेविका ने कपिल से विवाह करने से पहले महंगे कपड़े और गहने मांगे। कपिल यह सब देने में असमर्थ था। सेविका ने इसकी व्यवस्था का तरीका बताते हुए कहा कि जो श्रावस्ती नरेश का प्रातःकाल सर्वप्रथम अभिवादन करता है, उसे वे दो स्वर्ण मुद्राएं प्रदान करते है। कपिल रात बीतने के पहले ही नरेश के शयनकक्ष में घुसने लगा मगर चोर समझकर द्वारपालों ने उसे पकड़ लिया। नरेश के सामने उसने सब बातें सच-सच कह दीं। उसके भोलेपन पर प्रसन्न हो नरेश ने उसकी मुंहमांगी चीज देने का वचन दिया। कपिल ने एक दिन का समय मांगा। सोचने लगा, दो स्वर्ण मुद्राएं तो कम हैं, क्यों न सौ मांग लूं, पर वे भी कितने दिन चलेंगी। उसने पूरा राज्य ही मांग लिया। श्रावस्ती नरेश निस्संतान थे, उन्हें योग्य व्यक्ति की तलाश भी थी। उन्हें कपिल योग्य लगा। वह बोले- तुमने मेरा उद्धार कर दिया। मैं तृष्णा रूपी सर्पिणी के पाश से छूट गया। यह सुनकर कपिल का विवेक जाग्रत हो गया। वह बोला- महाराज, आप जिस दलदल से निकलना चाहते हैं, उसी में मैं गिरना नहीं चाहता। मुझे कुछ नहीं चाहिए। वह ऋषि के पास गया और उनसे सब कुछ कह डाला। ऋषि बोले- कामनाओं का कहीं अंत नहीं होता, इसलिए जितना अपने परिश्रम और ईश्वर कृपा से मिल जाए, उसी में प्रसन्न व संतुष्ट रहना चाहिए।

आमजन को कांग्रेस से जोड़ने के लिए मैदान में उतरे हरीश रावत

डॉ. श्रीगोपाल नारसन

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने उत्तराखण्डियत पर साढ़े छः सौ पृष्ठों की पुस्तक लिखने और उसका विमोचन जगद्गुरु शंकराचार्य से कराने के बाद अब फिर से कांग्रेस को सींचने का काम शुरू कर दिया है।इसके लिए उन्होंने लोगो को कांग्रेस से जोड़ने के लिए मार्मिक अपील भी की है,साथ ही कांग्रेस से जुड़िए कार्यक्रम की शुरुआत रुड़की के ढंढेरा से नगला इमरती तक पदयात्रा द्वारा करके लोगो के समर्थन की नब्ज़ भी टटोल ली है।हरीश रावत ने अपनी अपील जिसे वे घर घर जाकर बांट रहे है,में कहा है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस समाज के सभी वर्गों,समुदायों ,धर्मो और जातियों को साथ लेकर चलती है।वही पहले जाति आधारित राजनीति करके और अब हिन्दू-मुसलमान के आधार पर समाज को बांटने वाली पार्टियों ने कांग्रेस के जनाधार को कमजोर किया है।वही उक्त पार्टियों के कारण देश भी कमजोर हुआ है।जबकि कांग्रेस सर्वधर्म समभाव अपनाते हुए सबके कल्याण के लिए तत्पर रहकर अमीर गरीब के बीच की खाई को पाटने,देश के किसानों, मजदूरों, नोजवानो, महिलाओं, दलितों,पिछडो,अतिपिछडो, अल्पसंख्यको ,कर्मचारियों, व्यापारियों के प्रति व्याप्त असम्मान व आर्थिक विषमता के प्रतिकूल समय मे कांग्रेस उनके पक्ष में संघर्ष के लिए आगे आ रही है।यही कांग्रेस का संवैधानिक धर्म है और महात्मा गांधी,डॉ भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों को आगे लेकर चलने का संकल्प भी है।जिसके लिए हरीश रावत ने कांग्रेस से जुडो अभियान की 51 यात्राएं करने व आने वाले सभी चुनाव में कांग्रेस को ताकत देने का प्रण लिया है।

पहाड हो या मैदान ,शहर हो या गांव ,घर हो या चौपाल ,शायद ही ऐसी कोई जगह हो, जहां पूर्व मुख्यमन्त्री हरीश रावत का अपना कोई कार्यकर्ता मौजूद न हो। प्रत्येक कार्यकर्ता के दुःख -सुख के साथी कहे जाने वाले हरीश रावत की एक बडी विशेषता यह भी है कि उन्हे अपने हर कार्यकर्ता का नाम व पता याद रहता है। किस कार्यकर्ता से उन्हें क्या काम लेना है ,कैसे काम लेना है और कार्यकर्ता को क्या सम्मान देना है ,यह भी हरीश रावत को बखूबी आता है। मुख्यमन्त्री पद पर रहते हुए और मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतरने के बाद भी वे अपने कार्यकर्ताओ को वही मान सम्मान देते रहे है जो पहले से देते आए है। छोटे से छोटे कार्यकर्ता के महत्व और सम्मान को तरजीह देने में माहिर हरीश रावत को अपने कार्यकर्ताओं के बीच रहकर विशेष उर्जा मिलती है। तभी तो मुख्यमन्त्री आवास रहा हो या उनकी कोई जनसभा या फिर उनका अन्य कोई कार्यक्रम ,जब तक कार्यकर्ताओं से वे घिरे न हो, तब तक उन्हे आनन्द की अनुभूति नही होती। अपने छोटे से छोटे घरेलु कार्यक्रमों में भी वे अपने आम और खास कार्यकर्ताओं को आमन्त्रित करना नही भूलते, वही वे यह भी कौशिश करते है कि सभी कार्यकर्ताओं के यहां उनके सुख दुःख के अवसरो पर हाजिरी दे सके। उनके इसी गुण के कारण उनके कार्यकर्ता उनके लिए उनके विरोधियों से भी भिड जाते है और हरीश रावत के पैरोकार बनकर चुनाव के समय उन्हे सफलता के सौपान तक पहुंचाते है। हालांकि हरीश रावत को कई बार चुनावी असफलताए भी झेलनी पडी है परन्तु न तो हरीश रावत का और न ही उनके कार्यकर्ताओं का मनोबल कम हुआ है।आज भी ऐसे कई कार्यकर्ता है ,जिन्हे हरीश रावत सरकार बन जाने पर भी कुछ नही दे पाए,लेकिन न तो हरीश रावत यह बात भूलते है और न ही उनके वे कार्यकर्ता उनसे रूठते है। वे फिर भी कन्धे से कन्धा मिलाकर हरीश रावत के उत्तराखण्डियत मिशन में न सिर्फ भागीदार बन रहे है बल्कि आमजन के बीच जाकर हरीश रावत सरकार के समय की उपलब्धियों को भी बता रहे है। तभी तो पहाड के सरंक्षण, संवर्धन और विकास के लिए उत्तराखण्ड राज्य के विकास की जो परिकल्पना की गई थी वह विकास परिकल्पना हरीश रावत का दावा है, कांग्रेस सरकार आने पर साकार हो सकेगी। हरीश रावत राज्य के समग्र विकास के साथ चार धाम यात्रा,अमरनाथ यात्रा और मानसरोवर यात्रा के माध्यम से पहाड पर रह रहे लोगो की रोजी रोटी के साधन बनाने में भी जुटे रहते है। उन्होंने अपनी सरकार के समय पर्वतीय क्षेत्र को प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए भी कार्ययोजना तैयार की थी। जिसके तहत भूस्खलन एवं भूकम्प से होने वाले नुकसान को बचाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल था।राज्य को विकास व उपलब्धियो के रास्ते पर ले चलने में कामयाब हो जाने पर भी हरीश रावत को पिछले चुनाव में जीत नही मिल सकी थी।जिसके पीछे आम जनता तक पहुंच बनाकर आम जनता को कांग्रेस व सरकार की उपलब्धिया न बताने से जीत के लक्ष्य को प्राप्त करने में कांग्रेस विफल रही थी। उत्तराखण्ड की राजनीति में कांग्रेस के वर्चस्व को बनाये रखने और मिशन 2024 को फतेह करने के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा,नेताप्रतिपक्ष यशपाल आर्य और पूर्व मुख्यमन्त्री हरीश रावत एक जुटता चल रहे है। हरीश रावत पार्टी की मजबूती के लिए चलाये जा रहे कांग्रेस से जुड़िए अभियान को सफ़ल बनाने में कारगर हो रहे है। हरीश रावत चाहते है कि पहाड या मैदान उत्तराखंड के विकास कार्यो में कोई ठहराव न आने पाए। जिस पहाड और मैदान की संस्कृति तथा उसके भोलेपन पर सारी दुनिया फिदा है ,उसके महत्व को हरीश रावत ने समझा है। पहाड की हरियाली ,उसकी खूबसूरती, उसकी जडी बूटी व पहाड़ी व मैदानी व्यंजनों जैसी विरासत को बचाने के लिए हरीश रावत हमेशा सक्रिय रहे है।

पूर्व मुख्यमन्त्री हरीश रावत की सोच है कि पहाडी क्षेत्रो मे रहकर पहाड की सांस्कृतिक विरासत को जिन्दा रखा जाए क्योकि जब तक पहाड को अपनी आत्मा समझकर हम पहाड को सरंक्षित करने की पहल नही करेगे, जब तक पहाड की मजबूती और सुन्दरता के लिय पहाड पर नये वृक्षो का रोपण नही करेगे, जब तक विकास के नाम पर बारूद से पहाड तोडने के लिय विस्फोट करना बन्द नही करेगे, जब तक पहाड मे आत्म स्वावलम्बन के लिय रोजगार का सृजन नही करेगे, तब तक पहाड को बचा पाना मुश्किल भरा रहेगा ।इसके लिए आम जनमानस की एकजुटता, सगंठन शक्ति, उत्साह ,जोश और स्फूर्ति की आवश्यकता है जो कभी नये राज्य की मॉग को लेकर पैदा हुई थी ।शायद पहाड की रक्षा और स्वयं के स्वाभिमान को बचाने के लिए लोगो को परेशानी भी उठानी पडे, लेकिन पहाड की खुशहाली लौटाने के लिए यह जरूरी भी है। तभी पहाड का भोलापन ,उसकी महक व संस्कृति बची रह सकती है। इस पुनीत प्रयास को पूरा करने के लिए हरीश रावत उत्तराखंड के लोगो की चाहत के तहत आगे आ रहे है जो आम जनमानस के उत्थान के साथ ही उत्तराखण्ड की उन्नति और खुशहाली के लक्ष्य को सहज रूप में प्राप्त करेगा। इस लिए कांग्रेस को चाहिए कि अब वह मिशन 2024 की खातिर आपसी गुटबाजी को छोड़कर जनता का विश्वास जीतने व लोगो को कांग्रेस से जोड़ने के लिए जिम्मेदार नेताओं को हरीश रावत के साथ मैदान में उतारे।

गुलाबीनोट की बंदी से भ्रष्टाचार और कालेधन पर प्रहार

राजेश माहेश्वरी

बीते दिनों रिजर्व बैंक ने 2 हजार के नोट चलन से बाहर करने की सूचना सार्वजनिक की तो फिर से नोटबंदी के दौर की यादें ताजा हो गई। देशभर में रिजर्व बैंक के नए आदेश की चर्चा है। लेकिन इस बाद हालात नोटबंदी के वक्त जैसे बिल्कुल भी नहीं हैं। रिजर्व बैंक ने नोट बदली के लिए पर्याप्त समय दिया है। वैसे दो हजार के नोट को लेकर शुरू से ही आशंका थी कि सरकार इसे बंद कर सकती है। यह बात तब सच हुई जब सरकार ने वर्ष 2018 के बाद इन्हें छापना बंद कर दिया। लेकिन आम लोगों में यह प्रश्न खड़ा किया जा रहा है कि वर्तमान समय में इस बंद करने के निर्णय का औचित्य क्या है। कुछ लोग इस निर्णय को रिंजर्व बैंक द्वारा भूल सुधार करना बता रहे हैं तो कुछ के अनुसार ये एक और भूल है। विपक्ष इसे जनता को परेशानी में डालने वाला बताकर इसकी आलोचना कर रहा है। लेकिन सबसे अलग हटकर देखें तो इस निर्णय को नोटबंदी के अगले चरण के तौर पर देखा जा सकता है। कुछ लोग इसे नोटबंदी की बजाए नोटबदली का नाम दे रहे हैं। 2016 में जब नोटबंदी की गई थी तब कोई उसे काले धन पर चोट बता रहा था तो कोई आतंकवादियों की आर्थिक सहायता को रोक देने का उपाय। लेकिन आम तौर पर यही समझा गया कि वह दांव काले धन को बाहर लाने चला गया था। लेकिन अमल में हुई कुछ गलतियों की वजह से उस दुस्साहसिक कदम का अपेक्षित लाभ नहीं मिल सका। काले धन वालों ने येन केन प्रकारेण अपने नोट ठिकाने लगा दिए, जिसमें बैंक कर्मचारी, पेट्रोल पम्प आदि के साथ सरकारी विभाग भी शामिल रहे। ये कहना गलत न होगा कि समाचार माध्यमों के जरिये आ रही खबरों से सरकार घबरा सी गयी और उसने नोट बदलने के लिए जिस तरह की रियायत और मोहलत दी उसने उस निर्णय के असली उद्देश्य पर पानी फेर दिया। और फिर सरकार ने 2 हजार का नया नोट जारी कर नए सवाल भी पैदा कर दिए। मसलन काले धन को बाहर लाने के लिए बड़े नोट बंद करने के बाद उससे भी बड़ा नोट जारी करने का औचित्य क्या था ?

गत दिवस की गई नोटबंदी के साथ रिजर्व बैंक ने ये साफ किया कि उस समय मुद्रा की कमी को दूर करने के लिये 2 हजार का नोट शुरू किया गया था किन्तु अब वह उद्देश्य पूर्ण हो चुका है इसलिए उसे वापस लेने की प्रक्रिया के तहत ये कदम उठाया गया है। बीते तीन-चार सालों से वैसे भी इस नोट की छपाई बंद थी और जितने नोट बैंक में गए भी उनको दोबारा चलन में लाने की बजाय वापस रिजर्व बैंक भेज दिया गया। दो हजार के तीन लाख 62 हजार करोड़ रुपए मूल्य के नोट अभी चलन में हैं अगर इसका ज्यादातर हिस्सा दो फीसदी लोगों के पास है और काले धन के रूप में जमा है तब भी सरकार को उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि कोई काला धन बाहर आएगा। पहली नोटबंदी में 99 फीसदी से ज्यादा पांच सौ और एक हजार के नोट वापस आ गए थे और इस बार भी संभव है कि सौ फीसदी नोट बैंकों में वापस लौट जाएं। ऐसा कैसे होगा, यह बताने की जरूरत नहीं है। बीते 6 साल में केंद्रीय बैंक ने 102 करोड़ रुपए मूल्य के 'गुलाबी नोट' नष्ट किए हैं।

ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या बड़े भ्रष्टाचार, जमाखोरी, आतंकवाद की फंडिंग आदि के लिए ही यह नोट कारगर रहा ? जांच एजेंसियों की ऐसी रपटें सामने आती रही हैं ईडी और आयकर के छापों में जब्त किया गया काला धन ज्यादातर 2 हजार के नोटों की शक्ल में ही मिला। इससे इस अवधारणा की पुष्टि हुई कि बड़े नोट काले धन के संचय में मददगार बनते हैं। रिजर्व बैंक का फरमान जारी होने के अगले दिन से इसका असर भी दिखने लगा। मीडिया में खबर आई कि गुजरात में दो हजार रुपए के नोट से लोग 10 ग्राम सोना 70 हजार रुपए की दर पर और चांदी 80 हजार रुपए किलो खरीद रहे हैं। क्या इससे 2016 की याद नहीं आती है ? पेट्रोल पंपों पर करोड़ों की संख्या में दो हजार के नोट पहुंचने लगे हैं और दुकानदार दो हजार के नोट तभी ले रहे हैं, जब खरीदारी पूरी रकम की हो। इसमें दो राय नहीं है कि 2016 के फैसले के बाद काले धन से कारोबार करना कुछ हद तक तो कठिन हुआ है। इसी तरह जीएसटी के आने से भी व्यापार में पारदर्शिता बढ़ी है। हालांकि पूरी तरह से काले धन का प्रचलन बंद हो गया, ये सोच लेना तो सच्चाई से आंखें मूंदना होगा लेकिन उस पर नियंत्रण तो हुआ है। जब रिजर्व बैंक को ये लगा कि 2 हजार का नोट सामान्य चलन से बाहर होकर काले धन वालों की तिजोरियों में कैद हो चुका है तब उसने ये फैसला करने की हिम्मत जुटाई। सरकार भी इस बात से आश्वस्त थी कि इस निर्णय से आम जनता को हलकान नहीं होना पड़ेगा क्योंकि उसके पास 2 हजार के नोट या तो हैं नहीं और यदि हैं तो न के बराबर होंगे। लेकिन इसके बाद की परिस्थिति पर भी विचार करना चाहिए। अर्थात बीते कुछ सालों में जबसे नगदी में लेन देन में निरंतर कमी आ रही है और नई पीढ़ी तेजी से डिजिटल आर्थिक व्यवहार को अपनाती जा रही है तब बड़े नोटों के प्रचलन को भी धीरे-धीरे कम करते हुए बंद करना चाहिए। लेकिन यह भी हकीकत है कि तमाम ऑनलाइन विकल्पों के बावजूद नोट प्रचलन में बढ़ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि नोटबंदी के समय चलन में मौजूद नकदी के मुकाबले करीब दुगनी नगदी अर्थव्यवस्था में मौजूद है। अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ नकदी की मात्रा भी बढ़ रही है।अमेरिका में सबसे बड़ा नोट 100 डालर का होता है।

स्किज़ोफ्रेनिआ -मानसिक रोगी

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

हमारे शरीर में रोग के दो स्थान होते हैं एक शरीर और दूसरा मन।दोनों एक दूसरे के पूरक होते हैं, यदि शरीर रुग्ण हो तो उसका प्रभाव मन पर पड़ता हैं और मन से रुग्ण होता हैं तो उसका प्रभाव शरीर पर भी पड़ता।अतः हम समझ नहीं पाते की यह मानसिक रोगी हैं या शारीरिक रोगी हैं।कारण मन के रोगी को समझना और उसका नामकरण कभी कभी कठिन होता हैं, उसके लिए आजकल मनोचिकित्सक या स्नायुरोग चिकित्सक की भूमिका महत्वपूर्ण होती हैं पर आयुर्वेद में भी इसका इलाज़ हैं,

चक्रवद भृमतो गात्रं भूमौ पतति सर्वदा,
भ्र्मरोग इति ज्ञेयो रजःपित्तानिलात्मकः।

भृम रोग में रोगी का शरीर मुख्यतः सर घूमता हैं, वह चक्कर खाकर भूमि पर बार बार गिरता हैं।इस रोग में रजोगुण और वात और पित्त का प्राधान्य रहता हैं।

इस रोग में मानसिक दोष रज और शारीरिक दोष वात और पित्त दोष रहते हैं इस अवश्था में तमोगुण की अल्पता से चेतना का नाश नहीं होता अतः रोगी शरीर और मष्तिष्क में होने वाली चक्कर की क्रिया का अनुभव भलीभांति करता हैं।वात और पित्त के कारण मतिविभ्रमता होती हैं। सीजोफ्रेनिया के मरीज अपने परिवार, दवाओं और डॉक्टर सभी पर शक करते हैं।इसलिए ऐसे मरीजों का इलाज कुछ दशक पहले बहुत मुश्किल हुआ करता था।साथ ही इस बीमारी की दवाओं के दुष्प्रभाव बहुत अधिक थे।लेकिन अब समय और इलाज़ पूरी तरह बदल चुका है।महीने में एक इंग्जेशन लगाकर भी रोगी सामान्य लोगों की तरह जीवन जी सकता है... सीजोफ्रेनिया एक जीर्ण रोग हैं।लेकिन इस बीमारी के मरीज खुद को बीमार नहीं मानते हैं।इस कारण दवाई खाने से और डॉक्टर के पास जाने से बचता है।इस स्थिति में मरीज की हालत और अधिक गंभीर होती जाती है।मरीज एक सामान्य जीवन जी सके इसके लिए उसके परिवार को अतिरिक्त प्रयास करने की आवश्यकता होती है..

बीमारी में ही छिपा है इसका ट्रीटमेंट बैरियर

-सीजोफ्रेनिया शक की बीमारी है तो मरीज अपने परिवार पर भी शक करता है।मरीज को लगता है कि मेरा परिवार ही मुझे मारना चाहता है।इसलिए डॉक्टर के पास लेजाकर मुझे ज़हर दिलाना चाहते हैं या दवाइयों के जरिए मारना चाहते हैं।ऐसी स्थिति सीजोफ्रेनिया के ज्यादातर मरीजों में देखने को मिलती है।

इलाज से जुड़ी मुश्किलें

-साइकॉलजिस्ट और सायकाइट्रिस्ट की कमी के चलते समय रहते रोगी को उचित चिकित्सा नहीं मिल पाती है।इस कारण रोग अपनी गंभीर अवस्था में पहुंच जाता है, जिसे बाद में दवाओं के साथ भी प्रबंध करना मुश्किल होता है।

-सीजोफ्रेनिया के इलाज में एक दूसरी दिक्कत यह है कि लोगों के बीच इस बीमारी को लेकर जागरूकता बहुत कम है।इस जानकारी को बढ़ाने के लिए ही हर साल वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की तरफ से मेंटल हेल्थ अवेयरनेस वीक मनाया जाता है और हर साल 24 मई को वर्ल्ड सीजोफ्रेनिया डे के रूप में मनाया जाता है।

ट्रीटमेंट का मॉर्डन तरीका

-आज के वक्त में इलाज पहले की तुलना में काफी बेहतर हो चुका है।मॉर्डन मेडिसिन लेने के बाद उस तरह की दिक्कत नहीं देखने को नहीं मिलती है, जिस तरह की दिक्कत पुराने वक्त में सामने आया करती थीं।

-मॉर्डन टाइम में सीजोफ्रेनिया के मरीज को यदि सही समय पर इलाज़ दिलाया जाए तो वह सामान्य जीवन जी सकता है।

-पहले इस बीमारी के इलाज के दौरान मरीजों को नींद बहुत अधिक आती थी।इलाज भी आसानी से उपलब्ध नहीं था।लेकिन अब इलाज भी उपलब्ध है और दवाइयां खाने के बाद मरीज को बहुत नींद भी नहीं आती है।इससे व्यक्ति की कार्यक्षमता बनी रहती है।

-जो मरीज इस बीमारी के प्रारंभिक स्तर पर होते हैं, उन्हें यदि समय से दवाई और इलाज़ दिलाया जाए तो वे सामान्य व्यक्ति की तरह अपना करियर और सामान्य जीवन इंजॉय कर सकते हैं

खत्म हो गया दवाओं का दुष्प्रभाव

-अस्सी या नब्बे के दशक में जिन दवाओं से सीजोफ्रेनिया के मरीजों का इलाज किया जाता था, उन दवाओं का दुष्प्रभाव काफी गंभीर रूप में देखने को मिलता था।इनमें, शरीर का कोई अंग टेढ़ा हो जाना, हर समय कंपकपी आना, हर समय मुंह से लार टपकते रहना या दौरे पड़ जाना शामिल थे।

लेकिन आधुनिक चिकित्सा में इस तरह के साइड दुष्प्रभाव ना के बराबर होते हैं।यदि सही तरीके से इलाज़ लिया जाए तो कोई दूसरा व्यक्ति यह पहचान नहीं कर पाएगा कि सामनेवाला इंसान सीजोफ्रेनिया जैसी बीमारी से जूझ रहा है।

-क्योंकि सीजोफ्रेनिया के मरीजों को परिवार, दवाई और डॉक्टर पर शक रहता है।इसलिए आधुनिक चिकित्सा में इस तरह की टैबलेट्स भी हैं, जिन्हें पानी और खाने में घोलकर दिया जा सकता है।अगर इसमें भी दिक्कत हो तो मरीज को इंजेक्शन दिया जा सकता है, जिसका असर करीब एक महीने तक रहता है।

आयुर्वेद में अश्वगंधा, ब्राह्मी, शतावरी, मुलैठी को समान मात्रा में मिलाकरचूर्ण बनाकर 3ग्राम सुबह शाम पानी या दूध से लेना चाहिए। मेध्य या ब्रेन टॉनिक के रूप में मण्डूकपर्णी, शंखपुष्पी का उपयोग किया जाता हैं

निद्राजनन के लिए सर्पगंधा लाभकारी होता हैं

इसके अलावा, अश्वगंधारिष्ट, शंखपुष्पी सीरप भी उपयोगी हैं

ऐसे मरीज़ों के साथ सद्व्यवहार के साथ उसके भृम को दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व में भारत की साख बढ़ी है

डॉ. भरत मिश्र प्राची

शासन पाना व चलाना राजनीति का अहम कदम है। जिसके पास राजनीति के निपुण व कौशल गुण है वहीं शासन पाने एवं चलाने का सही उतराधिकारी है। राजनीतिक क्षेत्र में कई आये और कई चले गये, कुछ नाम कमा गये तो कुछ नाम गवां बैठे। शासन पर कब्जा पहले बलपूर्वक हुआ करता था, जिसके पास ताकत शासन की बागडोर उसी के हाथ होती। आज ताकत ने राजनीतिक चाल की जगह ले ली है। जहां साम, दाम दंड, भेद की नीति प्रमुख है। जिसके पास यह चाण्यकय नीति है, वहीं आज का सफल राजनीतिक विजेता है। इस कड़ी में स्वतंत्र भारत के बदलते राजनीतिक परिवेश को देखा व परखा जा सकता है। वर्तमान में शासन की बेहतर पकड़ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राजनीतिक कद काफी उच्चा हो गया जहां विकल्प फिलहाल कोई नजर नहीं आ रहा । इसी कारण सत्ता में एक दशक से लगातार बने रहने के वावजूद भी विपरीत परिस्थितियों में भी फिर से सत्ता में वापसी के आसार नजर आ रहे है। इस दौरान देश के प्रदेश की राजनीति में भले बदलाव हुआ हो पर केन्द्र के मामले में देश में सर्वाधिक रूप से एक ही स्वर मोदी - मोदी गूंजता नजर आया जिसने नरेन्द्र मोदी का कद पार्टी से भी उपर उठा दिया। एक समय इसी तरह का स्वर पूर्व में कांग्रेस में भी तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के लिये गूंज उठा था जहां कांग्रेस की पहचान इंदिरा गांधी बन गई । राजाओं को दिये जाने वाले प्रीबी पर्स बंद कर एवं बैंको का राष्ट्रीयकरण कर जिस तरीके से भारतीय जनमानस में समा गई, उसी तरह नरेन्द्र मोदी आपने शासन काल में गांधी जयन्ती पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत कर, कश्मीर से 370 धारा हटाकर, अयोध्या के मंदिर - मस्जिद विवाद को मिटाकर एवं मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर भारतीय जनमानस के चहेते बन गये जिन्हें फिलहाल सत्ता से बेदखल करना आसान नहीं। आज भाजपा पार्टी इनके नाम से जानी जाती है, इसी कारण पार्टी में भी इनके खिलाफ आवाज उठने की संभावना दूर तक नजर नहीं आती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल की कुछ उपलब्धियों पर एक नजर डाले जहां 2014 में केन्द्र की सत्ता संभालते ही शासन की बागडोर अपने नियंत्रण में लेते हुये काला धन मिटाने की दिशा में नोट बंदी कर देश को नया मुद्रा प्रदान करने, सब्सीडी को जनधन योजना के माध्यम से सीधे तौर पर बैंक खातें में भेजने, उज्जवला योजना के माध्यम से गरीब परिवार को एलपीजी गैस, गैस चूल्हें देने, कोरोना काल में युद्ध स्तर पर टीकाकरण, दवाई एवं निःशुल्क राशन की वितरण की व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीब परिवारों को आवास, युवा बेरोजगार के लिये कौशल योजना, लघु उद्यमियों के लिये मुद्रा योजना, एक देश एक कर की योजना के तहत जीएसटी, मेक इन इंडिया, स्कील इंडिया मिशन,मेगा पेंशन स्कीम, संसद आदर्श ग्राम योजना,बेटी बचाओ बंटी पढ़ाओ,, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री मुद्र योजना, श्रम योगी मान धन, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, उदय योजना सहित अनेक लाभकारी जनोपयोगी योजनाओं के लागू करने के साथ -साथ भ्रष्टाचारियों की धड़ पकड़, सेना में नये आयाम लाकर एवं विदेशों की गौरवमयी यात्रा के माध्यम से आज नरेन्द्र मोदी लोकप्रियता के सर्वोपरि शिखर पर विराजमान है।

हथेली के ये निशान होते हैं शुभ



हथेली पर कई शुभ निशान बने होते हैं। ज्योतिष के अनुसार इन भाग्यशाली निशानों के बनने से व्यक्ति अपने जीवन में बहुत सफलता प्राप्त करता है। ये खास निशान व्यक्ति को धन लाभ का खास योग का निर्माण करता है। जिस किसी व्यक्ति की हथेली पर शनि पर्वत उठा हुआ होता है वह बहुत ही भाग्यशाली व्यक्ति माना जाता है। उसके जीवन में उसे धनलाभ होता है। मणिबंध से शुरू होकर अगर भाग्यरेखा सीधे शनि पर्वत पर जाकर मिलती हो तो ऐसा व्यक्ति बहुत धनवान और भाग्यशाली होता है। हथेली में किसी भी जगह पर त्रिशूल का चिन्ह बनता हो वह व्यक्ति भाग्य का धनी होता है। अगर त्रिशूल का निशान मंगल पर्वत के ऊपर बनता हो तो यह और भी शुभकारी हो जाता है। जिसका सीधा सा संकेत आपका धनवान, गुणवान और समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त करने के अधिकारी होते हैं। स्वस्तिक का निशान काफी शुभ माना जाता है। जिसके हाथ में यह निशान बनता है उसके भाग्य में धन-सम्पदा का योग रहता है। जिनकी छोटी उंगली पर तिल का निशान होता है वह धन संपत्ति के मामले में भाग्यशाली होते हैं। बुध पर्वत सबसे छोटी उंगली के नीचे पर बना होता है।

सूर्यदेव की लकड़ी की प्रतिमा होती है शुभ

मान्यता है कि भगवान गणेश के साथ-साथ सूर्य देव की उपासना करना बहुत फलदायी माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य देव को सभी ग्रहों का राजा माना जाता है। इसीलिए इसकी शुभ-अशुभ स्थिति व्यक्ति के जीवन पर बहुत गहरा प्रभाव डालती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार सूर्य देव की अलग-अलग प्रतिमाएं रखना शुभ माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अपनी इच्छानुसार घर में सूर्य देव की प्रतिमाएं रखी जा सकती हैं। तो आइए आज जानते हैं कि सूर्य देव की कौन सी प्रतिमा को घर में रखा जा सकता है।

लकड़ी की प्रतिमा

ज्योतिष और वास्तु के अनुसार सूर्यदेव की लकड़ी की प्रतिमा घर रखना बहुत अच्छा माना जाता है। मान्यता है कि इसके निरंतर पूजा-पाठ करने से घर के लोगों का समाज में मान-सम्मान बढ़ता है। इसके साथ ही उन्हें भाग्य का साथ मिल जाता है।

मिट्टी की प्रतिमा

जिस जातक की कुंडली में सूर्य दोष हो और उसके सभी कामों में बार-बार बाधाएं आ रही हो तो वो इंसान घर में पत्थर या मिट्टी की सूर्य प्रतिमा रख सकता है। कहा जाता है कि इसकी पूजा करने से हर कार्य में सफलता मिलती है।

तांबे की प्रतिमा

कहते हैं कि घर में सकारात्मकता बनाए रखने के लिए हर किसी को तांबे से बनी प्रतिमा रखनी चाहिए। इसके शुभ असर से सभी परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है।

चांदी की प्रतिमा

कार्य क्षेत्र में अधिकार बनाए रखने के लिए चांदी की सूर्य प्रतिमा रख सकते हैं।

सोने की प्रतिमा

सोने से बनी सूर्य प्रतिमा घर में रखने और उसकी पूजा करने से घर में धन-धान्य बढ़ता है, सुख-समृद्धि बनी रहती है।

वास्तु- इस दिशा में खुले तिजोरी तो होता है धन-लाभ

हर कोई घर में सुख-शांति और लक्ष्मी का वास चाहता है और इसके लिए लोग कई उपाय करते है। कुछ लोग पूजा-पाठ, हवन तो कुछ आपना घर वास्तु के अनुसार बनवाते हैं। वहीं वास्तु के अनुसार अगर आप घर में कुछ चीजें दिशा के अनुसार रखते हैं तो इसका भी असर आपके जीवन पर पड़ता है।

आइए जानते हैं वास्तु से जुड़ी कुछ बातें-

1. ड्रेसिंग टेबल के साथ दर्पण पूर्व या उत्तर की दीवारों पर होना चाहिए।
2. अलमारी शयन कक्ष के उत्तर पश्चिमी या दक्षिण की ओर होनी चाहिए। टीवी, हीटर और एयर कंडीशनर दक्षिण पूर्वी दिशा के कोने में स्थित होना चाहिए।
3. पढ़ने और लिखने की जगह पूर्व या शयन कक्ष के पश्चिम की ओर होनी चाहिए जबकि पढ़ाई करते समय मुंह पूर्व दिशा में होना चाहिए। बेडरूम में सेफ या तिजोरी दक्षिण की दीवार के साथ रखनी चाहिए। खुलते समय उसका मुंह उत्तर की तरफ खुलना चाहिए। इससे धन में कमी नहीं आएगी।
4. दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम कोना कभी खाली नहीं रखना चाहिए।
5. बेडरूम के साथ लगता बाथरूम, कमरे के पश्चिम या उत्तर में होना चाहिए।

भगवान श्रीकृष्ण की हर लीला भक्तों के मन को है लुभाती

भक्ति की परंपरा में भगवान श्रीकृष्ण सबसे ज्यादा आकर्षित करने वाले भगवान हैं। योगेश्वर रूप में वे जीवन का दर्शन देते हैं तो बाल रूप में उनकी लीलाएं भक्तों के मन को लुभाती है।आज पूरब से लेकर पश्चिम तक हर कोई कान्हा की भक्ति से सराबोर है। चैतन्य महाप्रभु के भक्ति आन्दोलन के समय श्रीकृष्ण का जो महामंत्र प्रसिद्ध हुआ, वह तब से लेकर अब तक लगातार देश दुनिया में गूंज रहा है। आप भी मुरली मनोहर श्रीकृष्ण की कृपा पाने के लिए उनके मंत्र के जाप की शुरुआत कर सकते हैं।

हरे कृष्ण हरे कृष्ण
कृष्ण कृष्ण हरे हरे
हरे राम हरे राम
राम राम हरे हरे॥

15वीं शताब्दी में चैतन्य महाप्रभु के भक्ति आन्दोलन के समय प्रसिद्ध हुए इस मंत्र को वैष्णव लोग महामन्त्र कहते हैं। इस्कान के संस्थापक के श्रील प्रभुपाद जी अनुसार इस महामंत्र का जप उसी प्रकार करना चाहिए जैसे एक शिशु अपनी माता का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए रोता है।

? नमो भगवते श्री गोविन्दाय

भगवान श्रीकृष्ण के इस द्वादशाक्षर (12) मंत्र का जो भी साधक जाप करता है, उसे सुख, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। प्रेम विवाह करने वाले अभिलाषा रखने वाले जातकों के लिए यह रामबाण साबित होता है।

कृं कृष्णाय नमः

यह पावन मंत्र स्वयं भगवान श्रीकृष्ण द्वारा बताया गया है। इसके जप से जीवन से जुड़ी तमाम बाधाएं दूर होती हैं और घर-परिवार में सुख और समृद्धि का वास होता है।

? श्री कृष्णाय शरणं मम्।

जीवन में आई विपदा से उबरने के लिए भगवान श्रीकृष्ण का यह बहुत ही सरल और प्रभावी मंत्र है। इस महामंत्र का जाप करने से भगवान श्रीकृष्ण बिल्कुल उसी तरह मदद को दौड़े आते हैं जिस तरह उन्होंने द्रौपदी की मदद की थी।

आदौ देवकी देव गर्भजननं, गोपी गृहे वर्द्धनम्।
माया पूज निकासु ताप हरणं गौवर्द्धनोधरणम्।।
कंसच्छेदनं कौरवादिहननं, कुंतीसुपाजालनम्।
एतद् श्रीमद्भागवतम् पुराण कथितं श्रीकृष्ण लीलामृतम्।।
अच्युतं केशवं रामनारायणं कृष्णदामोदरं वासुदेवं हरे।
श्रीधरं माधवं गोपिकावल्लभं जानकी नायकं रामचन्द्रं भजे।।

श्रद्धा और विश्वास के इस मंत्र का जाप करने से न सिर्फ तमाम संकटों

से मुक्ति मिलती है, बल्कि सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। सुख, समृद्धि और शुभता बढ़ाने में यह महामंत्र काफी कारगर साबित होता है।

अधरं मधुरं वदनं मधुरं नयनं मधुरं हसितं मधुरम् ।
हृदयं मधुरं गमनं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।।1 ।।
वचनं मधुरं चरितं मधुरं वसनं मधुरं वलितं मधुरम्
चलितं मधुरं भ्रमितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।।2 ।।
वेणुर्मधुरो रेणुर्मधुरः पाणिर्मधुरः पादौ मधुरौ ।
नृत्यं मधुरं सख्यं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।।3 ।।
गीतं मधुरं पीतं मधुरं भुक्तं मधुरं सुप्तं मधुरम् ।
रूपं मधुरं तिलकं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।।4 ।।
करणं मधुरं तरणं मधुरं हरणं मधुरं रमणं मधुरम् ।
वमितं मधुरं शमितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।।5 ।।
गुञ्जा मधुरा माला मधुरा यमुना मधुरा वीची मधुरा ।
सलिलं मधुरं कमलं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।।6 ।।
गोपी मधुरा लीला मधुरा युक्तं मधुरं मुक्तं मधुरम् ।
दृष्टं मधुरं शिष्टं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।।7 ।।
गोपा मधुरा गावो मधुरा यष्टिर्मधुरा सृष्टिर्मधुरा ।
दलितं मधुरं फलितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।।8 ।।

कन्हैया की स्तुति करने के लिए तमाम मंत्र हैं लेकिन यह मंत्र उनकी मधुर छवि का दर्शन कराती है। इस मंत्र की स्तुति में कान्हा की अत्यंत मनमोहक छवि उभर कर सामने आती है। साथ ही साथ योगेश्वर श्रीकृष्ण के सर्वव्यापी और विश्व के पालनकर्ता होने का भी भान होता है।

संसद भवन के उद्घाटन पर अनावश्यक विवाद

-डॉ. आशीष वशिष्ठ

नए संसद भवन के उद्घाटन पर सियासत गरमा गई है, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करने वाले हैं, लेकिन नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर एक नया सियासी संग्राम छिड़ता दिख रहा है, जिसमें सत्ताधारी बीजेपी और कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों के बीच जबरदस्त जुबानी जंग देखने को मिली। कांग्रेस ने मांग की है कि संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री से नहीं, बल्कि राष्ट्रपति के हाथों होना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तो यहां तक कह दिया कि लगता है चुनावी लाभ के लिए ही दलित और आदिवासी राष्ट्रपति बनाए गए हैं। कांग्रेस ने उद्घाटन की तारीख पर भी सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के पूर्व सांसद राहुल गांधी ने मांग की है कि यह उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी के बजाय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों कराया जाए। बेशक राष्ट्रपति देश के संवैधानिक प्रमुख हैं। प्रथम नागरिक हैं और भारत सरकार तथा संसद उन्हीं के नाम पर चलाई जाती हैं। संयोग है कि देश की राष्ट्रपति आदिवासी महिला हैं और ऐसी प्रथम महामहिम हैं। गौरतलब यह भी है कि देश राष्ट्रपति प्रणाली से संचालित नहीं होता। हमारी प्रणाली संसदीय है और प्रधानमंत्री इसके प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री ही देश के सर्वोच्च प्रत्यक्ष निर्वाचित जन-प्रतिनिधि भी हैं।

वह भारत सरकार के कार्यकारी प्रमुख भी हैं। देश की तमाम गतिविधियों, परिस्थितियों, नीतियों और कूटनीति आदि का प्रथम दायित्व भी प्रधानमंत्री पर ही है। बेशक राहुल गांधी प्रधानमंत्री का चेहरा, नाम पसंद करें या नफरत करें, लोकतांत्रिक जनादेश का प्रचंड बहुमत उसे ही हासिल है, लिहाजा कुछ विशेषाधिकार भी हैं। स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त को प्रधानमंत्री ही ऐतिहासिक लालकिले से राष्ट्र को संबोधित करते हैं। गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी को महामहिम राष्ट्रपति सामूहिक परेड की सलामी लेते हैं, क्योंकि वह तीनों सेनाओं के 'सुप्रीम कमांडर' भी हैं। यह विवाद का विषय नहीं है कि लोकतांत्रिक जन-प्रतिनिधियों के सर्वोच्च मंदिर 'संसद' का उद्घाटन राष्ट्रपति करें अथवा प्रधानमंत्री करें। दरअसल यह विशुद्ध राजनीति का मुद्दा बना दिया गया है। कांग्रेस और खासकर गांधी परिवार को नए संसद भवन के निर्माण पर आपत्ति थी और अब उद्घाटन को भी विवादित बनाया जा रहा है। कांग्रेस ने 'सेंट्रल विस्टा', जिसमें संसद भवन भी है, का खर्च 20,000 करोड़ रुपए प्रचारित कर देश को गुमराह किया था। उसे 'मोदी महल' करार दिया गया। उसे प्रधानमंत्री का 'अंधा अहंकार' बताया गया। 'आपराधिक बर्बादी' सरीखे शब्दों का इस्तेमाल किया गया। प्रधानमंत्री की निजी महत्त्वाकांक्षा को उच्च न्यायालय और सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी गई। कांग्रेस भूल गई कि यूपीए सरकार के दौरान, लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के कार्यकाल में, नए संसद भवन की जरूरत का आकलन किया गया था। राहुल और सोनिया गांधी को अच्छी तरह याद होना चाहिए, क्योंकि राहुल तब लोकसभा सांसद थे। मौजूदा संसद भवन को 96 साल पहले 1927 में बनाया गया था। मार्च 2020 में सरकार ने संसद को बताया था कि पुरानी बिल्डिंग ओवर यूटिलाइज्ड हो चुकी है और खराब हो रही है। इसके साथ ही लोकसभा सीटों के नए सिरे से परिसीमन के बाद जो सीटें बढ़ेंगीं, उनके सांसदों के बैठने के लिए पुरानी बिल्डिंग में पर्याप्त जगह नहीं है। इसी वजह से नई बिल्डिंग बनाई जा रही है। पुराना संसद भवन 47 हजार 500 वर्गमीटर में है, जबकि नई बिल्डिंग 64 हजार 500 वर्ग मीटर में बनाई गई है। यानी पुराने से नया भवन 17 हजार वर्ग मीटर बड़ा है। नया संसद भवन 4 मंजिला है। इसमें 3 दरवाजे हैं, इन्हें ज्ञान द्वार, शक्ति द्वार और कर्म द्वार नाम दिया गया है। सांसदों और वीआईपी के लिए अलग एंट्री है। इस पर भूकंप का असर नहीं होगा। इसका डिजाइन एचसीपी डिजाइन, प्लानिंग एंड मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने तैयार किया है। इसके आर्किटेक्ट बिमल पटेल हैं।

अभी लोकसभा में 590 लोगों की सीटिंग कैपेसिटी है। नई लोकसभा में 888 सीटें हैं और विजिटर्स गैलरी में 336 से ज्यादा लोगों के बैठने का इंतजाम है। अभी राज्यसभा में 280 की सीटिंग कैपेसिटी है। नई राज्यसभा में 384 सीटें हैं और विजिटर्स गैलरी में 336 से ज्यादा लोग बैठ सकेंगे। लोकसभा में इतनी जगह होगी कि दोनों सदनों के जॉइंट सेशन के वक्त लोकसभा में ही 1272 से ज्यादा सांसद साथ बैठ सकेंगे। इसकी लागत लागत करीब 971 करोड़ रुपये है। यह योजना

राहुल और सोनिया गांधी को अच्छी तरह याद होना चाहिए, क्योंकि राहुल तब लोकसभा सांसद थे। मौजूदा संसद भवन को 96 साल पहले 1927 में बनाया गया था। मार्च 2020 में सरकार ने संसद को बताया था कि पुरानी बिल्डिंग ओवर यूटिलाइज्ड हो चुकी है और खराब हो रही है। इसके साथ ही लोकसभा सीटों के नए सिरे से परिसीमन के बाद जो सीटें बढ़ेंगीं, उनके सांसदों के बैठने के लिए पुरानी बिल्डिंग में पर्याप्त जगह नहीं है। इसी वजह से नई बिल्डिंग बनाई जा रही है। पुराना संसद भवन 47 हजार 500 वर्गमीटर में है, जबकि नई बिल्डिंग 64 हजार 500 वर्ग मीटर में बनाई गई है। यानी पुराने से नया भवन 17 हजार वर्ग मीटर बड़ा है। नया संसद भवन 4 मंजिला है।

लुटियंस दिल्ली में राष्ट्रपति भवन से लेकर इंडिया गेट तक तीन किलोमीटर लंबे दायरे में फैली हुई है. केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के मुताबिक नई इमारत संसद भवन संपदा की प्लॉट संख्या 118 पर स्थित है। संसद के हर अहम कामकाज के लिए अलग-अलग ऑफिस हैं। ऑफिसर्स और कर्मचारियों के लिए भी हाईटेक ऑफिस की सुविधा है। कैफे और डाइनिंग एरिया भी हाईटेक है। कमेटी मीटिंग के अलग-अलग कमरों में हाईटेक इक्विपमेंट लगाए गए हैं। कॉमन रूम्स, महिलाओं के लिए लाउंज और वीआईपी लाउंज की भी व्यवस्था है। इसके अलावा इस इमारत में एक विशाल कॉन्स्टीट्यूशन हॉल और सांसदों के लिए लाउंज भी बनाए गए हैं। इस इमारत में तीन गैलरियों को भी जगह दी गई है। एक गैलरी में टेक्सटाइल से संबंधित है। एक अन्य गैलरी में केंद्र शासित राज्यों समेत सभी राज्यों के प्रातिनिधिक ऐतिहासिक इमारतों को दर्शाया गया है। नई संसद में लोकसभा और राज्य सभा के मार्शल के लिए नया ड्रेस कोड लागू किया गया है। नई बिल्डिंग की सबसे बड़ी विशेषता संविधान हॉल है। कहा जा रहा है कि इस हॉल में संविधान की कॉपी रखी जाएगी। इसके अलावा महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, देश के प्रधानमंत्रियों की बड़ी तस्वीरें भी लगाई गई हैं। तिकोने आकार के नए संसद भवन का निर्माण 15 जनवरी 2021 को शुरू हुआ था। इस बिल्डिंग को पिछले साल नवंबर में पूरा हो जाना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 दिसंबर 2020 को नए संसद भवन की आधारशिला रखी थी। तब उन्होंने कहा था कि संसद की नई बिल्डिंग से अधिक सुंदर कुछ नहीं हो सकता, जब भारत अपनी आजादी के 75 साल मनाएगा। नई संसद पर भूकंप का भी कोई असर नहीं होगा। मौजूदा 'सेंट्रल हॉल' की व्यवस्था नहीं है, लेकिन 'संविधान हॉल' जरूर बनाया गया है। कांग्रेस को उद्घाटन की तारीख 28 मई पर भी आपत्ति है, क्योंकि उस दिन 'सावरकर जयंती' है। गांधी परिवार तो सावरकर को 'स्वतंत्रता सेनानी' मानने को तैयार नहीं है, लिहाजा अलग-अलग दलीलें दी जा रही हैं कि संसद की नई इमारत का उद्घाटन डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन पर कर लिया जाता, तो महान श्रद्धांजलि होती। इस विषय पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने संसद के उद्घाटन के सवाल पर कहा कि संसदीय लोकतंत्र में असली अधिकार प्रधानमंत्री का ही होता है अगर इस पर कोई सवाल उठाता है तो मैं कुछ भी नहीं कहना चाहता हूं। विपक्ष के कुछ और नेताओं के विचार भी रामगोपाल यादव से मिलते-जुलते हैं। वास्तव में नए संसद भवन पर राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है। संसद भवन परिसर में कई इमारतें हैं जिनका उद्घाटन या शिलान्यास तत्कालीन प्रधानमंत्रियों ने किया। इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए जिस तरह से कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने विपक्षी नेताओं के साथ बातचीत शुरू की है, उससे देखते हुए इस बात की संभावना है कि 28 मई को प्रस्तावित संसद के नए भवन के लोकार्पण समारोह का पूरा विपक्ष बहिष्कार कर सकता है। मेरी राय में उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने का विपक्षी फैसला सही नहीं लगता। आखिर बाद में तो पक्ष-विपक्ष को नए भवन में साथ ही बैठना है।

हनुमान जी की तस्वीर दक्षिण दिशा की ओर लगायें



सनातन धर्म वास्तु और ज्योतिष की मानी जाए तो किसी भी प्रकार की तस्वीर या मूर्ति को घर में रखने से पहले कुछ बातों का जानना बहुत ज़रूरी है।वास्तु और ज्योतिष के साथ-साथ हिंदू धर्म के पौराणिक ग्रंथों में भी देवी-देवताओं की प्रतिमाएं को रखने से चमत्कारी प्रभाव देती हैं। इसलिए शास्त्रों में इनकी प्रतिमाओं और तस्वीरों को रखने के बहुत से महत्वपूर्ण नियम बताए गए हैं। वास्तुशास्त्र के अनुसार घर में देवी-देवताओं की तस्वीरें लगाने से सभी परेशानियां दूर होती हैं और घर में सुख-शांति बनी रहती है।हनुमान जी की तस्वीर का महत्व और उससे जुड़े कुछ वास्तु नियम-

शास्त्रों के अनुसार हनुमान जी बाल ब्रह्मचारी हैं और इसी वजह से उनकी तस्वीर बेडरूम में न रखकर घर के मंदिर में या किसी अन्य पवित्र स्थान पर रखना शुभ रहता है।

वास्तु वैज्ञानिकों के अनुसार हनुमान जी का चित्र दक्षिण दिशा की ओर देखते हुए लगाना चाहिए क्योंकि हनुमान जी ने अपना प्रभाव अत्यधिक इसी दिशा में दिखाया है जैसे लंका दक्षिण में है, सीता माता की खोज दक्षिण से आरंभ हुई, लंका दहन और राम-रावण का युद्ध भी इसी दिशा में हुआ। दक्षिण दिशा में हनुमान जी विशेष बलशाली हैं। इसी प्रकार से उत्तर दिशा में हनुमान जी की तस्वीर लगाने पर दक्षिण दिशा से आने वाली हर नकारात्मक शक्ति को हनुमान जी रोक देते हैं। वास्तु अनुसार इससे घर में सुख और समृद्धि का समावेश होता है और दक्षिण दिशा से आने वाली हर बुरी ताकत को हनुमान जी रोक देते हैं।

जिस रूप में हनुमान जी अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर रहे हों ऐसी तस्वीर को घर में लगाने से किसी भी तरह की बुरी शक्ति प्रवेश असंभव है।

(रंगसंसार)

जूनियर एनटीआर संग स्क्रीन शेयर करती दिखेगी जाह्नवी

जूनियर एनटीआर स्टारर निर्देशक कोराताला शिवा की इस फिल्म में हिन्दी फिल्मों में नजर आ रही जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। जाह्नवी की यह पहली साउथ फिल्म होगी। जिसमें वहां जूनियर एनटीआर संग स्क्रीन शेयर करेगी हैं। दिलचस्प बात ये है कि जूनियर एनटीआर और निर्देशक कोरताला शिवा की ये फिल्म एक पैन इंडिया रिलीज होगी। इसकारण इस फिल्म को मेकर्स हिंदी में भी रिलीज करने वाले हैं। खास बात यह है कि जूनियर एनटीआर और कोरताला शिवा इसके पहले ब्लॉकबस्टर फिल्म जनता गैराज में एक साथ काम कर चुके हैं। यही वजह है कि इस फिल्म से भी दर्शकों को खासी उम्मीदें हैं। जूनियर एनटीआर और कोरताला शिवा की इस फिल्म में मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल और अदाकारा सामंथा रुथ प्रभु भी नजर आई थीं। फिल्म की बंपर सक्सेस के बाद अब दूसरी बार ये स्टार एक्टर-डायरेक्टर की जोड़ी दोबारा धमाल मचाने की तैयारी में हैं।

नुसरत भरुचा को पति में चाहिए ये क्वालिटी

अभिनेत्री नुसरत भरुचा एक आदर्श पति में कुछ क्वालिटीज चाहती हैं। नुसरत फिल्म छत्रपति का प्रमोशन करने द कपिल शर्मा शो में बेलमकोंडा साई श्रीनिवास, भाग्यश्री, करण सिंह छाबड़ा, पलक मुच्छल, निर्देशक वीवी विनायक और निमार्ता जयंतीलाल गडा के साथ नजर आई थी। शो में पति से जुड़ा सवाल का जवाब देकर नुसरत ने कहा, मुझे पति के रूप में ऐसा लड़का चाहिए, जो खूब हंसा सकता हो, उसका सेंस ऑफ ह्यूमर अच्छा होना चाहिए, वह सिंगल हो और उसमें हीरो के गुण भी होने चाहिए। इसके अलावा, कपिल ने मजाक में कहा कि उन्होंने अंधेरी वेस्ट में शादी की है और फिल्म सिटी में अकेला है, जिसका मतलब है कि उनमें यह सब क्वालिटीज है और वह उनके लिए पूरी तरह परफेक्ट है।

सपना का कान्स के रेड कारपेट से दूसरा लुक आया सामने

हरियाणा की छोरी सपना चौधरी आजकल काफी चर्चा में हैं। सपना का कान्स के रेड कारपेट से दूसरा लुक सामने आ गया है। दूसरी बार हरियाणवी क्वीन ने शॉर्ट ड्रेस पहनकर एंट्री मारी और सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। अब उनकी ये तस्वीरें इंटरनेट पर भी खूब तहलका मचा रही हैं। दूसरी बार कान्स के रेड कार्पेट पर सपना चौधरी ने व्हाइट एंड पिंक शॉर्ट ड्रेस पहनकर वॉक किया। ड्रेस की केप स्लीव उनके लुक को और भी ग्रेसफुल बना रही हैं, जो कि फ्लोर टच हैं। इस ड्रेस के साथ उन्होंने मैचिंग हील्स पेयर की हैं और बालों को सेंटर पार्ट कर पोनीटेल बनाया है। बता दें, इससे पहले सपना चौधरी ने सॉफ्ट पिंक कलर का गाउन कैरी कर रेड कार्पेट पर डेब्यू किया था, जहां उन्होंने नमस्ते और हाय-हैलो के स्टाइल से लोगों का खूब अटेंशन खींचा था।

बीबर ने किया ग्लैमरस लुक की तस्वीरें शेयर

हाल ही में अमेरिकन सिंगर जस्टिन बीबर की वाइफ एक्ट्रेस हैले बीबर ने अपनी कुछ ग्लैमरस लुक की तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें फैंस खूब लाइक कर रहे हैं। लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में हैले बीबर डिफेंट्स शॉर्ट आउटफिट्स में बेहद किलर लग रही हैं। पिंक फ्लोरल जैकेट के साथ मैचिंग शॉर्ट्स में एक्ट्रेस बेहद हॉट लग रही हैं। जैकेट को हैले ने महज एक हुक से टाई किया है, जिसमें उनके क्लीवेज साफ नजर आ रहे हैं। वहीं अन्य एक सिल्वर और ब्लैक ऑफशोल्डर ड्रेस में भी एक्ट्रेस का बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है। अपने लुक से फैंस को इम्प्रेस करते हुए हैले कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक जबरदस्त पोज दे रही हैं। काम की बात करें तो हैली बीबर को आखिरी बार टीवी सीरीज डेव में देखा गया था, जिसमें उनके किरदार को खूब पसंद किया गया था।

संक्षिप्त समाचार

जैसलमेर में पाक हिंदू प्रवासियों को आवंटित होगी 40 बीघा जमीन

जैसलमेर (ईएमएस)। जैसलमेर के मूल सागर गांव में सरकारी जमीन से विस्थापित हुए पाकिस्तानी हिंदू प्रवासियों को अब 40 बीघा जमीन मिलेगी। जिला प्रशासन ने यह घोषणा की है। कुछ पाकिस्तानी प्रवासी अपने रिश्तेदारों के साथ सरकारी जमीन पर बने अस्थायी घरों में रह रहे थे, जिन्हें हाल ही में हटा दिया गया। भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस के नेताओं ने भी इस कदम का विरोध किया। इसके बाद जिलाधिकारी टीना डाबी ने इन प्रवासियों के लिए 40 बीघा सरकारी जमीन आवंटित करने का फैसला किया। हालांकि, यह जमीन केवल भारतीय नागरिकता वालों को ही मिलेगी। पार्टियों के नेताओं द्वारा उन्हें हटाने पर आपत्ति जताने के बाद कलेक्टर ने उनके लिए मुफ्त में भोजन, पानी और आवास की व्यवस्था की। ये शरणार्थी अभी रैन बसेरा में रह रहे हैं। उनके लिए भोजन की व्यवस्था इंदिरा रसोई में जिला प्रशासन द्वारा की गई है। सभी 50 परिवार इस समय रैन बसेरा में बसे हुए हैं। मूल सागर में नगरीय सुधार न्यास (यूआईटी) द्वारा भूमि आवंटन के बाद अब बहुत जल्द ये प्रवासी नए स्थान पर जाकर झोपड़ी बनाएंगे। नगर विकास न्यास के सचिव जगदीश आशिया ने बताया कि कलेक्टर डाबी के आदेश पर पाक शरणार्थियों के लिए जगह चिन्हित कर सात दिन में वहीं बसाने के निर्देश दिए। उनकी देखरेख में पाक शरणार्थियों को साथ लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। इसके बाद गांव में करीब 40 बीघा जमीन उनके लिए आरक्षित कर दी गई। यूआईटी अधिकारी ने बताया कि करीब 40 बीघा जमीन पर 250 परिवारों को बसाने की योजना है। जिन लोगों को भारतीय नागरिकता मिली है, उन्हें यूआईटी लीज पर देगी। वहीं जिन लोगों को अभी तक नागरिकता नहीं मिली है, उनका रिकॉर्ड इसी जगह पर रखा जाएगा और उनकी नागरिकता के लिए प्रयास किए जाएंगे। नागरिकता मिलते ही उन्हें जमीन के पट्टे भी दे दिए जाएंगे। फिलहाल ये 50 परिवार नए स्थान पर अपना घर बना सकते हैं।

राजद, द्रमुक और राकांपा ने नई संसद भवन उद्घाटन समारोह का बहिष्कार का फैसला किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस सहित विपक्ष के 19 दलों ने कहा कि वे संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह का सामूहिक बहिष्कार करने वाले हैं, क्योंकि इस सरकार में संसद से लोकतंत्र की आत्मा को निकाल दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उद्घाटन समारोह से दरकिनार कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संसद के नए भवन का उद्घाटन करने का फैसला लोकतंत्र पर सीधा हमला है। राजद (राष्ट्रीय जनता दल), द्रमुक और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) ने 28 मई को दिल्ली में नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा की। 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में कांग्रेस सहित और भी विपक्षी दलों के शामिल होने की संभावना है। सूत्रों ने कहा कि विपक्ष की इस मांग के बीच कि राष्ट्रपति को नए भवन का उद्घाटन करना चाहिए, समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों के नेताओं ने इस मुद्दे पर विचार-विमर्श किया और सदन के नेताओं द्वारा कार्यक्रम के संयुक्त बहिष्कार पर एक संयुक्त बयान जल्द ही जारी किया जा सकता है। राजद नेता मनोज झा ने कहा कि बहिष्कार एक एकजुट विपक्ष का संदेश है कि पीएम मोदी नए संसद भवन का उद्घाटन करना भारत के संविधान के खिलाफ है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नई संसद का उद्घाटन करना चाहिए। उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने कहा, सभी विपक्षी दलों ने 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने का फैसला किया है

राकांपा भी नहीं होगी शामिल

पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) 28 मई को दिल्ली में नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगी। पार्टी प्रवक्ता ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। राकांपा प्रवक्ता ने कहा कि राकांपा ने अन्य विपक्षी दलों के साथ मिलकर यह फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। तृणमूल कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को घोषणा की थी कि वे 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में हिस्सा नहीं लेंगी। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों की मांग है कि नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से कराया जाए। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने ट्वीट किया था, संसद सिर्फ एक नई इमारत नहीं है, यह पुरानी परंपराओं, मूल्यों, मिसालों और नियमों के साथ एक प्रतिष्ठान है, यह भारतीय लोकतंत्र की नींव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह बात नहीं समझते हैं। रविवार को नई इमारत का उद्घाटन उनके लिए सिर्फ मैं, मैं और मैं के बारे में है। इसलिए हमारी गिनती इससे बाहर करें। भाकपा महासचिव डी राजा ने कहा था कि उनकी पार्टी उद्घघाटन समारोह में शामिल नहीं होगी। 'आप' सांसद संजय सिंह ने ट्वीट किया था, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित न करना उनका घोर अपमान है। यह आदिवासियों का भी अपमान है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्रपति को आमंत्रित नहीं करने के विरोध में आम आदमी पार्टी उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करेगी।

व्यापार और निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन पर पीएम मोदी और अल्बनीज ने की बात

सिडनी/नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज ने बुधवार को द्विपक्षीय वार्ता की और रक्षा व सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग, व्यापार और निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, महत्वपूर्ण खनिज, शिक्षा, प्रवासन आदि विषयों पर बातचीत की। पीएमओ ने कहा कि द्विपक्षीय बैठक में पीएम मोदी के आगमन पर औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पीएमओ ने कहा कि दोनों नेताओं ने मार्च 2023 में नई दिल्ली में आयोजित शिखर सम्मेलन को याद किया और बहुआयामी भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और व्यापक व गहरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बयान में कहा गया है, चर्चा रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और निवेश, नई और नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, महत्वपूर्ण खनिजों, शिक्षा, प्रवास और गतिशीलता और लोगों के संबंधों में सहयोग पर केंद्रित थी। पीएम मोदी और अल्बनीज ने भारत-ऑस्ट्रेलिया प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी व्यवस्था (एमएमपीए) पर हस्ताक्षर करने का भी स्वागत किया, जो छात्रों, पेशेवरों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और अन्य लोगों की गतिशीलता की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने भारत-ऑस्ट्रेलिया हाइड्रोजन टास्क फोर्स के संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने का भी स्वागत किया, जो स्वच्छ हाइड्रोजन के निर्माण और तैनाती में तेजी लाने के अवसरों पर सलाह देगी, हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर, ईंधन कोशिकाओं पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ बुनियादी ढांचे और मानकों और विनियमों का समर्थन करेगी। इस बीच, अल्बनीज ने भारत की जी20 अध्यक्षता और पहलों के लिए ऑस्ट्रेलिया के मजबूत समर्थन को व्यक्त कर मोदी सितंबर में नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए अपने समकक्ष का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

कपड़ों से लेकर जूतों पर इंडियन स्टैंडर्ड नंबर दिखाई देगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। जल्द अब कपड़ों से लेकर जूतों पर इंडियन स्टैंडर्ड नंबर दिखाई देगा। केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय इन्हें अंतिम रूप दे रहा है, और जल्द ये लोगों के सामाने आ जाएंगे। इसका फायदा यह होगा कि कंपनियों की ओर से बनाए गए कपड़े और जूते भारतीयों को अच्छे से फिट आएंगे। मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू ब्रांड्स की ओर से कपड़ों के माप के लिए यूएस और यूके के स्टैंडर्ड का उपयोग होता है, जो कि स्मॉल, मीडियम और लार्ज होते हैं। कपड़ों और जूतों के लिए इंडियन स्टैंडर्ड आने का लाभ कंपनियों और ग्राहकों दोनों को होगा, क्योंकि पश्चिमी देशों में लंबाई और वजन में भारतीय के मुकाबले काफी अंतर होता है। इससे कंपनियां भारतीय ग्राहकों के हिसाब से कपड़े बना सकेगी और ग्राहकों को भी अपनी फिट के हिसाब से कपड़े और जूते मिल पाएंगे। जानकारी के मुताबिक, भारतीय मानक 3डी स्कैनर की मदद से तय किया जाएंगे। इसके लिए देश के छह शहरों दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, बेंगलुरु, शिलांग और हैदराबाद के 15 से 65 वर्ष के उम्र के 25,000 लोगों के माप को लिया गया है। 2018 में कपड़ा मंत्रालय की ओर से कहा गया था कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन तकनीक (एनआईएफटी) भारतीय साइज चार्ट को लेकर अध्ययन करेगा और इस पूरा होने में 2 से 3 साल का समय लगेगा। इस सर्वे की लागत करीब 31 करोड़ रुपये आनी थी, जिसमें से 21 करोड़ रुपये का योगदान कपड़ा मंत्रालय की ओर से दिया जाएगा, जबकि बाकी का योगदान एनआईएफटी करेगा। भारतीय के लिए इंडियन स्टैंडर्ड की मांग उद्योग की ओर से भी की जा रही थी। भारतीय के शरीर का आकार पश्चिमी देशों के लोगों के मुकाबले काफी अलग होता है। सबसे बड़ा अंतर इंडियन स्टैंडर्ड में कमर और पैरों के माप को लेकर होता है।

तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, चार की मौत, एक गंभीर घायल

मथुरा (ईएमएस)। उप्र के मथुरा जिले में बुधवार को तेज रफ्तार ईको कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी लोग महावन तहसील के बलदेव से मथुरा आ रहे थे। घटना थाना राया क्षेत्र के गांव पिलखुनि के पास का है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कार मे फंसे शवों को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। वहीं घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस ने मृतकों की पहचान अंकित पुत्र पवन कुमार, अचल पुत्र पैमा, आकाश पुत्र ओमवीर, योगेश पुत्र भरी सिंह के रूप में हुई है। घायलों की पहाचन भरत उर्फ रॉकी पुत्र शैलेंद्र के रूप में की है। जानकारी के मुताबिक बल्देव के रीड़ा मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय अंकित, योगेश और अंघाई गांव निवासी अचल और आकाश ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए वृंदावन आ रहे थे। इनके साथ भरत उर्फ रॉकी भी था। यह लोग जैसे ही अपनी इको कार से थाना राया क्षेत्र के पिलखुनी गांव के समीप पहुंचे की तभी सामने से आ रही एक बाइक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो कर पेड़ से टकरा गई। हादसे में अंकित, अचल, आकाश और योगेश की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि भरत गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शवों को गाड़ी से निकालकर पोस्टमॉर्टम हाउस भिजवा दिया।

आईपीएल की सट्टेबाजी से परिवार हुआ बर्बाद, बेटे ने की आत्महत्या

नागपुर (ईएमएस)। आईपीएल की सट्टेबाजी से एक परिवार पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। जहां बेटे ने आत्महत्या कर ली है वहीं मां ने भी गम में अपने प्राण त्याग ?दिए। गौरतलब है कि इन दिनों आईपीएल का जोश देश भर में देखने को मिल रहा है। इस दौरान खेल प्रेमी जहां आईपीएल के मैचों का मजा ले रहे है वहीं आईपीएल में सट्टेबाजी भी जारी है। मिली जानकारी के अनुसार मामला नागपुर में सामने आया है जहां सट्टे में पैसे लगाने के कारण एक पूरा परिवार बर्बाद हो गया। परिवार के दो लोग सट्टे के कारण मौत के मुंह में समा गए। दरअसल नागपुर के लकड़गंज के छपरूनगर में ये घटना हुई है जहां बेटे ने सट्टे में बड़ी रकम हारने के बाद मौत को गले लगा लिया।

बीजिंग में चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग और रुस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिसहुसटिन गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करते हुए।

सजा पूरी होने के बाद भी 500 से अधिक भारतीय पाक की जेलों में कैद

०आरटीआई में हुआ बड़ा खुलासा, सीएमचआरआई ने खोली पाकिस्तान की पोल

इस्लामाबाद (ईएमएस)। एक आरटीआई में बड़ा खुलासा हुआ है। इसमें 500 सौ भारतीय लोगों को पा ?किस्तान की जेलों में सजा पूरी होने के बाद भी बंद बताया जा रहा है।

हालांकि पाकिस्तानी जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में कराची की एक जेल में बंद 198 भारतीय मछुआरों के जत्थे को बीते 13 मई को वाघा सीमा पर भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया गया। हालांकि, सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत विदेश मंत्रालय (एमईए) से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, गैर-मछुआरों सहित 500 से अधिक अन्य भारतीय अपनी सजा की अवधि पूरी करने के बावजूद पड़ोसी देश की जेलों में बंद हैं। पिछले दो वर्षों में कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव (सीएचआरआई) के वेंकटेश नायक द्वारा दायर एक के बाद एक आरटीआई आवेदनों के जवाब में विदेश मंत्रालय ने कहा कि 455 मछुआरे- उनमें से सभी को 2018 से गिरफ्तार किया गया है और छह महिलाएं सहित 51 भारतीय कैदी (सिविल) या गैर -मछुआरे अब भी पाकिस्तान की जेलों में बंद हैं।

आंकड़ों से पता चलता है कि 2018 में 45 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि 2019 में 138, 2020 में 130, 2021 में 221 और 2022 में 120 को। 198 मछुआरों की रिहाई और अपनी रिहाई से एक सप्ताह एक की मौत के बाद, 455 मछुआरे अभी भी पड़ोसी देश में सलाखों के पीछे हैं। सभी मछुआरे कराची के लांधी शहर में बने मलीर जिला जेल और सुधार गृह में बंद हैं। पाकिस्तान मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कराची के मलीर जेल को अधिकतम 1800 कैदियों को रखने के लिए बनाया गया था। हालांकि, दिसंबर 2022 तक यहां 7000 कैदियों को रखा जा रहा है। सभी 455 मछुआरों को पाकिस्तान के मत्स्य अधिनियम, 1987 के तहत हिरासत में लिया गया है।

आरटीआई के आंकड़ों में कहा गया है कि 1 जनवरी तक पाकिस्तान की जेलों में बंद 51 'भारतीय कैदियों (सिविल)' में से नौ पर पाकिस्तान के आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम (ओएसए), 1923 के तहत आरोप लगाए गए हैं। नौ में से छह, जिन्हें ओएसए के तहत दोषी ठहराया गया है, अपनी सजा काट रहे हैं, जबकि दो अन्य विचाराधीन हैं। सीक्रेट एक्ट के तहत दोषी ठहराए गए नौ कैदियों में से एक ने दिसंबर 2021 में अपनी पांच साल की सजा पूरी कर ली, हालांकि, 1 जनवरी तक और उसके बाद से वह लाहौर के सेंट्रल जेल में ही है। आरटीआई डाटा से यह भी पता चलता है कि 2008 में भारत और पाकिस्तान द्वारा हस्ताक्षरित एक समझौते के बावजूद, कैदियों तक राजनयिक पहुंच में अक्सर देरी होती है।

उत्तराखंड में भारी बारिश ने बदल दी फिजां, आंधी-तूफान ने बढ़ाई मुसीबत

हल्द्वानी (ईएमएस)। उत्तराखंड में भारी बारिश का दौर शुरु हो गया है। यहां मौसम ने एक बार फिर से करवट बदल ली है। बीती रात से ही प्रदेश में मौसम ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। जहां एक ओर बुधवार को आसमान में बादल छाए रहे, तो वहीं मंगलवार रात को आंधी लोगों के लिए आफत बन गई। हालांकि मंगलवार देर रात बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली, जबकि अंधड़ आफत बन गई। रात में आई आंधी ने तबाही मचाई। कई पेड़ टूट कर गिर गए, किसी के घर की छत टूटी तो कहीं बिजली के खंभे उखड़ गए। हल्द्वानी में तेज अंधड़ से कई मकान क्षतिग्रस्त होने के समाचार मिले हैं। वहीं दूसरी ओर बिजली के खंभे भी टूट गए हैं। जानकारी के अनुसार पूरे शहर में बिजली सप्लाई ठप हो गई। जगह-जगह पेड़ गिरने से लोग रास्तों में फंसे रहे। रामपुर रोड पर देहरादून नंबर की कार के ऊपर विशालकाय पेड़ गिरने से चालक दब गया।

यहां पर देर रात तक पुलिस रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रही। मंगलवार रात करीब साढ़े 11 बजे मौसम ने अचानक करवट ली। तेज अंधड़ के साथ बारिश शुरू हो गई। अंधड़ से नैनीताल रोड, रामपुर रोड, बरेली रोड व कालाढूंगी रोड में कई विशालकाय पेड़ गिर गए। रास्तों में कई बस व छोटे वाहन फंस गए। अंधड़ तेज होने पर पुलिस और प्रशासन की टीम भी समय से नहीं पहुंच सकी। पुलिस के अनुसार देर रात रुद्रपुर से हल्द्वानी आने वाली सिडकुल की कई बसें भी रास्ते में पेड़ गिरने से फंसी रही।

ड्रैगन ने माइक्रोन चिप्स पर लगाई पांबदी, बाइडेन प्रशासन टेंशन में

वाशिंगटन (ईएमएस)। चीन की एक हरकत से अमेरिका टेंशन में आ गया है। साथ ही चीन की हरकत पर अमेरिका ने चिंता जाहिर की है। दरअसल चीन ने घरेलू उद्योगों में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के चिप्स की बिक्री को प्रतिबंधित कर दिया है। इसके बाद दो शक्तियों के बीच फिर से तू-तू मैं-मैं शुरू हो गई है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने इस लेकर चिंता व्यक्त कर कहा कि चीन ने कुछ घरेलू उद्योगों में माइक्रोन चिप्स की बिक्री को प्रतिबंधित किया है। मिलर ने कहा, हमें बहुत गंभीर चिंता है, कि चीन ने कुछ घरेलू उद्योगों में माइक्रोन चिप्स की बिक्री को प्रतिबंधित किया है। जैसा कि प्रौद्योगिकी को लेकर अमेरिका और चीन के बीच शक्ति का संघर्ष जारी है, चीन के साइबरस्पेस प्रशासन ने घोषणा की कि यूएस चिप फर्म साइबर सुरक्षा मूल्यांकन में विफल रही, इसकारण इस पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध को एक 'असंगत कार्रवाई' कहते हुए, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मिलर ने कहा, वाणिज्य विभाग हमारे विचार को स्पष्ट करने के लिए पीआरसी के साथ सीधे जुड़ रहा है। उन्होंने कहा, हमें बहुत गंभीर चिंता है कि पीआरसी ने घरेलू उद्योगों में माइक्रोन चिप्स की बिक्री को प्रतिबंधित कर दिया है। वहीं चीनी नियामक, सीएसी ने कहा, समीक्षा में पाया गया कि माइक्रोन के उत्पादों में अपेक्षाकृत गंभीर साइबर सुरक्षा जोखिम हैं, जो चीन की महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना आपूर्ति श्रृंखला के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा जोखिम पैदा करते हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करते हैं।

अपने दिल को देखकर काफी रोमांचक दिखी महिला

लंदन (ईएमएस)। एक महिला खुद के निकाले गए दिल का अवलोकन करने संग्रहालय पहुंची। यह पैतिस वर्षीय महिला लंदन के हैम्पशायर के रिगवुड की रहने वाली है। महिला यहां के हंटरियन संग्रहालय में प्रदर्शनी के लिए रखे अपने दिल को देखकर काफी रोमांचक दिखी। प्रदर्शनी में रखे इस दिल को देखकर महिला ने कहा कि यह उनके लिए 'अविश्वसनीय रूप से वास्तविक' था.महिला के दिल को जीवन रक्षक प्रत्यारोपण सर्जरी के दौरान निकाला गया था।अब महिला करीब 16 साल बाद इसको संग्रहालय में देखकर काफी अचंभित और खुश दिखी।महिला जेनिफर सटन ने उम्मीद जताई कि यह अंग दान को बढ़ावा देने में मदद करेगा, इसको 'सबसे बड़ा उपहार' बताया. जानकारी के मुताबिक महिला ने बताया कि वह अब एक व्यस्त, सक्रिय जीवन जी रही हैं और जब तक भव हो खुद को गतिशील रखने की योजना बना रही हैं।महिला सटन एक विश्वविद्यालय की छात्रा थीं, जब उन्होंने महसूस किया कि वे पहाड़ियों पर चलने जैसे सामान्य व्यायाम से जूझ रही हैं।उन्होंने जल्द ही प्रतिबंधात्मक कार्डियोमायोपैथी का उपचार किया।एक ऐसी स्थिति जो शरीर के चारों ओर रक्त पंप करने की हृदय की क्षमता को प्रतिबंधित करती है और उन्हें बताया गया कि अगर वह ट्रांसप्लांट नहीं करवाती हैं तो वह मर जाएंगी।रिपोर्ट के मुताबिक जब महिला की उम्र 22 साल थी तो उस समय उसका स्वास्थ्य तेजी के साथ बिगड़ता चला गया था और ट्रांसप्लांट कराने की वेटिंग लिस्ट में थी।ऐसे में जून, 2007 में इसके मैच होने की एक खबर मिली।सटन बेहद ही चिंतित थीं, क्योंकि जब वह 13 साल की थीं तो उनकी मां की सर्जरी के दौरान मौत हो गई थी.उन्होंने कहा कि मुझे ट्रांसप्लांट के बाद जागना और सोचना याद है, 'हे भगवान, वास्तव में मेरा नया जीवन है.' उन्होंने बताया कि मुझे इस बात का स्मरण है कि मैंने अपने परिवार के सदस्यों के साथ थोड़ा डबल थम्स अप डांस किया था और कह रही थी, 'मैंने इसे बनाया मैंने इसे बनाया.' उन्होंने रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स को अपने दिल का प्रदर्शन करने की अनुमति दी और अब यह होलबोर्न के संग्रहालय में सभी के देखने के लिए रखा है।उन्होंने यह भी कहा कि जिस मिनट आप पहली बार चलते हैं, आपको लगता है कि 'वह मेरे शरीर के अंदर हुआ करता था.'उन्होंने अंग दान के बाद बीते 16 सालों को बेहद ही शानदार बताया है।उन्होंने बताया कि स्टीफन लार्ज सर्जन थे जिन्होंने कैंब्रिजशायर के रॉयल पापवर्थ अस्पताल में उनका प्रत्यारोपण किया था।उन्होंने कहा कि एक साल के बाद अस्पताल में हृदय प्रत्यारोपण के लिए जीवित रहने की दर करीब 93 प्रतिशत थी और सटन की रिकवरी शानदार थी। अपनी भावना को व्यक्त करते हुए सटन ने कहा की लेकिन यह काफी अच्छा भी है - यह मेरे दोस्त जैसा है।इसने (दिल) मुझे 22 साल तक जीवित रखा और मुझे वास्तव में इस पर काफी गर्व है।मैंने अपने जीवनकाल में जार में बहुत सी चीजें देखी हैं लेकिन यह सोचना कि वास्तव में मेरा है बहुत अजीब और अविश्वसनीय है.सटन ने यह भी कहा कि वह अंगदान को बढ़ावा देने के लिए कुछ भी करना चाहती हैं।

अपने दिल को देखकर काफी रोमांचक दिखी महिला

- 16 साल पहले हुआ था हार्ट ट्रांसप्लांट

लंदन (ईएमएस)। एक महिला खुद के निकाले गए दिल का अवलोकन करने संग्रहालय पहुंची। यह पैतिस वर्षीय महिला लंदन के हैम्पशायर के रिगवुड की रहने वाली है। महिला यहां के हंटरियन संग्रहालय में प्रदर्शनी के लिए रखे अपने दिल को देखकर काफी रोमांचक दिखी। प्रदर्शनी में रखे इस दिल को देखकर महिला ने कहा कि यह उनके लिए 'अविश्वसनीय रूप से वास्तविक' था.महिला के दिल को जीवन रक्षक प्रत्यारोपण सर्जरी के दौरान निकाला गया था।अब महिला करीब 16 साल बाद इसको संग्रहालय में देखकर काफी अचंभित और खुश दिखी।महिला जेनिफर सटन ने उम्मीद जताई कि यह अंग दान को बढ़ावा देने में मदद करेगा, इसको 'सबसे बड़ा उपहार' बताया. जानकारी के मुताबिक महिला ने बताया कि वह अब एक व्यस्त, सक्रिय जीवन जी रही हैं और जब तक भव हो खुद को गतिशील रखने की योजना बना रही हैं।महिला सटन एक विश्वविद्यालय की छात्रा थीं, जब उन्होंने महसूस किया कि वे पहाड़ियों पर चलने जैसे सामान्य व्यायाम से जूझ रही हैं।उन्होंने जल्द ही प्रतिबंधात्मक कार्डियोमायोपैथी का उपचार किया।एक ऐसी स्थिति जो शरीर के चारों ओर रक्त पंप करने की हृदय की क्षमता को प्रतिबंधित करती है और उन्हें बताया गया कि अगर वह ट्रांसप्लांट नहीं करवाती हैं तो वह मर जाएंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक जब महिला की उम्र 22 साल थी तो उस समय उसका स्वास्थ्य तेजी के साथ बिगड़ता चला गया था और ट्रांसप्लांट कराने की वेटिंग लिस्ट में थी।ऐसे में जून, 2007 में इसके मैच होने की एक खबर मिली।सटन बेहद ही चिंतित थीं, क्योंकि जब वह 13 साल की थीं तो उनकी मां की सर्जरी के दौरान मौत हो गई थी.उन्होंने कहा कि मुझे ट्रांसप्लांट के बाद जागना और सोचना याद है, 'हे भगवान, वास्तव में मेरा नया जीवन है.' उन्होंने बताया कि मुझे इस बात का स्मरण है कि मैंने अपने परिवार के सदस्यों के साथ थोड़ा डबल थम्स अप डांस किया था और कह रही थी, 'मैंने इसे बनाया मैंने इसे बनाया.' उन्होंने रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स को अपने दिल का प्रदर्शन करने की अनुमति दी और अब यह होलबोर्न के संग्रहालय में सभी के देखने के लिए रखा है।उन्होंने यह भी कहा कि जिस मिनट आप पहली बार चलते हैं, आपको लगता है कि 'वह मेरे शरीर के अंदर हुआ करता था.'उन्होंने अंग दान के बाद बीते 16 सालों को बेहद ही शानदार बताया है।उन्होंने बताया कि स्टीफन लार्ज सर्जन थे जिन्होंने कैंब्रिजशायर के रॉयल पापवर्थ अस्पताल में उनका प्रत्यारोपण किया था।उन्होंने कहा कि एक साल के बाद अस्पताल में हृदय प्रत्यारोपण के लिए जीवित रहने की दर करीब 93 प्रतिशत थी और सटन की रिकवरी शानदार थी। अपनी भावना को व्यक्त करते हुए सटन ने कहा की लेकिन यह काफी अच्छा भी है - यह मेरे दोस्त जैसा है।इसने (दिल) मुझे 22 साल तक जीवित रखा और मुझे वास्तव में इस पर काफी गर्व है।मैंने अपने जीवनकाल में जार में बहुत सी चीजें देखी हैं लेकिन यह सोचना कि वास्तव में मेरा है बहुत अजीब और अविश्वसनीय है.सटन ने यह भी कहा कि वह अंगदान को बढ़ावा देने के लिए कुछ भी करना चाहती हैं।

रुस के बेलगोरोइड क्षेत्र में नजर आ रहा एक ध्वस्त सैन्य वाहन।

बच्चों के तलवे चाटने की आदत के कारण शख्स कई बार जा चुका है जेल

न्यूयार्क (ईएमएस)। अमेरिका में एक शख्स को बच्चों के तलवे चाटने का इस कदर शौक है कि इसकी वजह से वह 2 बार जेल जा चुका है, फिर भी नहीं मानता। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका के रहने वाले 26 साल के कॉरी रॉलिन्स को नौवें मामले में गिरफ्तार किया गया है। अभी 10 दिन पहले ही वह जेल से बाहर आया था। उस पर बच्चों के पैर चाटने का आरोप है।

पुलिस के मुताबिक, कुछ दिनों पहले रॉलिन्स ने एक बच्चे को फोन में पैरों की तस्वीर दिखाई। पूछा- क्या उसके पैर इस तस्वीर के जैसे हैं। लड़के ने कहा-नहीं, फिर रॉलिन्स ने पूछा कि क्या वह उसके पैर देख सकता है। यह सुनकर ही लड़का वहां से भाग निकला। बच्चे ने जाकर अपनी मां को सारी बातें बताईं। लड़के की मां ने रॉलिन्स के बारे में कहानियां सुन रखी थीं।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने चेताया कोरोना का खतरा टला नहीं, कहा आने वाली है कोरोना से भी खतरनाक महामारी

जेनेवा, (ईएमएस)। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने कोरोना के बाद अगली महामारी को लेकर चेतावनी जारी की है। डब्ल्यूएचओ के गवर्नर जनरल टेड्रोस एडनम घेब्रेयसस ने कहा कि दुनिया को अगले पेंडेमिक के लिए तैयार रहना चाहिए जो कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है। स्विटजरलैंड के जेनेवा में हुई 76वीं वर्ल्ड हेल्थ असेंबली की मीटिंग में डब्ल्यूएचओ ने अपनी रिपोर्ट पेश की। इस दौरान टेड्रोस ने कहा- कोरोना भले ही अब ग्लोबल इमरजेंसी नहीं है लेकिन इसका ये मतलब नहीं कि इससे अब कोई खतरा नहीं है। कोविड-19 का नया वैरिएंट कभी भी आ सकता है। ऐसा भी हो सकता है कि कोई नई बीमारी सामने आ जाए जो इससे कहीं ज्यादा खतरनाक हो। ऐसे में हमें अभी से तैयारी करनी होगी। मीटिंग में टेड्रोस ने कहा- कोविड-19 सदी की सबसे खतरनाक बीमारी रही। जब कोरोना आया तो हम इससे मुकाबले के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन दूसरी महामारी जरूर आएगी और हमें हर तरह से साथ मिलकर इसका सामना करना होगा। कोरोना के चलते करीब 70 लाख लोगों की मौत दर्ज की गई, जबकि वास्तविक आंकड़ा 2 करोड़ से ज्यादा हो सकता है। ये देखते हुए हमें अपने हेल्थ सेक्टर में जल्द से जल्द जरूरी बदलाव करने की जरूरत है। महामारी ने 2017 की वर्ल्ड हेल्थ असेंबली मीटिंग में घोषित ट्रिपल बिलियन लक्ष्यों की प्रगति को भी प्रभावित किया। टेड्रोस ने कहा कि भले ही कोरोना हमारे टारगेट के लिए बड़ा चैलेंज रहा लेकिन इससे हमें ये भी पता चला कि क्यों सस्टेनेबल गोल्स पर फोकस बनाए रखना जरूरी है। इस पीढ़ी में महामारी से समझौता नहीं करने की प्रतिबद्धता है क्योंकि यह वह लोग हैं, जिन्होंने अनुभव किया कि एक छोटा सा वायरस कितना भयानक हो सकता है। इससे पहले 5 मई को डब्ल्यूएचओ ने घोषणा की थी कि कोरोना अब ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी नहीं है। इसकी वजह तेजी से कम होते एक्टिव केस और मौत के आंकड़ों को बताया गया।

सिडनी में पीएम मोदी को दिया गार्ड ऑफ ऑनर भारत- ऑस्ट्रेलिया संबन्धों पर जताया भरोसा

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सिडनी में सेरेमोनियल गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। यहां पीएम मोदी ने बुधवार को सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में भारत के विदेश मंत्री (ईएएम) एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने भी भाग लिया। इस दौरान पीएम मोदी को बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एडमिरल्टी हाउस में सेरेमोनियल गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने सिडनी में एडमिरल्टी हाउस में आगंतुक पुस्तिका पर भी हस्ताक्षर किए। वहीं इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने ऑस्ट्रेल

संक्षिप्त समाचार

फोर्टिस हेल्थकेयर का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 59 फीसदी बढ़ा

मुंबई (ईएमएस)। फोर्टिस हेल्थकेयर ने मार्च तिमाही के परिणाम घोषित कर दिए हैं। अस्पताल कारोबार में मजबूत प्रदर्शन से मार्च तिमाही में फोर्टिस का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 59 फीसदी बढ़कर 138 करोड़ रुपये रहा। बता दें कि हेल्थकेयर प्रमुख ने वित्त वर्ष 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में 87 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। फोर्टिस हेल्थकेयर ने कहा कि कुल आय चौथी तिमाही में बढ़कर 1,656 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में 1,384 करोड़ रुपये थी। मार्च 2023 में समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी का नेट प्रॉफिट वित्त वर्ष 2021-22 के मुकाबले 790 करोड़ रुपये से घटकर 633 करोड़ रह गया। वहीं कंपनी का ईबीआईटीडीए में 25 फीसदी की बढ़त हुई है। कंपनी का हॉस्पिटल रेवेन्यू जो कुल आय का 80 फीसदी से अधिक है। बता दें कि रेवेन्यू 29.7 फीसदी साल-दर-साल बढ़कर 1,350 करोड़ रुपये हो गया है। डायग्नोस्टिक्स से कंपनी की इनकम 13.3 फीसदी साल दर साल घटकर 292 करोड़ रुपये हो गई। ऑक्यूपेंसी तिमाही और पूरे साल दोनों के लिए 67 फीसदी तक बढ़ गई है जो कि पिछले वित्त वर्ष में यह 59 फीसदी और 63 फीसदी था। कंपनी ने कहा कि उसके बोर्ड ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए एक रुपये प्रति शेयर के अंतिम डिविडेंड का ऐलान किया है। फोर्टिस हेल्थकेयर के चेयरमैन रवि राजगोपाल ने कहा कि अस्पताल का कारोबार सभी वित्तीय और ऑपरेटिंग पैरामीटर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि कंपनी का डायग्नोस्टिक्स कारोबार कोविड वॉल्यूम में गिरावट और उद्योग के चुनौतीपूर्ण माहौल से प्रभावित हुआ है, जो अभी भी बना हुआ है।

गो फर्स्ट को उड़ानों की फिर अनुमति देने से पहले ऑडिट करेगा डीजीसीए

नई दिल्ली (ईएमएस)। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) संकट में फंसी एयरलाइन कंपनी गो फर्स्ट को उड़ानों की फिर अनुमति देने से पहले उसकी तैयारियों का 'ऑडिट' करेगा। गो फर्स्ट द्वारा अपने कर्मचारियों को भेजी सूचना में इसकी जानकारी दी गई है। नकदी संकट से जूझ रही गो फर्स्ट की उड़ानें तीन मई से बंद हैं। फिलहाल एयरलाइन स्वैच्छिक दिवाला समाधान कार्यवाही में है।डीजीसीए के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एयरलाइन ने नियामक के कारण बताओ नोटिस का जवाब दे दिया है, जिससे संकेत मिलता है कि वह जल्द से जल्द उड़ानों को फिर से शुरू करने पर काम कर रही है। एयरलाइन ने मंगलवार को कर्मचारियों को भेज पत्र में कहा, डीजीसीए आने वाले दिनों में हमारी तैयारियों की जांच करने के लिए एक ऑडिट करेगा। गो फर्स्ट ने कहा कि सरकार ने बहुत सहयोग दिया है और एयरलाइन को जल्द से जल्द परिचालन शुरू करने के लिए कहा है। इसके अलावा कर्मचारियों को मंगलवार रात भेजी गई सूचना में कहा गया है कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने आश्वस्त किया है कि परिचालन शुरू होने से पहले कर्मचारियों का अप्रैल माह का वेतन उनके खातों में डाल दिया जाएगा। इसके अलावा आगामी महीने से वेतन का भुगतान हर महीने के पहले सप्ताह में किया जाएगा। यह सूचना गो फर्स्ट के परिचालन प्रमुख रजित रंजन ने कर्मचारियों को भेजी है।

लेनोवो इंडिया ने वित्त वर्ष 22-23 में 1.9 अरब डॉलर का राजस्व किया प्राप्त

मुंबई (ईएमएस)। उपभोक्ता प्रौद्योगिकी प्रमुख लेनोवो ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 22-23 में भारत में कुल 1.9 अरब डॉलर का राजस्व प्राप्त किया। उद्योग और वैश्विक अनिश्चितताओं के एक साल के बाद, लेनोवो ने कहा कि वह बाजार में स्थिरता के सकारात्मक संकेत देख रहा है। यह पीसी और स्मार्ट डिवाइस के बाजार में 2023 की दूसरी छमाही में साल-दर-साल वृद्धि की उम्मीद करता है। लेनोवो इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर शैलेंद्र कात्याल ने कहा, हम पीसी सेगमेंट में मंदी का अनुभव कर रहे हैं, सॉल्यूशंस एंड सर्विस ग्रुप (एसएसजी), मोटोरोला और इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस ग्रुप (आईएसजी) के हमारे विकास इंजनों ने मंदी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, हमने भारत में स्थानीय प्रतिभाओं और क्षमताओं के पोषण में निवेश कर इस वृद्धि का समर्थन किया है और भारत में 5 मिलियन से अधिक उत्पादों के साथ अपनी स्थानीय विनिर्माण उपस्थिति का विस्तार करना जारी रखा है। जहां डिवाइस मार्किट में नरमी के चलते ग्रुप रेवन्यू प्रभावित हुआ, वहीं नॉन-पीसी बिजनेस से रेवन्यू लगभग 40 प्रतिशत के वित्तीय वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिसे सॉल्यूशंस एंड सर्विसेज ग्रुप (एसएसजी) और इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस ग्रुप (आईएसजी) ने बढ़ावा दिया। ताजा आईडीसी रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पारंपरिक पीसी बाजार में, लेनोवो 37.5 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद 2023 की पहली तिमाही में 15.7 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

एप्पल ने ब्रॉडकॉम के साथ अरबों डॉलर के एग्रीमेंट की घोषणा की

सैन फ्रांसिस्को (ईएमएस)। एप्पल ने एफबीएआर फिल्टर और अत्याधुनिक वायरलेस कनेक्टिविटी कंपोनेंट्स सहित 5जी रेडियो फ्रीक्वेंसी कंपोनेंट्स को डेवलप करने के लिए अमेरिका स्थित टेक्नोलॉजी और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी ब्रॉडकॉम के साथ अरबों डॉलर के एग्रीमेंट की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, एफबीएआर फिल्टर को फोर्ट कॉलिन्स, कोलोराडो सहित कई प्रमुख अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी हब्स में डिजाइन और निर्मित किया जाएगा, जहां ब्रॉडकॉम की प्रमुख सुविधा है। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने कहा, एप्पल के सभी प्रोडक्ट अमेरिका में तैयार और निर्मित होते हैं और हम अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अपने निवेश को और मजबूत करना जारी रखने वाले हैं, क्योंकि अमेरिका के भविष्य में हमारा अटूट विश्वास है। इसके अलावा, कंपनी ने कहा कि एप्पल पहले से ही ब्रॉडकॉम के फोर्ट कॉलिन्स एफबीएआर फिल्टर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी में 1,100 से अधिक नौकरियों में मदद कर रहा है, और साझेदारी ब्रॉडकॉम को महत्वपूर्ण स्वचालन परियोजनाओं और तकनीशियनों और इंजीनियरों के साथ अपस्किलिंग में निवेश जारी रखने में सक्षम बनाएगी। देश भर में, एप्पल 2.7 मिलियन से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार देता है। 2020 में एप्पल डिवाइस के लिए 5जी टेक्नोलॉजी की शुरूआत के साथ, कंपनी ने देश भर में 5जी अपनाने में तेजी लाने में मदद की है, जिससे 5जी इनोवेशन का समर्थन करने वाली कंपनियों के लिए इनोवेशन और जॉब में वृद्धि हुई है।

ट्विटर में बग आने से परेशान हो रहे यूजर्स, दिख रहे डिलीटेड ट्वीट्स

मुंबई (ईएमएस)। सोशल मीडिया साइट्स ट्विटर पर फिर बग आ गया है और इस बार बग की वजह से कुछ यूजर्स को अतीत में डिलीट किए गए ट्वीट्स वापस प्रोफाइल पर दिखाई दे रहे हैं। कुछ यूजर्स को री-ट्वीट भी दिख रहा है। हालांकि, अभी इस पर कंपनी की ओर से कोई बयान नहीं दिया गया है। एक यूजर ने अपने ट्विटर अकाउंट के जरिए बताया कि उन्हें 2020 में डिलीट किए गए ट्वीट्स वापस दिखाई दे रहे हैं। यूजर ने लिखा कि आज सुबह जब मैंने अपना ट्विटर अकाउंट खोलकर देखा तो पाया कि पुराने डिलीट किए हुए ट्वीट्स वापस आ गए हैं। ट्विटर के पूर्व साइट रिलायबिलिटी इंजीनियर ने इस मामले पर कहा कि ऐसा लगता है कि जैसे ट्विटर ने डेटासेंटरों के बीच सर्वरों का एक बड़ा पार्ट स्थानांतरित किया हो और उन्हें नेटवर्क में फिर से डालने से पहले टोपोलॉजी को ठीक से समायोजित नहीं किया जिसकी वजह से पुराना डेटा वापस आ रहा है। ध्यान दें, आधिकारिक तौर पर अभी कंपनी की ओर से इस बारे में कोई जानकारी शेयर नहीं की गई है।

पांच जून से शुरु होगी एप्पल की वर्ल्डवाइड डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस

नई दिल्ली(ईएमएस)। एप्पल की वर्ल्डवाइड डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस आगामी पांच जून से शुरु होने वाली है। इसके ?लिए एप्पल ने अपने वार्षिक वर्ल्डवाइड डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस के लिए लाइनअप का अनावरण किया। यह लाइनअप डेवलपर्स को आईओएस, आईपैडओएस, मैकओएस, टीवीओएस और वॉचओएस में आने वाली नवीनतम तकनीकों, टूल्स और फ्रेमवर्क के बारे में जानने में मदद करेगा। सभी डेवलपर्स के लिए निःशुल्क डब्ल्यूडब्ल्यू डीसी-23 5 जून से 9 जून तक एक ऑनलाइन प्रारूप में होगा, जिसमें डेवलपर्स और छात्रों को ओपनिंग डे पर एप्पल पार्क में एक विशेष अनुभव में व्यक्तिगत रूप से जश्न मनाने का अवसर मिलेगा। एप्पल ने कहा, पूरे सप्ताह के दौरान डेवलपर्स अभिनव और प्लेटफॉर्म-अलग-अलग ऐप्स और गेम बनाने के मार्गदर्शन के लिए स्लैक में एक-एक-एक प्रयोगशालाओं और गतिविधियों के माध्यम से सीधे ऐप्पल इंजीनियरों और विशेषज्ञों से जुड़ने में सक्षम होंगे।

जिनेवा में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संगठन के सदस्य प्राइवेट जेट और और अन्य उड़ानों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

2,000 रुपये का नोट वापस लेने के फैसले का तरलता और ब्याज दरों पर प्रभाव पड़ेगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अध्ययन में कहा गया है कि 2,000 रुपये का नोट वापस लेने के रिजर्व बैंक के फैसले से तरलता, बैंक जमा और ब्याज दरों पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। दो हजार रुपये के नोट को बदलने या जमा करने के लिए 131 दिन का समय दिया गया है। नोट बदलने या जमा करने की शुरुआत मंगलवार से हो गई है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट 'इकोरैप' में कहा गया है कि 2,000 रुपये के नोट के तौर पर कुल 3.6 लाख रुपये की मुद्रा मौजूद है और यह पूरी राशि बैंकिंग प्रणाली में वापस आने की उम्मीद है। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि 2,000 रुपये के कुल नोट में से 10 से 15 प्रतिशत करेंसी चेस्ट में होगा।

जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज एनसीएलटी के खिलाफ एनसीएलएटी का दरवाजा खटखटाएगी

मुंबई (ईएमएस)। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) के 11 मई के ऑर्डर के खिलाफ नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) का दरवाजा खटखटाने के लिए तैयार है। रिपोर्ट के मुताबिक, एनसीएलटी के आदेश को इस आधार पर चुनौती दी जाएगी कि जी को अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया था, और तथ्य यह है कि एनसीएलटी के पास गैर-प्रतिस्पर्धी शुल्क जैसे मुद्दों पर निर्णय करने का अधिकार नहीं है। एनसीएलटी के ऑर्डर को एक या दो दिन में एनसीएलएटी के समक्ष चुनौती दी जाएगी। बता दें कि एनसीएलएटी की मुंबई पीठ ने 11 मई को अपने ऑर्डर में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बीएसई को निर्देश दिया कि वे जी-सोनी यूनियन के लिए अपनी-अपनी प्रारंभिक स्वीकृतियों पर पुनर्विचार करें और अगली सुनवाई से पहले अपडेटेड अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करें। एनसीएलटी के इस ऑर्डर से मीडिया कंपनियों के प्रस्तावित विलय में नई बाधाएं पैदा हो सकती हैं। न्यायिक सदस्य एचवी सुब्बा राव और तकनीकी सदस्य मधु सिन्हा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ अब 16 जून को मामले की सुनवाई करेगी। एनसीएलटी ने एक्सचेंजों को विलय के गैर-प्रतिस्पर्धी क्लॉज का पुनर्मूल्यांकन और वेरिफिकेशन करने का निर्देश दिया है। बता दें कि दोनों एक्सचेंजों (एनएसई और बीएसई) तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से पहले मंजूरी मिल गई थी।

कोर कमांडर के घर पर हमले की मास्टरमाइंड खदीजा शाह ने किया सरेंडर

इस्लामाबाद (ईएमएस)। पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की कट्टर समर्थक व लाहौर कॉर्प्स कमांडर हाउस पर हमले की मुख्य संदिग्ध खदीजा शाह ने सरेंडर कर ?दिया है। गौरतलब है ?कि इमरान खान को 9 मई को अल कादिर ट्रस्ट केस में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद पीटीआई समर्थकों ने पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किए थे। इस दौरान पूरे देश में जमकर हिंसा हुई थी। कुछ लोगों ने लाहौर में जिन्ना हाउस और अन्य सैन्य दफ्तरों को भी निशाना बनाया था। पाकिस्तान आर्मी ने खदीजा शाह को जिन्ना हाउस पर हमले का मास्टरमाइंड बताया। इसी बीच लाहौर कॉर्प्स कमांडर हाउस पर हमले की मुख्य संदिग्ध खदीजा शाह को लाहौर में गिरफ्तार कर लिया गया है। इस बात की पुष्टि पंजाब पुलिस ने की। पेशे से फैशन डिजाइनर ख़दीजा शाह दिवंगत सेनाध्यक्ष जनरल (आर) आसिफ नवाज जांजुआ की पोती हैं। वह पूर्व वित्त सलाहकार डॉ. सलमान शाह की बेटी हैं, जो पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ की वित्त टीम के सदस्य थे और उन्होंने उस्मान बुजदार सरकार के दौरान पंजाब सरकार में सलाहकार के रूप में भी काम किया था। शाह पर 9 मई की तबाही के दौरान लाहौर कॉर्प्स कमांडर के घर पर हमले का नेतृत्व करने का आरोप है।

बता दें कि इमरान खान को एक भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया था, इसलिए वह तब से छिपी हुई थी जब से अधिकारियों ने सार्वजनिक और सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ करने वालों पर कार्रवाई शुरू की थी। शाह एक पूर्व सेना प्रमुख की पोती भी हैं। पुलिस द्वारा उसके घर पर छापा मारने और उसके पति सहित परिवार के सदस्यों को हिरासत में लेने के बाद उसने रविवार को आत्मसमर्पण करने की घोषणा की। जानकारी के अनुसार जब पुलिस ने उसके घर पर छापा मारा तो वह पिछले दरवाजे से भाग गई थी। खदीजा शाह का एक ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस वीडियो में शाह ने बताया था कि पिछले कुछ दिनों में उनके परिवार को कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने ऑडियो में बताया कि वे पीटीआई समर्थक हैं और लाहौर कॉर्प्स कमांडर हाउस के बाहर विरोध प्रदर्शन का हिस्सा थी। खदीजा शाह ने स्वीकार किया कि वह एक पीटीआई समर्थक थी और उसने लाहौर कॉर्प्स कमांडर हाउस के बाहर विरोध प्रदर्शन में भाग लिया, लेकिन हिंसा भड़काने सहित किसी भी तरह के गलत काम से इनकार किया।

आरबीआई गर्वनर दास ने कहा..... 'महंगाई से जंग अभी खत्म नहीं हुई

नई दिल्ली (ईएमएस)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, हालांकि महंगाई हाल के दिनों में कम हुई है, लेकिन इसके खिलाफ भारत की जंग अभी भी जारी है और आत्मसंतोष के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा ब्याज दर में वृद्धि को रोकना उनके हाथ में नहीं है, यह उस समय की जमीनी स्थिति पर निर्भर करता है।

उन्होंने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के कार्यक्रममें कहा, 'महंगाई से जंग अभी खत्म नहीं हुई है। हमें सतर्क रहना होगा और आत्मसंतोष का कोई कारण नहीं है। हमें देखना होगा कि अल नीनो का प्रभाव कैसा रहता है।' उन्होंने कहा कि रिटेल महंगाई के अगले आंकड़े में महंगाई दर के घटकर 4.7 फीसदी से नीचे आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन और इसकी बैंकिंग प्रणाली के लचीलेपन के दम पर, 2022-23 के लिए देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि 7 फीसदी से अधिक हो सकती है। वित्त वर्ष 24 में, भारत की जीडीपी 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'यह आश्चर्य की बात नहीं होगी अगर पिछले साल की जीडीपी वृद्धि 7 फीसदी से थोड़ी अधिक आती है।' आरबीआई गर्वनर दास के अनुसार, भारत का कृषि क्षेत्र अच्छा कर रहा है, और केंद्रीय बैंक को सामान्य मॉनसून की उम्मीद है। इसके अलावा, सेवा क्षेत्र ने गति प्राप्त की है। विशेष रूप से सीमेंट और इस्पात क्षेत्रों में निजी निवेश के भी प्रमाण हैं। हालांकि, भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं, व्यापारिक निर्यात से खिंचाव, और अल नीनो की भविष्यवाणी कुछ नकारात्मक पहलू हैं। दास ने उपस्थित लोगों को भरोसा दिलाया कि पूंजी, तरलता की मजबूती स्थिति और संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार के साथ भारतीय बैंकिंग प्रणाली स्थिर और मजबूत बनी हुई है।

जियो का 5जी नेटवर्क ओडिशा के 200 से ज्यादा शहरों में उपलब्ध

भुवनेश्वर(ईएमएस)। जियो के 5जी नेटवर्क ने अपनी रफ्तार तेज कर ली है। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि जियो 5जी सर्विस अब सभी जिला मुख्यालयों के साथ-साथ ओडिशा के 200 से अधिक प्रमुख शहरों और कस्बों में उपलब्ध है। जियो के एक प्रवक्ता ने कहा, जियो राज्य में मोबाइल यूजर्स के लिए पसंदीदा ऑपरेटर है और सबसे पसंदीदा प्रौद्योगिकी ब्रांड है, और यह लॉन्च ओडिशा के लोगों खासकर युवाओं के लिए जियो की निरंतर प्रतिबद्धता का एक वसीयतनामा है। उन्होंने कहा कि पूरे ओडिशा में 5जी सर्विस को तेज गति से शुरू करके, जियो का लक्ष्य ओडिशा में अपने 5जी कवरेज को मजबूत करना और यूजर्स को प्रौद्योगिकी के परिवर्तनकारी लाभ प्रदान करना है। वर्तमान में, जियो यूजर्स इन सभी शहरों, कस्बों और गांवों में जियो वेलकम ऑफर का आनंद ले सकते हैं, जिसके तहत बिना किसी अतिरिक्त लागत के 1 जीबीपीएस प्लस स्पीड पर असीमित डेटा प्रदान किया जा रहा है।

टाटा समूह बनाएगा आईफोन, आईफोन 15 मॉडल के असेंबलिंग का ट्रायल कर रही

मुंबई (ईएमएस)। बाजार में जल्द ही आपको टाटा के बने आईफोन देखने को मिलने वाले हैं। दरअसल भारत में एपल का आईफोन बनाने वाली कंपनी विस्ट्रॉन ने अपना कामकाज समेट लिया है। एपल सप्लायर विस्ट्रॉन ने भारत में आईफोन का प्रोडक्शन बंद किया है। विस्ट्रॉन ने उस समय में भारत से अपने बिजनेस को समेट रही है, जब फॉक्सकॉन और पेगाट्रॉन भारत में एपल के ही प्रोडक्ट बनाने के लिए तेजी से अपने कारोबार को बढ़ा रही हैं। ताइवान की कंपनी विस्ट्रॉन का प्लांट बेंगलुरु के बाहर नरसापुरा में है। बेंगलुरु के पास कोलार में विस्ट्रॉन की आईफोन असेंबली यूनिट को टाटा ग्रुप को बेचने की तैयारी चल रही हैं। टाटा ग्रुप इस समय कोलार के विस्ट्रॉन आईफोन असेंबलिंग यूनिट में आईफोन 15 मॉडल की असेंबलिंग का ट्रायल कर रही है। एपल की शर्तों के आधार पर विस्ट्रॉन को यहां पर बिजनस करने पर मुनाफा नहीं हो रहा था। भारत में एपल के बिजनस के जरिए पैसा नहीं कमा पाने के बाद कंपनी अब अपने कारोबार को समेट रही है। बता दें कि विस्ट्रॉन ने साल 2008 में इंडियन मार्केट में अपना बिजनस शुरू किया था। कंपनी ने शुरू में लैपटॉप और पीसी आदि के लिए प्रोडक्ट को रिपेयर करने की यूनिट शुरू की थी। इसके बाद साल 2017 में कंपनी ने अपने बिजनस को आगे बढ़ाया और आईफोन बनाना शुरू किया।

टाटा ग्रुप अभी आईफोन 15 के मॉडल को असेंबल करने के लिए टेस्टिंग कर रहा है।

अमेजन ने एक बर्खास्त कर्मचारी को नौकरी पर वापस बुलाया

नई दिल्ली(ईएमएस)। अमेजन की एक कर्मचारी को चार महीने बाद वापस नौकरी पर बुलाया है। गौरतलब है कि उसे जनवरी में नौकरी से निकाल दिया गया था, अब वह कंपनी में वापस आ गई है। कम्पनी ने उसे चार महीने बाद ही महत्वपूर्ण भूमिका देकर वापस नौकरी पर रख लिया है। पेज सिपरियानी अमेरिका में स्थित अमेजन में प्रोडक्ट मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मार्केटिंग के तौर पर कपनी में वापसी की है। लिंक्डिन पर सिपरियानी ने लिखा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि सोमवार को मैंने सोशल मार्केटिंग टीम में अमेजन में वापसी की, वही टीम जिसमें मैं जनवरी में निकाले जाने से पहले थी। मुझे प्रोडक्ट मार्केटिंग मैनेजर के रूप में फिर से काम पर रखा गया।

पासवर्ड शेयरिंग पर नेटफ्लिक्स करेगा कार्रवाई, अतिरिक्त सदस्य जोड़ने के देने होंगे 8 डॉलर

नई दिल्ली (ईएमएस)। नेटफ्लिक्स पासवर्ड शेयरिंग पर कार्रवाई करने जा रहा है। अब प्रत्येक अतिरिक्त सदस्य, जो घर के बाहर सर्विस का इस्तेमाल कर सकता है, उसे हर महीने 7.99 डॉलर अतिरिक्त भुगतान करना होगा। स्ट्रीमिंग जायंट ने यूएस में पासवर्ड शेयरिंग करने पर कार्रवाई की घोषणा की। नेटफ्लिक्स ने मंगलवार देर रात एक बयान में कहा ?कि आज से, हम यह ईमेल उन सदस्यों को भेजेंगे, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में अपने घर के बाहर नेटफ्लिक्स शेयर कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि नेटफ्लिक्स अकाउंट एक घर के इस्तेमाल के लिए होता है। कंपनी ने बताया, उस घर में रहने वाला हर कोई नेटफ्लिक्स का उपयोग कहीं भी कर सकता है और नई सुविधाओं का लाभ उठा सकता है जैसे प्रोफाइल ट्रांसफर करना, एक्सेस और डिवाइस मैनज करना। जो लोग 4000 स्ट्रीमिंग के साथ नेटफ्लिक्स प्रीमियम पैकेज के लिए भुगतान करते हैं, उनके पास दो अतिरिक्त सदस्यों को जोड़ने का विकल्प होता है, लेकिन प्रत्येक के लिए अब 7.99 खर्च डॉलर होंगे। यूके में नेटफ्लिक्स प्रत्येक अतिरिक्त सदस्य के लिए ग्राहकों से हर महीने 4.99 पाउंड चार्ज करेगा। सबसे सस्ती योजनाओं (विज्ञापनों के साथ मूल या मानक, जिनकी कीमत क्रमशः 9.99 डॉलर और 6.99 डॉलर प्रति माह है) में इस समय अतिरिक्त सदस्यों को जोड़ने का विकल्प नहीं है। स्ट्रीमिंग जायंट ने फरवरी में कनाडा, न्यूजीलैंड, पुर्तगाल और स्पेन में पेड पासवर्ड-शेयरिंग का प्रयोग किया। नेटफ्लिक्स ने मूल रूप से इस साल की पहली तिमाही के दौरान अमेरिका में पेड शेयरिंग शुरू करने की योजना बनाई थी, लेकिन इसमें देरी हुई।

कंपनी ने अपनी पहली तिमाही 2023 की कमाई में कहा था, हम अमेरिका सहित, दूसरी तिमाही में एक व्यापक रोलआउट की योजना बना रहे हैं। कंपनी ने कहा, पेड शेयरिंग एक अन्य महत्वपूर्ण पहल है, क्योंकि व्यापक अकाउंट शेयरिंग हमारे भुगतान करने वाले सदस्यों के लिए नेटफ्लिक्स में निवेश करने और बेहतर बनाने के साथ-साथ हमारे व्यवसाय का निर्माण करने की क्षमता को कमजोर करता है।

अमेरिकी पत्रकार इवान गेर्शकोविच की गिरफ्तारी तीन महीने और बढ़ी

मॉस्को (ईएमएस)। रूस की एक अदालत ने अमेरिकी पत्रकार इवान गेर्शकोविच की गिरफ्तारी तीन महीने के लिए बढ़ा दी। गौरतलब है कि गेर्शकोविच शीत युद्ध के बाद जासूसी के आरोप में रूस में हिरासत में लिए जाने वाले पहले अमेरिकी संवाददाता हैं। इवान गेर्शकोविच (31) एक अमेरिकी नागरिक हैं, उन्हें 30 अगस्त तक हिरासत में रखने का आदेश दिया गया है। उन्हें रूस में एक रिपोर्टिंग यात्रा के दौरान जासूसी के आरोप में मार्च में गिरफ्तार किया गया था। वहीं गेर्शकोविच, उनके नियोक्ता और अमेरिकी सरकार ने उनके जासूस होने के आरोपों से इनकार किया है।हालांकि रूसी अधिकारियों ने इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है कि उनके पास गेर्शकोविच के खिलाफ जासूसी के आरोपों को साबित करने के लिए क्या सबूत हैं। मीडिया को विभिन्न विधिक कार्यवाहियों से दूर रखा गया है।

पट्टे पर विमान देने वाली कंपनियों के खिलाफ न्यायालय में कैविएट दाखिल

नई दिल्ली (ईएमएस)। गो फर्स्ट के निलंबित निदेशक मंडल ने विमान पट्टे पर देने वाली वाली चार कंपनियों के खिलाफ मंगलवार को उच्चतम न्यायालय के समक्ष कैविएट दाखिल किया। कैविएट याचिका दाखिल करने का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि उनकी बातों को सुने बिना उनके खिलाफ कोई आदेश पारित नहीं किया जाए। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार निलंबित निदेशक मंडल के चेयरमैन वरुण बेरी ने चार कैविएट आवेदन दाखिल किये हैं। पट्टे पर विमान देने वाली कंपनियों में एसएमबीसी एविएशन कैपिटल लि., जीवाई एविएशन, एसएफवी एयरक्राफ्ट होल्डिंग्स और इंजन लीजिंग फाइनेंस बी वी (ईएलएफसी) शा ?मिल हैं। इन कंपनियों के पास करीब 22 विमान हैं। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण के सोमवार को जारी आदेश के खिलाफ कैविएट दाखिल किये गये हैं। इसमें राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की दिल्ली पीठ के 10 मई को पारित आदेश को बरकरार रखा गया है। एनसीएलटी की प्रधान पीठ ने गो फर्स्ट की स्वैच्छिक ऋण शोधन समाधान कार्यवाही शुरू करने की अपील को स्वीकार कर लिया है। इधर न्यायाधिकरण ने मामले में अंतरिम समाधान पेशेवर भी नियुक्त किया। बेरी वाडिया समूह की दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली इकाई ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के कार्यकारी उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भी हैं। विमान पट्टे पर देने वाली कंपनियां गो फर्स्ट के खिलाफ ऋण शोधन कार्यवाही शुरू करने का विरोध कर रही हैं और अपने उन विमानों को वापस लेने की मांग कर रही हैं जिनके पट्टे 10 मई से पहले समाप्त कर दिये गये थे।

अदाणी ग्रीन एनर्जी जुटाएगी 1 अरब डॉलर

मुंबई (ईएमएस)। अदाणी ग्रीन एनर्जी क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से 6,150 करोड़ रुपये (750 मिलियन डॉलर) से 8,200 करोड़ रुपये (1 बिलियन डॉलर) जुटाने के लिए बोर्ड की मंजूरी लेने के लिए तैयार है। रिपोर्ट के मुताबिक, धन जुटाने की कवायद से परिचत लोगों ने इसकी जानकारी दी। अदाणी ग्रुप की दो कंपनियों अदाणी एंटरप्राइजेज और अदाणी ट्रांसमिशन को 13 मई को फंड जुटाने के लिए बोर्ड की मंजूरी मिल गई थी। अदाणी एंटरप्राइजेज 12,500 करोड़ रुपये और अदाणी ट्रांसमिशन 8,500 करोड़ रुपये जुटाएगी। धन जुटाने की यह कवायद विस्तार योजनाओं का समर्थन करने के लिए 'तीन साल की इक्विटी कुशन बनाने के अदाणी ग्रुप की योजना का हिस्सा है। ग्रुप ने पिछले साल इसकी जानकारी दी थी। अदाणी ग्रीन एनर्जी ने वर्ष 2021 को छोड़कर हर साल अपने बोर्ड से पूंजी जुटाने की अनुमति प्राप्त की है।

भारतीय मूल के युवक ने रची बाइडेन को मारने की साजिश, हिरासत में लिया

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति के सरकारी निवास व्हाइट हाउस के पास ट्रक से बैरियर को टक्कर मारने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। व्हाइट हाउस के पास सुरक्षा बैरियर में एक किराए के बॉक्स ट्रक को घुसाने वाले व्यक्ति की पहचान 19 वर्षीय भारतीय मूल के साई वर्शिथ कंडुला के रूप में हुई। गुप्त सेवा द्वारा हिरासत में लिए गए आरोपी पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की जान को नुकसान पहुंचाने की मंशा का आरोप है। यूएस पार्क पुलिस ने एक बयान में कहा कि कंडुला पर कई तरह के आरोप लगे हैं, जिनमें जान से मारने की धमकी देना, अपहरण करना या राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति या परिवार के किसी सदस्य को नुकसान पहुंचाना शामिल है। पुलिस ने कहा कि ट्रक के अंदर कोई हथियार नहीं मिला। हालांकि जांचकर्ताओं को ट्रक के अंदर से एक नाज़ी स्वस्तिक झंडा खींचते हुए देखा गया है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से कोई हताहत नहीं हुआ। इस बीच, रात 10 बजे से ठीक पहले दुर्घटना के समय राष्ट्रपति जो बाइडेन का सटीक स्थान स्पष्ट नहीं था। उन्होंने सोमवार शाम को व्हाइट हाउस में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी से मुलाकात की थी।इधर घटना को अंजाम देने वाले मिसौरी के एक व्यक्ति ने वाशिंगटन के लिए उड़ान भरी। फिर एक यू-हॉल ट्रक किराए पर लिया और सीधे व्हाइट हाउस चला गया, जहां उसने ट्रक को एक सुरक्षा बैरियर से टकरा दिया और सत्ता हड़पने की छह महीने की योजना की परिणति में नाजी झंडे को चारों ओर लहराने लगा। चार्जिंग दस्तावेज़ों के अनुसार, साई वार्शीथ कंदुला ने लाफायेट स्क्वायर के उत्तर की ओर बैरियर में बॉक्स ट्रक को तोड़कर शीघ्र ही एक बैकपैक से ध्वज को हटा दिया।

अनिल अंबानी की दिवालिया कंपनी में डूबेगा एलआईसी और ईपीएफओ का ज्यादातर पैसा

मुंबई (ईएमएस)। भारी कर्ज में डूबे अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल को कर्ज देने वाले बैंकों को भार

संक्षिप्त समाचार

दो पालियों की परीक्षा में 81030 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1350 अनुपस्थित

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्नातक एवं परास्नातक दो पालियों की परीक्षा में 81 हजार 30 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1350 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में 30 हजार 793 में से 567 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही द्वितीय पाली की परीक्षा में 50 हजार 237 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 783 अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि स्नातक एवं परास्नातक वार्षिक परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सचलदल द्वारा सख्ती की जा रही है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे की निगरानी की जा रही है।

145 करोड में नीलाम हुई टीपू सुल्तान की तलवार

नई दिल्ली (ईएमएस)। बोन्हम्स ने लंदन में टीपू सुल्तान की बेडचेंबर तलवार को नीलाम किया। 19 साल बाद इस तलवार की नीलामी की गई है। इसे 145 करोड रुपए में बेचा गया है। यह तलवार भगोड़े विजय माल्या के कलेक्शन का हिस्सा हुआ करती थी। 2018 में लंदन हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान विजय माल्या ने कहा था, कि इस तलवार के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इस तलवार को विजय माल्या ने 2004 में डेढ़ करोड़ रुपए में खरीदा था। 2016 में विजय माल्या की ग्लोबल ऐसेट जप्त करने के आर्डर के खिलाफ 13 भारतीय बैंकों के यूनियन ने, लंदन हाई कोर्ट में मामला दायर किया था। इस मामले में विजय माल्या ने कोर्ट में कहा था, कि तलवार उसके परिवार के लिए बेड लक लेकर आई है।

महिलाओं के साथ 10 करोड़ की धोखाधड़ी कर भागी कंपनी

शिवपुरी (ईएमएस)। महिलाओं को सेनेटरी पैड पैकिंग का काम देने के नाम पर, एक कंपनी ने 1600 महिलाओं से 10 करोड़ रुपए की ठगी करके फरार हो गई है। महिलाओं को जब इस ठगी का पता चला,तो उन्होंने कोतवाली थाने में जाकर 3 घंटे तक हंगामा मचाया। महिलाओं ने कोतवाली के बाद महिला थाने का घेराव कर दिया। पुलिस को बल प्रयोग कर महिलाओं को खदेड़ना पड़ा। महिलाएं इस बात पर अड़ी हुई थी, कि कंपनी के वकीलों को महिलाओं के हवाले कर दिया जाए। जब स्थिति बिगड़ी तो पुलिस ने उन्हें बाहर निकाल कर टैक्सी से रवाना किया।

सरकार के 25 करोड़ खर्च, यूपीएससी परीक्षा के लिए 1200 को प्रशिक्षण, नौकरी एक को भी नहीं?

भोपाल (ईएमएस)। योजनाओं के नाम पर सरकारी खजाने के धन को कैसे लूटा जाता है। इसका उदाहरण है, राज्य सरकार की एससी-एसटी बच्चों को आईएएस के लिए सिलेक्ट कराने की योजना का हाल है। राज्य सरकार ने बच्चों को आईएस बनाने के लिए दिल्ली के बाजीराव एवं अन्य कोचिंग संस्थाओं को कोचिंग दिलाने के नाम पर 25 करोड़ रुपए खर्च कर दिए। 1200 छात्रों ने प्रशिक्षण भी लिया। लेकिन एक भी छात्र यूपीएससी की परीक्षा में पास नहीं हो पाया। सरकार के खजाने से 25 करोड़ रुपए जरूर खर्च हो गए।

अम्बेडकरनगर में वेंटिलेटर का उद्घाटन

त्रिगुट संवाददाता

अम्बेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत श्री रमा पांडे मेमोरियल चिकित्सालय और मेटरनिटी होम अम्बेडकरनगर में वेंटिलेटर का उद्घाटन सदस्य विधान परिषद एवं पूर्व सांसद श्री हरिओम पांडेय जी एवं जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत शर्मा जी एवं परियोजना प्रमुख श्री बी0 सी0 पलेई ने किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष (मानव संसधान) श्री रजनीश खेतान एवं उप महाप्रबंधक श्रीमति मृणालिनी (मानव संसधान) उपस्थित रहे। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद एवं पूर्व सांसद श्री हरिओम पांडेय जी एनटीपीसी की नैगमिक सामाजिक दायित्व एवं सामुदायिक विकास की गतिविधियों की सराहना की। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि एनटीपीसी की उपस्थिति इस जिले के लिए वरदान है। कार्यक्रम में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक श्री बी.सी.पलेई ने कहा कि एनटीपीसी अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत अपने आसपास के क्षेत्र के लोगों के सभी आवश्यक जरुरतों को पूरा करनें के लिए प्रतिबद्ध है। एनटीपीसी के लिए स्वास्थ्य एक प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। पूर्व में हमने जिला चिकित्सालय में एक आक्सीजन प्लांट इस क्षेत्र के स्वास्थ्य के बुनियादी ढाचें को मजबूत करने और हमे किसी भी आकस्मिक स्थिति के लिए तैयार रखने के लिए लगवाया था7 आशा है कि यह वेंटिलेटर जिले के लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर चिकित्सालय एवं एनटीपीसी प्रबंधन के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

बहादुरा गांव में निर्माणाधीन गौशाला का एडीओ ने किया निरीक्षण

मोतीगंज गोंडा। नवाबगंज क्षेत्र के बहादुरा गांव में बन रहे गौशाला के कार्य का एडीओ पंचायत ने किया निरीक्षण गौशाला में बनेगी देशी खाद जल्द गौशाला का मिलेगा लोगों को लाभ निर्माण काम अंतिम चरण में काम में और दिखाये तेजी एडीओ पंचायत रविप्रकाश मिश्रा ने दी जानकारी। क्षेत्र के बहादुरा गांव में गौशाला निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है कार्य का निरीक्षण एडीओ पंचायत रविप्रकाश मिश्रा ने अपनी टीम के साथ किया इस दौरान सचिव पप्पू सिंह यादव व इंजीनियर से बात कर काम के पुरा होने और प्रगति रिपोर्ट लेकर काम में तेजी से कर पुरी तरीके से गौशाला शुरुआत करने का निर्देश दिया इस दौरान गौशाला में ही देशी खाद के बनाये जाने को लेकर स्थलीय निरीक्षण कर जमीन के चिंहांकन का काम कर शुरुआत कर दिया गया है गौशाला के बगल गाये से बने गौमूत्र व गोबर से बर्मी कंपोस्ट तैयार करने की शुरुआत कर दिया गया है इसके लिए एडीओ पंचायत रविप्रकाश मिश्रा ने जमीन का नाप जोख कराकर बेहतर करने तथा समय पर काम पुरा होने का दावा किया है उन्होंने बताया कि निर्माण काम अंतिम चरण में है इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि विजय सिंह आनंद तिवारी मस्तराम यादव सहित गांव के लोग भी मौजूद रहे

स्वयंसेवी संस्थाओं ने आयोजित किए सड़क सुरक्षा कार्यक्रम

त्रिगुट संवाददाता

तरबगंज। तहसील क्षेत्र की जागरूक स्वयंसेवी शिक्षण संस्थाओं की ओर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सचेतन लोक विकास संस्थान के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन थाना तरबगंज कस्बा सेझिया में किया गया। संस्था द्वारा स्कूल के छात्रों को यातायात के नियमों के बारे में बताया गया और नुक्कड़ नाटक कर लोगो को जागरूक किया गया। प्रभात फेरी के माध्यम से सड़क पर आने वाले जाने वाले वाहनों के चालको को रोककर सीट बेल्ट,और हेलमेट पहनने के लिए लोगो को जागरूक किया गया,तथा पम्पलेट हैंडबिल वितरित किया गया।

उधर प्रियदर्शिनी शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन जनपद के थाना वजीरगंज कस्बा दुर्जनपुर घाट बंधा चौराहा में किया गया। संस्था द्वारा स्कूल के छात्रों को यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, संस्था के पदाधिकारी गण,एवं बड़ी संख्या में वाहन चालक और स्कूल के छात्र उपस्थित रहें।

अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन पुल से टकराई डीसीए

मोतीगंज (गोंडा)। नवाबगंज कस्बे के कटी तिराहे पर निर्माणाधीन पुल के पिलर में एक डीसीएम मंगलवार की रात जा टकराया।स्थानीय लोगों ने बताया कि डीसीएम का ड्राइवर नशे में धुत था।

अरविंद नामक ड्राइवर डीसीएम पर पश्चिम बंगाल से कटहल लादकर बहराइच जा रहा था कि मंगलवार की रात करीब 11ः30 पर नवाबगंज कस्बे के कटी तिराहे के पास निर्माणाधीन पुल के पिलर में डीसीएम अनियंत्रित होकर जा टकरायी। शोर-शराबा सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पंहुचे और पुलिस को सूचना देने के साथ-साथ डीसीएम में फंसे ड्राइवर अरविंद और खलासी को बाहर निकाला। इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार डीसीएम का ड्राइवर और खलासी शराब के नशे में धुत थे।

दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु विकास खण्डवार लगाये जायेंगें स्वास्थ्य शिविर-सीएमओं

बलरामपुर। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के अनुपालन में मुख्य चिकित्साधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि दिव्यांगजनों के हितार्थ एवं विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थियों के चिन्हांकन हेतु विकास खण्डवार शिविर आायेजित किया जायेगा जिसमें स्वास्थ्य विभाग मेडिकल बोर्ड द्वारा शिविर में दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों हेतु 01 जून से 14 जून, 2023 तक विकास खण्डवार 11:00 बजे से 03:00 बजे तक दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें विकास खण्ड परिसर, बलरामपुर में 01 जून, हर्रैया-सतघरवा 02 जून, उतरौला 03 जून, गैण्डास बुजुर्ग 06 जून, रेहरा बाजार 07 जून, श्रीदत्तगंज 08 जून, तुलसीपुर 09 जून, गैंसड़ी 13 जून व पचपेड़वा 14 जून, 2023 को आयोजित किये जायेंगें, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारियों/कर्मचारियों की तिथिवार कैम्प लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।

हजरत लाल शहीद शाह बाबा का दो दिवसीय उर्स का शुभारम्भ

त्रिगुट संवाददाता

मोतीगंज (गोंडा)। नवाबगंज कस्बे और तीन गाँवों की सीमा पर स्थित कौमी एकता की मिसाल हजरत लाल शहीद शाह बाबा का दो दिवसीय उर्स कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच धूमधाम से संपन्न हुआ। सोमवार की सुबह हजरत लाल शहीद बाबा की मजार पर पूरे दस्तूर से गुलपोशी, फातिहा व कुरान खानी के साथ उर्स के प्रोग्राम की शुरुआत की गई ।

इस मौके पर हजारों की तादाद में अकीदत मंदो ने शिरकत करते हुए अपनी मनचाही तमन्ना पूरी होने की दुआ मांगी। शाम को तकरीरी प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय उलेमाओं व शायरों ने शिरकत की। प्रोग्राम में उलेमाओं ने कहा कि वलियों की दरगाह आपसी भाईचारे की मिशाल हैं। इस दौरान मुल्क में अमन, शांति, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी गई। उर्स के दूसरे दिन मंगलवार की सुबह से ही बाबा की मजार पर अकीदत मंदो की आमद शुरू हो गई। उन्होंने मजार पर शीरीनी व चादर चढ़ाकर मन्नतें मांगी। उर्स एकता कमेटी के संयोजन में रात में कव्वाली का आयोजन किया गया। प्रोग्राम की शुरुआत नगरपालिका अध्यक्ष डा. सत्येंद्र सिंह व सांसद कैसरगंज के भतीजे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुदीप भूषण शरण सिंह ने फीता काटकर की । कमेटी ने सभी अतिथियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। कव्वाली के पहले चक्र में कव्वाल शरीफ परवाज कानपुर ने अवधी कव्वाली ' हौव्वा लाईं हैं बधावा, आमना बी जरा खोलो केवडिया हो' ने समा बांध दिया। वहीं कव्वाला रुखसाना बानो बनारस ने प्यारे मुस्तफा की शान में बुलंदो वाला कलाम पेश किया। दूसरे चक्र में फनकारों की जुगल जोड़ी ने जवाबी कव्वाली का शानदार प्रदर्शन किया। फिल्मी धुन पर एक से बढ़कर एक गीत और गजल प्रस्तुत किया गया। जिसका श्रोताओं ने पूरी रात आनंद की गंगा में डुबकी लगाई। प्रातः काल प्यारे नबी पर सलाम पेश कर कार्यक्रम व उर्स का समापन किया गया। कमेटी के संरक्षक डा. सैयद हाफिज अली, शाबान अली हनफी, मोहम्मद इब्राहिम, फारुक रैनी, लालजी गुप्ता ने उर्स में आए सभी अतिथियों, अकीदत मंदो, श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर कायम अली, इब्राहिम, शमीम, निसार, भरत मोदनवाल, संजय सिंह, तबरेज उल हक, आयाज खान, डा. इकबाल अहमद, सोना किन्नर, सानिया किन्नर, भोलू भाई शाह पुर, इरशाद बाबू खान, मोईद राईन, सहित सैकड़ों की तादात में लोग मौजूद रहे।

सात दिवसीय वोटिंग/फीडबैक में थाना धानेपुर रहा अव्वल

थाना उमरी बेगमगंज रहा दुसरे स्थान पर

त्रिगुट संवाददाता

मोतीगंज गोण्डा - जनपद के थाना धानेपुर ने प्रथम,थाना उमरीबेगमग ने द्वितीय, थाना को0 देहात ने तृतीय, थाना खोड़ारे ने चतुर्थ व थाना कटराबाजार ने पांचवा स्थान किया प्राप्त। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर के निर्देशन में व पुलिस अधीक्षक गोंडा आकाश तोमर के नेतृत्व में दिनांक 11.05.2023 से दिनांक 17.05.2023 तक चलाए गए 07 दिवसीय पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम (डायरेक्ट पोल, ट्वीट पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, आईजीआरएस, एफआईआर पंजीकरण, पासपोर्ट/चरित्र सत्यापन) के संबंध में जनपद गोंडा के समस्त थानों की वोटिंग कराई गई थी जिसमे थाना धानेपुर के निवासियों ने वोटिंग कर थाना धानेपुर पुलिस की कार्यशैली की सराहना की तथा थाना धानेपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व थाना उमरीबेगमगंज ने द्वितीय स्थान, थाना को0 देहात ने तृतीय स्थान, थाना खोड़ारे ने चतुर्थ स्थान व थाना कटराबाजार ने पांचवा स्थान प्राप्त किया है।

समस्त थानों के लोगो द्वारा की गई वोटिंग/फीडबैक के लिए गोंडा पुलिस की ओर से सभी जनपद वासियों को धन्यवाद दिया गया।

निर्णाण कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न

अमरेन्द्र त्रिपाठी

बलरामपुर। जिलाधिकारी डा0 महेन्द्र कुमार द्वारा रु0 50 लाख से अधिक लागत की (सड़क को छोड़कर) अन्य निर्माण परियोजनाओं के निर्माणाधीन कार्यों(प्रगति) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यदायी संस्थाओं, विभागीय अधिकारियों के साथ की गयी। उन्होंने कहा कि समस्त कार्यदायी संस्थाएं निर्माण परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता व समय का ध्यान रखें तथा शतप्रतिशत कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाएं, वरना सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध कार्यवाही के लिए बाध्य होना पड़ेगा। साथ ही कहा कि जो भी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हो उसको सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर कर दिये जाए। उन्होंने कहा कि समस्त सम्बन्धित विभागीय अधिकारी निर्माण परियोजनाओं के निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता, निर्माण प्रगति की विजिट कर देंखें तथा रिपोर्ट करें। साथ ही कहा कि निर्माण कार्यों के लिए अनुपूरक बजट का मांग पत्र भेजवाना सुनिश्चित किया जाए जिससे ससमय निर्माण कार्य पूर्ण हो सके। जिलाधिकारी द्वारा उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम, बहराइच, जल निगम ग्रामीण/नगरीय, बलरामपुर, यू0पी0 सिडको, बलरामपुर, उ0प्र0 निर्माण सहकारी संघ लि0 गोण्डा, उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कार्पोरेशन लि0 निर्माण ईकाई-22 बहराईच, यू0पी0 सी0एल0डी0एफ0, बलरामपुर, पुलिस आवास निगम लि0, गोरखपुर, नगर पंचायत पचपेड़वा, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, गोण्डा, सी0एण्ड डी0एस0, बस्ती, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0 निर्माण ईकाई गोण्डा, अध्योध्या आदि रु0 555.59 करोड़ स्वीकृत लागत के सापेक्ष रु0 397.53 करोड़ कुल 66 परियोजनाओं/निर्माण कार्यों जिसमें पेयजल, पीएचसी0/सीएचसी, बालक/बालिका छात्रावास, राजकीय महाविद्यालय गैंसड़ी, रा0 पालीटेक्निक, रा0 आई0टी0आई0, राजकीय हाईस्कूल बनकटवा खुर्द पतझी, विद्युत निर्माण कार्य, सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान, मेमोरियल अस्पताल में ओपीडी निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की गयी तथा सम्बन्धित को ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

चिट्ठी ना कोई संदेश जाने वह कौन सा बैंक जहां तुम चले गए

7 वर्ष में ही हम लोगों को छोड़कर चला गया गुलाबी रंग का 2000 का नोट

मोहम्मद सुलेमान

गोंडा! 7 वर्ष मे हम सभी देशवासियों का साथ छोड़कर चला गया गुलाबी रंग का ?2000 का नोट लोग कर रहे हैं तरह-तरह की चर्चा कोई गाने के तर्ज पर तो कोई चुटकुले के तर्ज पर बता रहा है 2000 की कहानी नवंबर 2016 ने 2000 का नोट जब बाजार में आने लगा था सब लोग 2000 के नोट को देखने के लिए तरस रहे थे ऐसे ऐसे 2000 का नोट घड़ी के पास पहुंचने लगा लेकिन लोगों को क्या पता था कि 7 वर्ष में ही हम लोगों का साथ छोड़कर 2000 वाला गुलाबी नोट हम लोगों का साथ छोड़ कर चला जाएगा फिलहाल अभी इस रुपए की वैधता सितंबर माह 2023 तक है लेकिन लोग कह रहे हैं कि इतना जल्दी जाना सभी को खुला है कुछ लोग कह रहे हैं 3 नवंबर में आया 7 वर्ष तक हम लोगों के साथ रहा और अब हम लोगों को छोड़कर जा रहा है वहीं कुछ लोगों ने कहा कि अभी आए अभी बैठे अभी दामन ही संभाला कि तेरे इन जाऊं जाऊं ने हम सब का दिल निकाला कुछ लोग तो यह कह रहे हैं 7 वर्ष का साथ था हमारा तुम्हारा इसी प्रकार जिले वासी विभिन्न प्रकार के बातें कर रहे हैं और कह रहे हैं कि इससे पहले 1000 का नोट चल रहा था जो हम लोगों से एकाएक रूठ कर काफी दूर चला गया और अब देखने को नहीं मिलेगा वहीं कुछ लोगों ने कहा हो सकता है 2000 का नोट बंद हो गया है जो सितंबर माह तक चलेगा उसके बाद हजार का नोट आ जाए कुछ कहा नहीं जा सकता बहुत से लोग इस बात को मजाक में कह रहे हैं बहुत से लोग गमगीन होकर कह रहे हैं वैसे गरीबों के पास 2000 के नोट तो नहीं थे फिर भी जैसे ही यह सूचना पहले कि 2000 का नोट बंद हो रहा है सभी भटकते रह गए अभी भी बैंकों पर 2000 के नोट जमा हो रहे हैं जिसकी अंतिम सितंबर माह 2023 है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांकः– 1163/1ए दिनांक 20.05.2023

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में पंजीकृत निविदादाताओ से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा स्वीकृत की प्रत्याशा में आंमत्रित की जाती है ।

क्र0 सं0	जनपद/खण्ड का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 रहित) (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित)	पात्र ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
वित्तीय वर्ष 2023–24 में 1	गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड	पैच मरम्मत का कार्य। विधानसभा मेहनौन के अन्तर्गत प्रमुख जिला एवं अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	08.00	0.80	900	12 माह	ए,बी,सी,डी
2	गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड	विधानसभा मनकापुर के अन्तर्गत प्रमुख जिला एवं अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	08.00	0.80	900	12 माह	ए,बी,सी,डी
3	गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड	विधानसभा गौरा के अन्तर्गत प्रमुख जिला एवं अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	08.00	0.80	900	12 माह	ए,बी,सी,डी
4	गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड	विकासखण्ड मनकापुर के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो के पैच मरम्मत का कार्य।	10.00	1.00	900	12 माह	ए,बी,सी,डी
5	गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड	विकासखण्ड छपिया के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो के पैच मरम्मत का कार्य।	10.00	1.00	900	12 माह	ए,बी,सी,डी
6	गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड	विकासखण्ड बभनजोत के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो के पैच मरम्मत का कार्य।	10.00	1.00	900	12 माह	ए,बी,सी,डी
7	गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड	विकासखण्ड इटियाथोक के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो के पैच मरम्मत का कार्य।	10.00	1.00	900	12 माह	ए,बी,सी,डी
8	गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड	विकासखण्ड मुजेहना के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो के पैच मरम्मत का कार्य।	10.00	1.00	900	12 माह	ए,बी,सी,डी
9	गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड	विकासखण्ड रुपईडीह के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो के पैच मरम्मत का कार्य।	10.00	1.00	900	12 माह	ए,बी,सी,डी

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट– http://etender.up.nic.in पर दिनांक 29.05.2023 से 13.06.2023 को सांय 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 08.06.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 13.06.2023 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, को साथ ही साथ लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in साथ के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अंतिम तिथि 13.06.2023 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो तो उसे ई पोर्टल पर अपलोड कर दियाा जायेगा।

(पी.के.त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, गोण्डा

उ0प्र0-190038 दिनांक-24.05.2023
वेबसाइट-www.upgov.nic.in

कैलाश खेर के गीतों को सुनने उमड़ पड़ा जनसैलाब

त्रिगुट संवाददाता

श्रावस्ती। श्रावस्ती विकास एवं संरक्षण समिति के तत्वावधान में जनपद मुख्यालय भिनगा स्थित जिला पंचायत के निकट मैदान में 22 से 24 मई, 2023 तक चल रहे तीन दिवसीय ''श्रावस्ती महोत्सव'' के अन्तिम दिन बुधवार को समापन अवसर पर फिल्मी दुनिया के जाने माने गायक पद्मश्री से सम्मानित कैलाश खेर के गीतों को सुनने दर्शक दीर्घा में ऐतिहासिक जनसैलाब उमड़ पड़ा। यहां तक कि दर्शक दीर्घा के बाहर भी चारों तरफ दर्शकों/श्रोताओं का जमावड़ा लगा रहा।

दर्शक दीर्घा में बैठे माननीय जनप्रतिनिधिगण एवं उच्चाधिकारीगण कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते रहे। गायक कैलाश खेर द्वारा ''नी मैं जाणा जोगी दे नाल नी....'' से अपनी शुरूआत की, जिसकी वहां पर उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होने ''आओ जी...आओ जी....., तौबा-तौबा वे तेरी सूरत....., कैसे बताये की तुझको चाहें...., पिया के रंग रंगदी नी ओढ़नी...., कौन है वो कौन है कहां से वो आया...., तेरे नाम से जी लूं, तेरे नाम से मर जाऊं...., दौलत-शौहरत क्या करनी है, तेरे प्यार का सहारा काफी है...., जोबन छलके...., या रब्बा, दे दे कोई जान भी अगर...., आज पट्टे चक लेण दे...., अल्लाह के बन्दे हंस दे...., बम लहरी...., चक दे फत्ते...., सहित तमाम गीतों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान खचाखच भरे दर्शक दीर्घा में बैठे श्रोतागणों ने प्रसन्न होकर तालियों की गडगडाहट से कैलाश खेर का जोरदार उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर कैलाश खेर ने बेहतर मंच एवं बेहतर व्यवस्था देखकर जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

गायक कैलाश खेर एवं उनकी टीम को मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, मा0 विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय, मा0 विधायक भिनगा इंदाणी वर्मा, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने अंगवस्त्र एवं भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर उन्हे सम्मानित किया। इसके अलावा बाल कलाकार के रूप में आयी पर्णिका श्रीवास्तव एवं टीम ने भी कई गानों पर अपनी मनमोहक डांस प्रस्तुती कर लोगों का मनमोह लिया।

कार्यक्रम का समापन मा0 जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)डी0पी0 सिंह एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुभाष चन्द्र यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन दिल्ली से आयी मशहूर ऐंकर अल्का राय ने किया।

इस अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश श्री देवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, जिला महामंत्री रमन सिंह, अपर उपजिलाधिकारी भिनगा आशुतोष, उपजिलाधिकारी जमुनहा पी0के0 राय, उपजिलाधिकारी सालिकराम, दिवाकर शुक्ला सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण, व्यवस्था में लगे जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारीगण तथा भारी संख्या में जनसैलाब उपस्थित रहा।

RNI No. 46071/85
स्वत्वाधिकारी मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक **टी.रजा रिज़वी** ने विकास प्रिन्टिंग प्रेस, मालवीयनगर, गोण्डा से मुद्रण करवाकर 568, मालवीयनगर गोण्डा (उ0प्र0) 271001 से प्रकाशित किया।

गोण्डा कार्यालय
फोन/फैक्स–05262–230683
मो0– 09415120085
लखनऊ कार्यालय–
फोन– 0522–4028445
मो0– 09415249085
:- E-mail :-
trigutdainik@gmail.com